3 बस्तर संभाग
अंतागढ़ को जिला बनाने महाआंदोलन का...

6 अभिमत
डिजिटल स्तर पर करें भविष्य सुरक्षित

10 संस्कारधानी
पर्व के दौरान शहर में यातायात और पुलिसिया...

11 छत्तीसगढ़
पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से वार्ड 11 के ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 8 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 348 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में माओवादी नक्सली संगठन के सदस्यों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में एक ग्रामीण की तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उसूर थाना क्षेत्र के अतंर्गत गलगम में सोमलू माड़वी अपने ससुराल मे रुका हुआ था। कल देर रात नक्सली मौका पा कर घर पहुंच कर घर से बाहर निकाल कर तेज धार हथियार से उसकी हत्या कर दी। पुलिस वारदात स्थल पर पहुंच कर मामला की जांच की जा रही है।

### मुक्केबाज अमित और नीतू ने जीते स्वर्ण

**बर्मिंघम।** भारतीय मुक्केबाज़ अमित पंघल और नीतू घंघस ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारतीय मुक्केबाज़ी का परचम लहराते हुए अपने-अपने फाइनल जीतकर स्वर्ण हासिल किये। अमित पंघल ने पुरुष 51 किग्रा फाइनल में इंग्लैंड के कियेरेन मैकडॉनल्ड को मात देकर सोने का तमगा हासिल किया। गोल्डकोस्ट 2018 खेलों के सिल्वर मेडलिस्ट अमित ने मैच की शुरुआत से ही कियेरेन पर मुक्कों की बारिश कर दी और पहले राउंड में ही अपने विपक्षी को कई चोटें पहुंचायीं। दूसरे राउंड में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमित ने 4-0 के एकतरफा फैसले से स्वर्ण हासिल किया।

# जी-20, फसलों के विविधीकरण, उच्च शिक्षा पर शासी परिषद ने किया विमर्श

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद की सातवीं बैठक हुई जिसमें जी-20 सम्मेलन, फसलों के विविधीकरण, शहरी प्रशासन, उच्च शिक्षा और '2047 में भारत' पर गहन मंथन किया गया। बैठक के नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बैरी और अन्य सदस्यों ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बैठक में अगले वर्ष देश में होने वाली जी- 20 की बैठक के आयोजन और राज्यों की भूमिका पर भी विचार विमर्श किया गया।

इसके अलावा फसलों का विविधीकरण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, उच्च शिक्षा, शहरी प्रशासन, इंटरनेट कनेक्टिविटी और 'वर्ष 2047 में भारत' पर व्यापक रूप से विचार विमर्श किया गया। बैरी ने कहा कि अगला वर्ष 2023 भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस वर्ष भारत में जी-20 सम्मेलन का आयोजन भारत की अध्यक्षता में होगा। उन्होंने कहा कि बैठक में जी -20 सम्मेलन में राज्यों के योगदान पर चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि नयी शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर सभी राज्यों ने सहमति जताई है। बैठक में केंद्र और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के बीच संघवाद की भावना के अनुरूप माहौल बनाने, अमृत काल में देश की विकास यात्रा में चुनौतियों की पहचान करने और उनका समाधान तलाशने पर जोर





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नई दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल हुए।

दिया गया। बैठक के एजेंडे में तिलहन और दालों में आत्मनिर्भर बनना भी शामिल रहा। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री तथा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक शामिल हुए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक में भाग नहीं लिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर भी उपस्थित रहे। जुलाई 2019 के बाद से शासी परिषद की यह पहली बैठक है।

### अनाज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उनका प्रदेश अनाज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है तथा राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना और मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना लागू करने के साथ ही छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की सातवीं बैठक में बघेल ने बैठक से संबन्धित एजेंडा बिन्दुओं के अतिरिक्त राज्यहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में नीति आयोग ने छत्तीसगढ़ के जिलों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की है , लेकिन राज्य में संसाधनों की समस्याएँ अभी भी हैं और इनका समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण एवं दलहल, तिलहन की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन विकसित फसल क़िस्मों के निशुल्क बीज मिनी किट एवं ब्रीडर सीड बड़े पैमाने पर कृषि अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने राज्य में गोधन न्याय योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि, गोबर से तैयार हो रहे वर्मी कम्पोस्ट खेतों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है तथा यह किसानों के हित में बेहतर योजना है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना सहित अच्छी गुणवत्ता की अधोसंरचना, उपकरण, शैक्षिक तथा पाठ्यसहगामी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन पर चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने लगातार तीन वर्षों से राज्य स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल स्थान हासिल किया है। राज्य के शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में बेहतर कार्य किए गए हैं। उन्होंने शहरों के निकट स्थित ग्रामीण क्षेत्रों एवं 20 हजार से कम आबादी के शहरों में मनरेगा लागू किये जाने का सुझाव भी दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में जीएसटी क्षतिपूर्ति का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि जीएसटी कर प्रणाली से राज्यों को राजस्व की हानि हुई है। आगामी वर्ष में राज्य को लगभग 5000 करोड़ के राजस्व की हानि की भरपाई की व्यवस्था केंद्र द्वारा नहीं की गयी है, इसलिए जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान को जून 2022 के पश्चात भी आगामी पांच वर्षों के लिए जारी रखा जाये। वहीं विगत तीन वर्षों के केन्द्रीय बजट में छत्तीसगढ़ को केन्द्रीय करों में हिस्से की राशि 13,089 करोड़ कम प्राप्त हुए हैं , जिससे राज्य के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव की स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने केन्द्रीय करों के हिस्से की राशि पूर्णतः राज्य को दिये जाने की मांग की।

### नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना का किया जिक्र



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की सातवीं बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बैठक से संबन्धित एजेंडा बिन्दुओं के अतिरिक्त राज्यहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और विषयों पर अपनी बात रखी। वहीं, बैठक में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना का जिक्र भी किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ने विशेषकर गोधन न्याय योजना का जिक्र करते हुए कहा कि, गोबर से तैयार हो रहे वर्मी कम्पोस्ट खेतों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है द्य कहा यह किसानों के हित में अच्छी योजना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में नीति आयोग ने प्रदेश के आकांक्षी जिलों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की है। लेकिन राज्य में संसाधनों की समस्याएँ अभी भी हैं, जिनका समाधान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अनाज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है। फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना लागू करने के साथ ही छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन गठित किया गया है। बघेल ने सुझाव दिया कि फसल विविधीकरण एवं दलहल, तिलहन का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन विकसित फसल क़िस्मों के निःशुल्क बीज मिनी किट एवं ब्रीडर सीड बड़े पैमाने पर कृषि अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना सहित अच्छी गुणवत्ता की अधोसंरचना, उपकरण, शैक्षिक तथा पाठ्यसहगामी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश में बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत, तीन अन्य झुलसे

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com


मध्यप्रदेश के सतना, विदिशा और गुना जिलों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान बिजली गिरने की अलग अलग घटनाओं में नौ लोगों की मृत्यु हो गयी और तीन अन्य झुलस गए हैं। पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सतना में दो अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के पौंड़ी पतौरा गांव में हुयी, जहां बारिश से बचने के लिये एक पेड़ के नीचे खड़े तीन लोगों की बिजली गिरने के कारण मौत हो गयी। वहीं, दूसरी घटना जिले के कोठी थाना क्षेत्र के मनिहार गांव की है, जहां खेत पर काम के दौरान बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हो गयी। प्रशासन ने सभी चारों मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति की है। इसी प्रकार विदिशा जिले की बासौदा तहसील की ग्राम



पंचायत ग्रहणी के ग्राम आगासोद में बिजली गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो जाने की सूचना प्राप्त हुयी है। जिला कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृतकों के निकटतम परिजनों को आरबीसी के प्रावधानो के तहत चार-चार लाख रूपए की राशि जारी करने के निर्देश दिए हैं। बासौदा एसडीएम रोशन राय ने बताया कि बिजली गिरने से ग्राम आगासौद में जिन चार व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, उनमें गुड्डा आदिवासी, रामू आदिवासी, प्रभूलाल अहिरवार तथा ग्रहणी के गोलू बरेठा शामिल हैं। इसके अलावा गुना जिले में बिजली गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गयी और तीन अन्य महिलाएं झुलस गई हैं। घायलों को गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के बमौरी ब्लॉक के भौंरा गांव में लगभग एक दर्जन महिलाएं गांव में ही सोयाबीन की निदाई करने गई थीं। वहां बिजली गिरने की घटना में वह हादसे का शिकार हो गयीं।

### हथकरघा क्षेत्र समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर रविवार को देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हथकरघा क्षेत्र देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट् में कहा कि भारत का हथकरघा क्षेत्र हमारी समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन 1905 में शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन को मनाने और इस प्राचीन भारतीय कला को पुनर्जीवित करने के लिए 07 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित किया था। गृह मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य देशवासियों को स्वदेशी बुनकरों द्वारा बनाए गए हथकरघा उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। आइए इस 8वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर, अपनी हथकरघा विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने तथा अपने हथकरघा बुनकरों, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने के मोदी सरकार के संकल्प को मिलकर आगे बढ़ाएं।



**एसएसएलवी 34 मीटर लंबा है जो पीएसएलवी से लगभग 10 मीटर कम है**

# भारत के पहले छोटे उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (एसएसएलवी) ने उड़ान भरी

वार्ता ➤ श्रीहरिकोटा
www.dailypioneer.com

भारत के पहले छोटे उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (एसएलवी) ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस)-02 और एक सह-यात्री उपग्रह 'आजादीसैट ' के साथ सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से उड़ान भरी। तड़के 02.18 बजे शुरू हुई उल्टी गिनती के सात घंटे बाद सुबह 09.18 बजे एसएलवी ने एसढीएससी शार रेंज से सफलतापूर्वक उड़ान भरी।


इस मौके पर इसरो अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ , पूर्व इसरो अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन और के सिवन तथा मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक मौजूद रहे। राकेट के उड़ान भरने के साथ ही आसमान में नारंगी धुएं का गुबार उड़ता नजर आया और ऐसा लगा , जैसे इसने पृथ्वी को हिला दिया। एसएसएलवी 34 मीटर लंबा है जो पीएसएलवी से लगभग 10 मीटर कम है।



पीएसएलवी के 2.8 मीटर की तुलना में इसका व्यास दो मीटर है। एसएसएलवी का उत्थापन द्रव्यमान 120 टन है, जबकि पीएसएलवी का 320 टन है, जो 1,800 किलोग्राम तक के उपकरण ले जा सकता है।

### इसरो के पहले एसएसएलवी मिशन में टर्मिनल चरण में डेटा खोयाः सोमनाथ

इसरो अध्यक्ष डॉ.एस.सोमनाथ ने कहा है कि छोटे उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (एसएसएलवी) के उड़ान भरने के कुछ देर बाद एम तकनीकी अड़चन में इसका कुछ डाटा खो गया। डॉ सोमनाथ ने एसएसएलवी के उड़ान भरने के बाद मिशन कंट्रोल सेंटर के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि एसएसएलवी के तीनों चरणों का पृथक्क रण सामान्य रहा और उम्मीद के अनुरूप इसका प्रदर्शन रहा। लेकिन बाद में इसका डेटा खो गया। उन्होंने कहा कि उसउसएलवी की स्थिति जानने के लिए आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। इससे पहले तड़के 02.18 बजे शुरू हुई उल्टी गिनती के सात घंटे बाद सुबह 09.18 बजे एसएलवी ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) शार रेंज से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस)-02 और एक सह-यात्री उपग्रह 'आजादीसैट' के साथ उड़ान भरी। इस मौके पर इसरो अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ, पूर्व इसरो अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन और के सिवन तथा मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक मौजूद रहे। राकेट के उड़ान भरने के साथ ही आसमान में नारंगी धुएं का गुबार उड़ता नजर आया और ऐसा लगा , जैसे इसने पृथ्वी को हिला दिया।



# सीजी पीएससी में किया चौथा स्थान हासिल, पापा को किया फोन, पापा भावुक होकर बोलेः बेटा तूने मेरा सीना 5 इंच चौड़ा कर दिया

## मुझे हाउस वाइफ बनकर शादी नहीं करनी थी, मैंने तय किया था कि शादी तभी करूंगी जब मेरा सेलेक्शन हो जाएगा: शीतल बंसल

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com

बड़े व छोटे भैया का सेलेक्शन हो गया, मंझले भैया बिजनेसमैन हैं। अकेली बची मैं, जो तैयारी कर रही थी। एक प्रेशर अलग होता है जब आपके परिवार में सबका सेलेक्शन हो जाता है, आप उसी फील्ड में तैयारी कर रहे होते हो और जब आपका नही होता है। एक निराशा आती हैं। जब मेरा फर्स्ट अटेम्प्ट में नही हुआ। तब मैं बहुत उदास हुई थी। मैं रोई भी। तो बहुत सारी निगेटिव चीज़े आती हैं और एक महिला होने के नाते एक ये भी प्रेशर आता है कि चलो इसका नही हो रहा है तो शादी कर देते हैं। वो प्रेशर भी मैंने झेला हैं। हाउस वाइफको मैं निगेटिव सेंस में नही लेती, लेकिन मुझे हाउस वाइफ बनकर शादी नही करनी थी। शादी तभी करूंगी जब मेरा सेलेक्शन हो जाएगा। भैया ने भी बोला था, कि जब तक मेरा सेलेक्शन नही हो जाएगा, शादी नही कराएंगे। मुझे समझाया गाइड किया। फिर डेढ़ माह मैंने जी जान लगा दिया, की अगले में क्लियर करना है नही तो घर वाले शादी के देंगे। मेहनत की और रिजल्ट सकारात्मक आए। भैया लोगों ने मुझे बहुत गाइड किया। इंटरव्यू के दौरान छुट्टी लेकर आते थे, मुझे गाइड करते थे। जब मेरा रिजल्ट आया, मेरा 4th रैंक में सेलेक्शन हो गया। मैंने पापा को फ ोन कर पूछा, की आपको कैसा लगा रहा हैं..? तो पापा ने कहा जितनी मुझे बेटों के सेलेक्शन में खुशी नही हुई, उतनी तेरी सेलेक्शन में हुई। तूने मेरा सीना 5 इंच और चौड़ा कर दिया। ये कहना है डिप्टी कलेक्टर शीतल बंसल का। जिन्होंने अपने डिप्टी कलेक्टर बनने तक के सफर को 'पायनियर' से साझा किया।

**■ आपका फैमिली बैकग्राउंड क्या हैं..? और किस माहौल में आपका परिवेश हुआ हैं..??**



मेरा जन्म महासमुंद में हुआ है। मेरे परिवार में मेरे माता-पिता और तीन भाई हैं। बड़े भैया श्रवण बंसल आईआरएस हैं, रायपुर में ही पोस्टेड हैं, मेरी भाभी भी आईआरएस हैं। मंझले भैया मनीष बंसल बिजनेसमैन हैं, और सबसे छोटे भैया त्रिलोक बंसल कोरिया एसपी हैं। मेरे पापा एक टिम्बर व्यावसायिक थे। मेरी माँ समाजिक कार्यकर्ता हैं। मैं अपने तीन भाई नही बल्कि चार पिता मानती हूं, कि मेरे चार पिता हैं। क्योंकि 3 भाईयों के बाद मैं सबसे छोटी हूँ। मुझे हमेशा से उन्होंने बच्चे की तरह ही रखा। मेरे बड़े भाई ने मुझे हमेशा ही पिताजी की तरह ही प्यार दिया। आज जो भी हूँ उनमें उनका बड़ा योगदान हैं। जब छत्तीसगढ़ नया राज्य बना था, तो उनका पहला सेलेक्शन हुआ था। हम सभी उन्ही से इंस्पायर हुए। मेरी स्कूली शिक्षा महासमुंद से ही हुई। ग्रेजुएशन मैंने डीबी गर्ल्स कॉलेज से किया हैं। इसी दौरान मैं आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली चली गई थी। वहां पहले यूपीएससी की तैयारी की, उसमें मुझे सफलता नही मिली। तो मैंने सीजीपीएससी की तैयारी की। फर्स्ट अटेंप्ट में मेरी 274 रैंक आई थी, छत्तीसगढ़ पीएससी मे फिर सेकंड अटेंप्ट में 4th रैंक आई।

**■ आप किन-किन पदों पर रही हैं..?**

मेरी पहली पोस्टिंग डिप्टी कलेक्टर रायपुर हुई। इस दौरान जनपद सीईओ का प्रभार, नजूल अधिकारी, एसडीएम सिटी रही। कुछ समय तक एडिशनल तहसीलदार अभनपुर और यही सीईओ जनपद भी रही। उसके बाद एसडीएम आरंग रही। इसके बाद गरियाबंद में सीईओ जनपद मेरी पोस्टिंग हुई। उसके बाद एसडीएम छुरा रही और अभी वर्तमान में बालोद में डिप्टी कलेक्टर हूं।

**■ शुरू से ही प्रशासनिक सेवा में ही आना था..?**

पापाजी को शुगर था, तो मुझे लगता था, तो मुझे ऐसा लगता था कि मैं उनको एक ऐसा इंजेक्शन लगाऊ और उनका शुगर ठीक कर दू। बेटी होने के नाते मैं पापा के क्लोजनेस थी, तो बचपन से ये लगता था कि डॉक्टर बनू। और पापा को पूरा ठीक कर दू। फिर मेरा इंटरेस्ट मैथ्स में था। मैथ्स मेरा फेवरेट सब्जेक्ट हुआ करता था। एक बार सोचा इंजीनियरिंग करने का। लेकिन नही कर पाई। सीजीपीएससी देने के लिए पहली बार एलिजिबल 2016 में हुई थी। क्योकि नोटिफिकेशन पुराना होता हैं। 24 साल की उम्र में मैं नौकरी में आ गई थी। मैंने सेकंड एवं फाइनल ईयर में ही अपना सेलेब्स कम्प्लीट कर लिया था। जब लोगों को पता ही नही होता यूपीएससी का सेलेब्स क्या होता है.? उस समय मैंने उसकी तैयारी शुरू कर दी थी। इसका फायदा मुझे मिला।

**■ अनुविभागीय अधिकारी के तौर पर पहला चैलेंज क्या था..?**

पहला चैलेंज तो ये था कि मैं रायपुर में पदस्थ थी। जिसमें आरंग एक बड़ा ब्लॉक माना जाता हैं। माइनिंग एरिया भी ज्यादा है। एसडीएमशिप के रुप मे आरंग को एक डिफिकल्ट एरिया माना जाता हैं। चूंकि आरंग राजधानी के पास था तो प्रेशर भी होता हैं। फिर भी यहां एक्सपीरियंस काफी अच्छा रहा था। काफी अनुभव मिला। एसडीएम सिटी के दौरान कई लॉ इन ऑर्डर को भी फेस किए हैं। थलसेना भर्ती के दौरान भी काफी एक्सपीरियंस रहा, मैं नोडल थी। इलेक्शन के दौरान भी काफी कुछ सिखाम ईआरओ व काउंटिंग एआरओ के रूप भी काम किया। उस समय कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह सर ही मेरे आरओ थे। फिर इसके बाद निमोरा ट्रेनिंग के लिए चली गई थी।



**■ एक प्रशासनिक अधिकारी को कैसा होना चाहिए..?**

प्रॉब्लम सॉल्विंग होना चाहिए। जनता को अपना सेंटर मान उनके हित के लिए कार्य करना चाहिए। राजस्व अधिकारी के रुप में जनता के सीधे डेली रूटीन की चीजों को प्रभावित करती हैं। सबसे अधिक काम जनता को राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों से ही पड़ता हैं, जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक। जनता के हित को सर्वोपरि रखकर ईमानदारी से काम करना जरूरी हैं।




**■ चूंकि आप एक महिला हैं, अपने आसपास जब आप महिलाओं पर अत्याचार उत्पीड़न की ख़बरे सुनती हैं, तो क्या महसूस करती हैं..?**

किसी भी घटना में शिक्षा एक बड़ा कारण होता हैं। जरूरी नही है कि अशिक्षित लोग ही ऐसा करे। कई शिक्षित लोगों के साथ भी ऐसा होता हैं। महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही है, आर्थिक रूप से भी। धीरे-धीरे समाज बदलता हैं। शिक्षा इसका एक बड़ा कारण है, अगर सब शिक्षित होंगे, बचपन से हम नारी का सम्मान करने लगेंगे तो ये सब चीज़े कम हो जाएगी।

**■ राजस्व विभाग सबसे बड़ा विभाग माना जाता हैं, पर्याप्त अधिकारी-कर्मचारी भी हैं, फिर भी लोगों की समस्याओं का निराकरण समय पर नही होता..?**

देखिए, राजस्व एक कोर्ट के रूप में काम करता हैं। कोर्ट में हमेशा दो पक्ष होते हैं। एक जिसके पक्ष में निर्णय जाता है और दूसरा जिसके पक्ष में निर्णय नही जाता हैं। हम जब भी कोर्ट में बैठते है, तो यही कोशिश होती है कि निष्पक्ष रूप में हमारा डिसीजन हो। प्रयास हमारा यही होता है कि समस्या का तत्काल निराकरण हो जाए।

**■ पहली पोस्टिंग का एक्सपीरियंस कैसा रहा..?**

पहली पोस्टिंग मेरी रायपुर में थी, तो बड़ी चुनौती रही। मेरी पहली पोस्टिंग में मैंने बहुत मेहनत की। इस दौरान मेरे पास बहुत से प्रभार रहे। मेरा डिपार्टमेंटल एग्जाम नही हुआ था, बावजूद मुझे नजूल अधिकारी का चार्ज दिया गया। मेरे बड़े अधिकारियों ने मुझपर बहुत विश्वास जताया। बहुत अच्छा अनुभव रहा।

**■ सक्सेस मंत्र क्या हैं.?**

एक कविता मैं अपने वॉल पर लिखती थी, जब प्रिपरेशन के दौरान उतार चढ़ाव आते थे। 'लहरों से डरकर नौका पार नही होती, कोशिश करने वालो की कभी हार नही होती'.. 'नन्ही चींटी सौ बार चढ़ती हैं'...

**■ तीन भाई बहनों में सबसे छोटे, बचपन में कैसे थे..?**

हँसते हुए... बहुत लाड प्यार रहा। सेकंड ईयर में दिल्ली अकेले गई थी, कोई साथ नही था। बड़े भैया का सहयोग रहा। जब आप घर के परिवेश में होते हो और आप छोटे होते हो तो आप कुछ भी चीज़ खुद से नही कर पाते हो। आपको सब चीज़ करी कराई मिल जाती हैं।

**■ सफलता के क्या मायने हैं..?**

जब तक पढ़ाई कर रही थी तब तक एग्जाम क्लियर करना मेरे लिए सफ़लता थी, एग्जाम क्लियर किया तो, जो चीज़ो को सोचकर यहां तक पहुचे हो उसे पूरा करना सफलता मानती हूँ।

**■ आयडल कौन हैं..?**

जिनके कारण मैं यहां तक पहुची हूँ, उनको ही मैं अपना आयडल मानूँगी, मेरे भैया को। मुझे मोटिवेशन मेरे भाईयों से ही मिला हैं।

# केवट समाज महिला समिति ने मनाया सावन महोत्सव



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण में श्री राम जानकी चौबीस अवतार भगवान श्री केवट मंदिर में केवट निषाद समाज महिला समिति द्वारा सावन झूला महोत्सव का आयोजन किया गया भगवान श्री कृष्ण जी को सुसज्जित झूले में बैठाकर सभी श्रद्धालुओं ने झूला झुलाया सावन की पवित्र माह की आखरी सावन सोमवार के पूर्व शनिवार को मंदिर परिसर को आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया था। वही बोलबम कावरियों के लिए खीर प्रसाद की व्यवस्था किया गया मंदिर की गर्भ गृह में विराजित भगवान श्री राम जानकी जी एवं झूले में विराजित श्री कृष्ण जी की महाआरती किया गया। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष मेनका केवट,एवं नगर अध्यक्ष चंद्रानी केवट ने बताया की हर साल सावन माह में महिला समिति द्वारा सावन झूला आयोजन किया जाता है जिसमें समाज की सभी महिलाएं बढ़ चढ़कर भाग लिया करतीलहै और झूले का आनंद उठाती है। इस अवसर पर केवट महिला समाज से चंद्रानी केवट,मेनका केवट, सरोज केवट, सीता केवट, पूनम केवट, रत्ना केवट,नीलिमा केवट,मनीषा केवट, केंद्रीय संरक्षक डॉक्टर मनहरण केवट,सचिव विनय केवट, मीडिया प्रभारी नगर अध्यक्ष उग्रेश्वर गोपाल केवट, विकास केवट, तीज राम केवट सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# संबलपुर उप सरपंच ने छात्र-छात्राओं को बांटे चरण पादुकाएं

**भानुप्रतापपुर।** तहसील अंतर्गत आने वाला सबसे बड़े ग्राम, संबलपुर के उपसरपंच के द्वारा प्राथमिक शाला सतनामी पारा स्कूल के बच्चों को निशुल्क जूते उपलब्ध करार गए। ग्राम सम्बलपुर के सतनामी पारा में स्थित प्राथमिक शाला के 55 बच्चों को गांव के उप सरपंच गौरव चोपड़ा ने अपनी तरफ से चरण पादुका वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य में उप सरपंच के साथ गांव की सरपंच अनिता रावटे भी उपस्थित रही एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सभी पालकों के द्वारा इस पुनित कार्य के लिए गांव के उप सरपंच गौरव चोपड़ा को आशीर्वाद दिया गया और शाला परिवार की ओर से धन्यवाद कहा गया। गौरव चोपड़ा ने बताया कि उन्होंने देखा कि अधिकांश बच्चों के पैरों में जूते चप्पलें नहीं थीं। यह सारे बच्चे बारिश के इस मौसम में भी नंगे पांव स्कूल आते थे, जिससे कीचड़ पानी से इनके पैरों में बारिश के पानी से बीमारी होने की आशंका बढ़ गई थी, इसलिए सारे बच्चों को चरण पादुका दिया गया है।



# खूंटाघाट और घोंघा बांध से सिंचाई के लिए छोड़ा पानी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के खूंटाघाट और घोंघा बांध से रविवार को सिंचाई के लिए पानी छोड़ दिया गया। नहर में पानी प्रवाहित होने की खबर सुनकर किसानों और जनप्रतिनिधियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इससे मस्तूरी एवं बिल्हा के 208 गांव के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी। इस अवसर पर अरुण चौहान, अध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर, अंकित गौरहा सभापति जिला पंचायत, राजेश्वर भार्गव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर, विनोद ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष मस्तूरी, सुभाष अग्रवाल, मदन कहरा, रतनपुर, डी जायसवाल अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई विभाग, और के के शुक्ला सहायक अभियंता सिंचाई विभाग सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसके पहले क्षेत्र में अल्प वर्षा के मद्देनजर प्रशासन ने खूंटाघाट एवं घोंघा जलाशय से खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए रविवार 7 अगस्त को पानी छोड़ने की घोषणा की थी । जल संसाधन विभाग द्वारा आज सुबह 8 बजे नहरों के कपाट खोल दिये। इससे मस्तूरी एवं बिल्हा विकासखण्ड के 208 गांवों में अल्प वर्षा से प्रभावित फसलों को जीवनदान मिलेगा। खेती-किसानी के कार्यों को गति मिलेगी। बताया गया कि खूंटाघाट जलाशय में वर्तमान में 88 प्रतिशत एवं घोंघा जलाशय में 59 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है। इससे पूर्व कमिश्नर डॉ संजय अलंग एवं कलेक्टर सौरभकुमार ने स्वयं मस्तूरी तहसील के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर फसलों की स्थिति का अवलोकन किया था। जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने जलाशयों से पानी छोड़ने की मांग रखी थी। जल संसाधन विभाग खारंग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि खूंटाघाट जलाशय के बांयी एवं दायी दोनों तट नहरों तथा घोंघा जलाशय की नहरों से पानी छोड़ा गया। मुख्य नहर की वितरक शाखा एवं उप-शाखा नहरों में उनकी क्षमता के अनुरूप सिंचाई के लिए पानी दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्य नहर के अंतिम छोर तक निर्बाध सिंचाई हेतु मैदानी अमलों को दिन-रात पेट्रोलिंग के निर्देश दिये गये हैं। क्षेत्र के किसानों से सहयोग की अपील की गई है कि वे पानी एवं नहर को सुरक्षित रखते हुये जरूरत के मुताबिक ही पानी का उपयोग करें। मछली मारने वालों एवं अन्य असामाजिक किस्म के लोगों द्वारा रात में नहर के पानी को हेडअप कर रोकने की प्रवृत्ति को देखते हुए रात में भी पेट्रोलिंग की जाएगी।



# भारत जोड़ों यात्रा पर विधायक नाग की बड़ी बैठक

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में पूरे देशभर में 9 से 15 अगस्त 2022 तक ''भारत जोड़ो यात्रा'' के आयोजन का निर्णय लिया है । छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश के सभी विधानसभाओं में 75 किमी लम्बी पद यात्रा का आयोजन होगा । समापन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला और प्रदेश मुख्यालय में भव्य समारोह में होगा। इसी तर्ज पर आज अंतागढ़ विधायक एवं भारत जोड़ों पदयात्रा के विधानसभा प्रभारी अनूप नाग की अध्यक्षता में अंतागढ़ के सभी कांग्रेसी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के संग भारत जोड़ों तिरंगा यात्रा पर चर्चा हुई । विधायक नाग ने बैठक में अवगत कराया कि भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर 3500 कि.मी. की ''भारत जोड़ों तिरंगा यात्रा'' पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक आयोजित की जायेगी। विधायक नाग ने कहा कि भाजपाइयों द्वारा आज माहौल बनाया जा रहा है कि कांग्रेस कमजोर हो गई है परन्तु देश की स्वतंत्रता से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी का लम्बा स्वर्णिम इतिहास है।



**भारत का इतिहास ही कांग्रेस का इतिहास : विधायक नाग-** नाग ने आगे कहा कि आज देश का सामाजिक ताना-बाना खत्म किया जा रहा है। देश में आज धर्म मजहब की राजनीति की जा रही है, देश किसी एक मजहब का नहीं है देश की आजादी के लिए सबने मिलकर अपना खून-पसीना बहाया है तथा जो भारत का इतिहास है वही कांग्रेस का इतिहास है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह समय घर बैठने का नहीं है हमें विस्तृत रूप रेखा बनाकर भाजपा की विनाशकारी नीतियों को हराना है।

**जनता के दुःख दर्द से भाजपा को कोई सरोकार नहीं : चंदेल-** ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश चंदेल ने कहा कि आज धर्म को आपस में लडाने की राजनीति हो रही है। जनता के दुःख दर्द से भाजपा को कोई सरोकार नहीं है। भाजपा के शासन से समाज का हर वर्ग अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है।

**केंद्र सरकार को करेंगे कटघरे में खड़ा : ठक्कर-** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकेश ठक्कर ने कहा कि हमे गुजरी हुई बाते भूलकर एकजुटता के साथ केंद्र सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाकर केंद्र की भाजपा सरकार को कटघरे में खडा करने की जरूरत है।

# तहसील पतजंलि योग समिती ने गांवों में औषधीय पौधे बांटे

**भानुप्रतापपुर।** आज के आधुनिक युग में आयुर्वेद को मॉडल मेडिकल पैरामीटर्स के अनुरूप प्रतिपादित करने वाले आचार्य बालकृष्ण पतजंलि के 50वें जन्मदिवस जड़ीबूटी दिवस पर तहसील पतजंलि योग समिती के द्वारा क्षेत्र के गांवों में औषधीय पौधे गिलोय, निर्गुन्डी, एलोवेरा आदि वितरण कर उनके औषधीय गुणों के बारे में बताया गया साथ ही योगशाला बसन्तनगर में दीपप्रज्वलन और मिठाई बाँटकर हर्षोल्लास के साथ आचार्य जी का जन्मउत्सव मनाकर आसपास के ओषधीय पौधे की व्यापक प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू, सचिव योगेश्वर सिन्हा, सहसचिव सुरेश साहू, सावित्री श्रीवास्तव, लीलाधर यदु आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।






# अंतागढ़ को जिला बनाने महाआंदोलन का आगाज मसीह समाज के सैकड़ों लोग पहुंचे रैली करने

पायनियर संवाददाता < अन्तागढ़
www.dailypioneer.com



अंतागढ़ जिला बनाओ अब जन आंदोलन बन चुका है जिसमें अब हर वर्ग हर समाज अपना समर्थन दे रहा है आंदोलन के तीसरे दिन मसीह समाज ने अपना समर्थन दिया मसीह समाज द्वारा आज शहीद वीर नारायण चौक स्थित धरना स्थल मैं सैकड़ों की संख्या में पहुंचे जहां मसीह समाज द्वारा सभा को संबोधित करते हुए सभी ने एक स्वर में अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग की बता दें कि आज मसीह समाज द्वारा धरना स्थल से राजीव गांधी चौक तक रैली का आयोजन कर अंतागढ़ को जिला बनाओ के नारे लगाते हुए राजीव गांधी चौक पहुंचे जहां उनके द्वारा भारी गूंज के साथ नारेबाजी करते हुए बस्तर कमिश्नर को अपना ज्ञापन सौंपा देखते बारिश में निकाली रैली ज्ञात हो कि रैली के दौरान बारिश भी हो रही थी लेकिन मसीह समाज द्वारा रैली को टालना उचित नहीं समझा और भीगते ही बारिश में रैली निकाली।

समाज अध्यक्ष जेपी राय का कहना था कि कि हमारा तहसील ब्रिटिश कालीन है जिसे जिला का दर्जा तो बहुत पहले ही मिल जाना था लेकिन जिला का दर्जा नहीं मिल पाने के कारण हम सब क्षेत्रवासियों को पिछले 15 वर्षों से आंदोलन करना पड़ रहा है और हमारा समाज इसका पूरा समर्थन करता है और हम मांग करते हैं कि जल्द ही अंतागढ़ को जिला का दर्जा मिले समाज सचिव अर्जुन उसेंडी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है जिसमें शासन प्रशासन का पहुंच नहीं है जिसके चलते हम क्षेत्रवासी विकास की आस लिए अंतागढ़ को जिला बनाने में जुटे हैं हमारा समाज भी चाहता है कि अंतागढ़ जिला बने और क्षेत्र का विकास हो। जिला निर्माण समिति के सदस्य संतराम सलाम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग का संघर्ष काफ़ी लम्बा है। क्षेत्रवासियों के द्वारा पिछले मैराथन धरना प्रदर्शन के बाद अंतागढ़ को एडिशनल कलेक्टर और एडिशनल ह्यश्च मिला तों है, लेकिन हमारी मांग को स्वतंत्र जिला बनाने की माँग है। और हमारी लड़ाई तभी खत्म होगा ज़ब अंतागढ़ को जिला बनाया जायेगा। तब तक संघर्ष जारी रहेगा।बद्री गावड़े जनपद अध्यक्ष और जिला निर्माण समिति संरक्षक ने कहा अंतागढ़ को जिला बनाने कई दशकों से क्षेत्रवासी सड़क की लड़ाई लड़ रहे है लेकिन आज तक शासन के द्वारा कोई पहल नहीं हुआ है जो बहुत हीं दुर्भाग्य है। अंतागढ़ को जिला बनाने के लिए पिछले 2021 में लगातार 150 दिन आंदोलन चला था, बावजूद सरकार अंतागढ़ को जिला बनाने कोई निर्णय नहीं ले रहे है। अब पुनः जनांदोलन की शुरुआत किये है जो अब आरपार की लड़ाई लड़ी जायेगा। ज्ञापन सौंपते वक्त बस्तर कमिश्नर से मांग की गई कि अंतागढ़ को जल्द ही जिला बनाया जाए इस अवसर पर जे पी राय मसीह समाज अध्यक्ष , अर्जुन उसेंडी सचिव , धर्मसिंह बघेल , चम्पा मंडावी , नरसू , महेश , मुकेश , सुंदर नरेटी , रामलाल कोरार्म रामलाल गावड़े , बद्री गावडे ,बीर सिंह उसेडी विश्राम गावडे राकेश गुप्ता संतराम सलाम अकालूराम पवार माखन सिंह सोनू साहू ज्योति स्वरूप कर्मकार सर माखन सिंह अखिलेश श्रीवास्तव घनश्याम यादव कुलदीप सर चंद्र ज्योत रामटेके प्रीत राम पटेल घनश्याम रामटेके कुलदीप खापर्डे हेमन्त कश्यप अनित वीरेंद्र पटेल विजय साहू निक्की जैन टिकेश्वर जैन दयाराम दुग्गा सुकलाल दुग्गा मसीह समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# हमारा उद्देश्य जन जन तक विकास कार्य पहुँचाना है जिसके लिए हम हर सम्भव प्रयास करते रहेंगे : मोहन मरकाम

- दो दिवसीय विधानसभा प्रवास के दौरान तीन करोड़ से अधिक कार्यो का किया भूमिपूजन लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सह विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम ने अपने दो दिवसीय विधानसभा प्रवास के दौरान तीन करोड़ से अधिक के विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया इस दौरान उन्होंने समस्त ग्रामों में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष अपने विचार व्यक्त करते कहा कि हमारा उद्देश्य विकास कार्य को जन जन तक पहुंचाना है।

जिसके लिए जनता ने हमें प्रतिनधित्व देकर ये अवसर प्रदान किया है 2018 के बाद से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से कोंडागांव विधानसभा में विकास कार्य करने का लगातार प्रयास कर रहे और आज पूरे विधानसभा में केवल ग्रामीण क्षेत्र में ही 600 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य प्रगति पे है और हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि कोंडागांव विधानसभा की जनता की मूलभूत आवश्यकताओ की पूर्ति करे और विकास कार्य सतत जारी रख जनता के हित के लिए काम करे उन्होंने अपने दो दिवसीय विधानसभा प्रवास के दौरानग्राम पंचायत मसोरा में 11.67 लाख के समुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, 6.10 लाख के यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य ग्राम पंचायत छोटे भिरावंड मे सामुदायिक भवन निर्माण जिसकी लागत 7.00 लाख ग्राम पंचायत चिपावाड़ में समुदायिक भवन 7.00 लाख ,देव गुड़ी निर्माण 6.90 लाख, यात्री प्रतीक्षालय निर्माण 6.10 लाख ग्राम पंचायत उमरगांव में समुदायिक भवन 6.50 लाख ,देव गुड़ी 6.90 लाख ग्राम पंचायत मालगांव में नल जल योजना लागत 143.53 लाख देव गुड़ी 6 .90 लाख,5 लाख का सीसी सड़क ग्राम पंचायत बुड़रा में गृह ग्राम में 9.90 लाख राशि का प्रशासनिक भवन टेडमुंडा में सीसी सड़क एवं नलजल योजना ग्राम मगेदा में 6 लाख की राशि से निर्मित पुलिया महिला वर्क शेड जिसकी लागगत राशि 2.41 लाख, मावली मतागुडी में नलजल योजना जिसकी लागत राशि 6.90 लाख रूपये है शामिल है का भूमिपूजन व लोकार्पण किया भूमिपूजन लोकार्पण के इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम उपाध्यक्ष भगवती पटेल जिला पंचायत सदस्य रमिला मरकाम जनपद अध्यक्ष मोतिन बाई नेताम उपाध्यक्ष गौतम साहू शाकंभरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल ब्लॉक अध्यक्ष शंकर मंडावी जिला उपाध्यक्ष रामकुमार कश्यप सरपंच हेमलाल वट्टी लखीराम पोयम जनपद सदस्य वाडे राम सोरी विधायक प्रतिनिधि सगराम मरकाम वीजय लाल ललित सोरी सहीत समस्त क्षेत्र के जनपद सदस्य सरपंच पंच ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने गादीरास में कृषकों से मुलाकात कर खेतों का किया मुआयना

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर हरिस. एस ने आज गादीरास क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रामपुरम, माटेमरका, झलियारास सहित अन्य गांव में मैदानी भ्रमण कर फसल स्थिति का आंकलन किया। इस दौरान ग्राम के कृषकगण भी उनके साथ मौजूद रहे।

कलेक्टर ने कृषकों से चर्चा की और खेतों को मुआयना भी किया। कृषकों ने बताया कि क्षेत्र में सूखे की स्थिति नहीं है। कुछ स्थानों पर पूर्व में बारिश अधिक होने के कारण और खेतो में बारिश का पानी रुकने के कारण 3 से 4 प्रतिशत तक फसल नुकसान हुआ है। वर्तमान में खेतों में नमी और फसल की स्थिति अच्छी है। आगामी 15 अगस्त तक बारिश न होने की स्थिति में फसल नुकसान होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सभी जिलों में 60 प्रतिशत से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में फसल की स्थिति और सूखा प्रभावित क्षेत्रों का नजरी आंकलन करने के निर्देश दिए गए है। सुकमा जिले में कोंटा और गादीरास क्षेत्र में 60 प्रतिशत से कम औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर हरिस. एस के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों तथा पटवारियों द्वारा क्षेत्र का मैदानी भ्रमण कर नजरी आंकलन किया जा रहा है। आज कलेक्टर ने स्वयं मैदानी भ्रमण कर गादीरास क्षेत्र का नजरी आंकलन किया। इस दौरान तहसीलदार सुकमा, गादीरास प्यारेलाल नाग, उपचंचालक कृषि विभाग पीआर बघेल एवं संबंधित पटवारी उपस्थित रहे।

# बदले गए आश्रम व छात्रावास के प्रभारी अधीक्षक

- 6 अधीक्षकों ने स्वेच्छा से वहीं एक अधीक्षक के कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कार्य से किया पृथक
- नए अधीक्षकों की नियुक्ति की गई

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय में मौसमी बीमारियों के प्रकोप को मद्देनजर रखते हुए विशेषकर मलेरिया का प्रकोप बढ़ा हुआ है कई आश्रमो के बच्चों को मलेरिया होने की पुष्टि हुई है।उक्त परिप्रेक्ष्य मे कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देश पर जिले के समस्त अधीक्षक एवं मंडल संयोजक की संयुक्त बैठक 01 अगस्त को आयोजित की गई।बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास प्रशांत कुशवाहा द्वारा सख्त निर्देश दिया गया था। जिसमें बच्चों की समुचित देखभाल, खानपान, स्वास्थ्य सहित बच्चों की सेहत की निगरानी एवं आवश्यक उपचार कराने अस्पताल में भर्ती करने एवं उनके पालकों को सही समय पर सूचित करने के साथ ही आश्रम में पर्याप्त ड्यूटी करने के निर्देश दिया गया था साथ मे यह भी कहा गया था कि आश्रम के प्रभारी अधीक्षक के रुप दायित्व निर्वहन करने में स्वयं को सक्षम नहीं समझते है तो वह सूचित करें ताकि उनके स्थान पर किसी दूसरे अधीक्षक की नियुक्ति की जा सके मीटिंग के दौरान कुल 06 अधीक्षकों ने स्वेच्छा से मूल पद स्थापना मे जाने की बात कही, वहीं एक अधीक्षक का कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अधीक्षक पद से पृथक कर मूल संस्था मे भेजा गया। स्वेच्छा से मूल पद मे जाने हेतु सहमति देने वालो मे से सत्यम वासम प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम मुंजालकांकेर विकास खंड उसूर जिनके स्थान पर यालम कामेश सहायक शिक्षक एलबी की नियुक्ति की गई इसी तरह रामचंद्र यालम के स्थान पर अरविंद बुरका को बालक आश्रम पोलमपल्ली विकास खंड उसूर, वासम नारायण प्रधान अध्यापक एवं प्रभारी अधीक्षक के जगह संजय पुनेम, जितेंद्र यालम प्रभारी अधीक्षक के स्थान पर भीमा सोढ़ी को बालक छात्रावास चेरामंगी, कमला ककेम कन्या आश्रम आवापल्ली के स्थान पर सावित्री मड़वी व लक्ष्मी मसीह प्रभारी अधीक्षक एकलव्य आदर्श विद्यालय बालिका छात्रावास के स्थान पर पार्वती को नियुक्ति दी गई वहीं मीरा बग्गा प्रभारी अधीक्षक कन्या आश्रम पीडीया के कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उसके स्थान पर रंजना गुप्ता की नियुक्ति की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा 5 अगस्त को नियुक्ति पत्र जारी किया गया है।

# साहू समाज के महिलाओं द्वारा किया गया सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन

**किरन्दुल।** किरन्दुल में रविवार को तहसील साहू समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंडल भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज के महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की गीत से की गई।इसके बाद स्वागत गीत एवम अन्य गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में समाज के सभी महिलाओं ने हरे रंग की साड़ी पहनी हुई थीं।



# बस्तरबुडरा में शिविर लगाकर बच्चों एवं विशेष पिछड़ी जनजातीय निवासियों से लिये गये आवेदन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



विगत दिनों जनदर्शन में बड़ेराजपुर जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बस्तरबुड़रा के विशेष पिछड़ी जनजाति के निवासियों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में पहुंच कलेक्टर दीपक सोनी के समक्ष वनाधिकार एवं अन्य सुविधाओं हेतु मांग की गई थी। जिसपर कलेक्टर ने त्वरित निर्णय लेते हुए संबंधित विभागों को ग्राम में पहुंच शिविर लगाकर सभी से संबंधित आवेदन लेकर उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिये गये थे। जिसपर प्रभारी अधिकारी राजस्व एवं संयुक्त कलेक्टर डीडी मण्डावी सहित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संकल्प साहू, तहसीलदार बड़ेराजपुर सुशील कुमार भोई एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अशोक कुमार ठाकुर ग्राम बस्तरबुडरा पहुंचे। जहां उन्होंने शिविर लगाकर ग्राम पंचायत हात्मा, कोसमी एवं बस्तरबुडरा के स्कूली छात्र-छात्राओं हेतु जातिप्रमाण पत्र निर्माण का कार्य किया गया। जिसमें सभी बच्चों के आवेदन एकत्रित कर तहसील कार्यालय में कार्यवाही हेतु प्रेषित् किये गये हैं। वहीं ग्राम कोसमी में निवासरत् 09 कमार परिवारों से जाति प्रमाण पत्र तथा 06 परिवारों द्वारा वनाधिकार पट्टे संबंधी आवेदन प्राप्त कर कार्यवाही हेतु प्रेषित् किये गये हैं। वनाधिकार पट्टे हेतु ग्रामसभा के अनुमोदन के पश्चात् पट्टा निर्माण हेतु अनुभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय समिति के पास अनुशंसा हेतु प्रेषित् किये जायेंगे। इस शिविर में कमार जनजाति के शिक्षित बेरोजगारों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुसार रोजगार प्रदाय हेतु आवेदन पत्र भी प्राप्त किये गये हैं।

# दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

- कठिन आसन का प्रदर्शन कर, योग प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को माता मालती देवी साहू सेवा आश्रम दंतेवाड़ा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ननकू राम साहू ने पूजा अर्चना कर की। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएसन के अध्यक्ष बी आर साहू सचिव डॉक्टर एस के बर्मन कोषाध्यक्ष बी एन उइके ने बताया कि छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुचत साहू एवं महासचिव संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में जिला स्तरीय आयोजन किया गया है। दंतेवाड़ा प्रतियोगिता मे बालक एवं बालिका प्रतिभागी को 3 कैटगरी में रखा गया जिसमें 9 से 14 वर्ष, 14 से 18 वर्ष, एवं 18 वर्ष से अधिक तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान श्रवण कुमार किशन साहू व अन्य प्रतिभागियों ने बद्ध पद्मासन वक्रासन,अर्ध-मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन जैसे अनेक कठिन आसनों का प्रदर्शन किया।उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भगत राम साहू सचिव डॉक्टर एस के बर्मन कोषाध्यक्ष बी एन उइके पारस ठाकुर उर्मिला साहू संजीव दास छबील साहू नरोत्तम ध्रुव तुलेश्वर निषाद तेज राम साहू प्रवल मंडल किशन साहू श्रवण कुमार श्रद्धा साहू भारती साहू लक्ष्मी सार्वा सरिता साहू रुक्मणि कलिहारी पूर्णिमा साहू नीलिमा साहू ईश्वरी पासवान पुष्पा पिस्दा चंपा साहू पार्वती परिहार देवकी आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना व रेडक्रॉश के छात्र-छात्राओ ने निकाली तिरंगा पखवाड़ा रैली

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना व रेडक्रॉश के संयुक्त तत्वाधान में घर- घर तिरंगा अभियान पख्वाड़ा के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु रैली आहूत की गयी द्य कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहदेव राम साहू द्वारा किया गया द्य इस अवसर पर ग्राम सालहे के विभिन्न गलियों, मोहल्लो, टोलो आदि में जाकर रैली, गीत, भाषण व पोस्टर के माध्यम से आम नागरिकों में राष्ट्र प्रेम, सद्भावना, शहादत आदि की भावना का संचार किया गया द्य तथा प्रत्येक अपने घरों में आजादी पर्व के पावन अवसर पर तिरंगा लहराने अपील की गयी। इस तरह आजादी के अमृत महोत्सव में सहभागी बनने प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि उक्त नियमित व सतत कार्यक्रम आयोजन के फलस्वरूप सम्पूर्ण ग्रामवासी सजग होकर एक सूत्र में बधते हुए थोड़ी देर बाद ग्रामीण विकास एवं अन्य समस्याओ को लेकर हटवारा परिसर में विचार विमर्श हेतु एकजुट बैठक करने लगे द्य कार्यक्रम संचालन के दौरान रेडक्रॉस प्रभारी बबिता कंवर, अध्यक्ष सलाहकार समिति राष्ट्रीय सेवा योजना नन्दलाल दर्पट्टी, खिलावन आँचला, पंचराम पिसदा, महादलनायक वंदना नरेटी,अनुशासन मंत्री उमेश, अभिलेख प्रभारी प्रतिमा, दलनायक वासनी, अशोक, ऋचा, तानिशा, गोपाल, रिया, भारती, कविता, अमित मंडावी व स्वयं सेवक सहित विद्यालइन छात्र-छात्राएं तथा अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बिलासपुर में बस्तर की संस्कृति दिखाने केशकाल से रवाना हुए सैकड़ों कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com




9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में न्यायधानी बिलासपुर में आदिवासी समाज की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल होने वाले प्रदेश भर के लोगों को बस्तर संभाग के आदिवासी समाज की संस्कृति एवं पारंपरिक नृत्यों का नजारा देखने को मिलने वाला है।

जिसके तहत आदिवासी समाज के वरिष्ठजन झाड़ीराम सलाम (बड़ेडोंगर) एवं रामलाल सलाम (धनोरा) के नेतृत्व में कोंडागांव जिले के धनोरा, फरसगांव, बड़ेडोंगर, चिखलाडीही समेत आसपास के अन्य ग्रामों से 6 बसों में सवार होकर लगभग 350-400 की संख्या में आदिवासी समाज के महिला, पुरुष, सियान व युवा वर्ग बिलासपुर के लिए रवाना हुए हैं।

**गुलबापारा में करवाया गया जलपान-** रविवार की दोपहर आदिवासी समाज का काफिला केशकाल के ग्राम गुलबापारा पहुंचा। जहां ग्राम पंचायत के सरपंच शिवकुमार सलाम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पंचायत भवन में सभी अतिथियों का स्वागत कर उन्हें जलपान करवाया। इसके पश्चात काफिला बिलासपुर के लिए रवाना हुआ।

**बिलासपुर में दिखेगा बस्तर का नजारा-** सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठ नागरिक झाड़ीराम सलाम ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में बस्तर संभाग के पारंपरिक नृत्य जैसे कि माड़िया नाचा, मांदरी नाचा, ढोल नाचा, डंडार, हुलकी, चारहेंग नाचा समेत आधा दर्जन से अधिक नृत्यों के कलाकारों को लेकर हम बिलासपुर जा रहे हैं। वहां हम बस्तर की अनोखी एवं अमूल्य संस्कृति का दर्शन लोगों को भी करवाएंगे।

**ये रहे मौजूद-** इस दौरान मुख्य रूप से जनपद सदस्य नरेश नेताम, पंचायत सचिव सोनाराम यादव, वार्ड पंच निरंजन नेताम, माखन मरकाम, महेंद्र बघेल, रामजी नेताम, दशरथ मंडावी, कामेश्वरी बघेल, साधुराम बघेल, जयपाल मरकाम, हेमलाल नेताम समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# भव्य कांवर यात्रा आज निकलेगी

**भानुप्रतापपुर।** सावन के अंतिम सोमवार को विशाल कांवर यात्रा भानुप्रतापपुर में आयोजित होने वाली है।आयोजक समिति सर्व हिन्दु समाज राष्ट्रीय सुरक्षा मंच ने कहा है कि समस्त श्रद्धालु भक्त जनों को सूचित किया जाता है, कि 8 अगस्त श्रावण मास चौथा सोमवार को प्रातः 10 बजे राम जानकी हनुमान मंदिर से विराट एवं आकर्षक कांवर यात्रा भानुप्रतापपुर में निकाली जाएगी। प्रकृति के गोद में विराजित प्राचीन शिवालय देवदहरा (देवधारा) से पुजा अर्चना और जल लेकर नगर स्थित शिवालयों में जलाभिषेक होगा। सभी महिला , पुरुष , बाल , वृद्ध , जवान अपने लिए कांवर सजाकर सहभागी बनें । जिनके पास काँवर की व्यवस्था नहीं हो पाएगी वह कलश में जल लेकर सहभागी बन सकते हैं। भगवा वस्त्रों में यात्रा की शोभा बढ़ाएं और यह संदेश अपने चिरपरिचित तक पहुँचाते जायें।

# 2025 में होने वाली शिवमहापुराण कथा को करवाने का प्रण लेकर 2022 में करवा लिया अश्वनी शर्मा ने : पं. प्रदीप मिश्रा





पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

स्व. रामदयाल शर्मा जी एवं स्व. शारदा देवी शर्मा की पुण्य स्मृति में भाटापारा नगर में चल रहे शिव महापुराण कथा के आयोजन में प्रदीप मिश्रा ने व्यास पीठ से कहा कि यह कथा 2025 में होनी थी जिसका समय भी निर्धारित हो गया था पर भाटापारा के पुण्य नगरी में जन्मे अश्वनी शर्मा की प्रबल इच्छा शक्ति और उनके शिव भक्ति से महादेव की कृपा से यह आयोजन 2022 में ही संपन्न हो रहा है..दुनिया में लोग हीरे सोने चांदी या और कुछ अपने पति से मांग करते है पर इनकी अर्धांगिनी ने शिवमहापुराण की मांग कर के अपने 70 पीढ़ियों को तारने के साथ साथ पूरे भाटापारा नगर को तार दिया क्योंकि शिवमहापुराण जहां होता है वहा की पूरी धरती और पूरे लोगो का परिवार तर जाता है, प्रदीप मिश्रा ने कहा कि धन्य है छत्तीसगढ़ के भाटापारा के लोग और धन्य है भाटापारा की धरती, भाटापारा की धरती को कोटि कोटि प्रणाम है..

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से चल रहे अशोक सुंदरी शिव महापुराण कथा का आयोजन नारायणी कुंज खोलवा रोड भाटापारा में चल रहा है।

कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पंडित श्याम सुंदर दास व भाजपा वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, विधायक बृजमोहन अग्रवाल एव पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम अपने पूरे परिवार के साथ व मंदकुद्विप के पूज्य गुरु जी, विधायक शकुंतला साहू, पूर्व विधायक चैतराम साहू, सुशील शर्मा शामिल हुए. विधायक शिवरतन शर्मा भी श्रद्धालुओं के साथ बैठ कथा का आनंद ले रहे है और कार्यक्रम में पहुच रहे श्रद्धालुओं को आने के लिए आभार भी व्यक्त कर रहे है. साथ ही आयोजक अश्वनी शर्मा ने कहा है कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है सेवा कार्य मे लगें युवकों द्वारा सभी श्रद्धालुओ से बाबा महादेव जी की महिमा का आनंद लेने एवं व्यवस्था में सहयोग देने का आग्रह किया जा रहा है।



# भारतीय जनता पार्टी कन्या शक्ति और युवा मोर्चा के द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com






भारतीय जनता पार्टी कन्या शक्ति और युवा मोर्चा ने रक्षाबंधन के पावन पर्व को लेकर रविवार को तिल्दा नेवरा थाना में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे जनपद सदस्य स्वाति वर्मा और पार्षद चन्द्रकला वर्मा के साथ दर्जनों महिलाओं और युवतियों ने थाना पहुंच कर पुलिस भाइयो की आरती उतारी और राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लिया।

थाना प्रभारी मोहसिन खान ने बताया कि सरकार मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बेटियों को सशक्त कर रही है। उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पुलिस हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।उन्होंने कहा कि निर्भीक होकर स्कूल, बाजार मेला, भीड़ भाड़ या सूनसान रास्तों पर चलें। कोई अराजक तत्व छींटाकशी, व्यंगात्मक भाषाओं का प्रयोग करें तो उसे तत्काल जवाब दें। कोई समस्या हो तो 112,, 108, आदि नंबरों को डायल करें। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच जाएगी। पुलिसकर्मियों ने सभी से सुरक्षा का वादा किया।

जनपद सदस्य एवं कन्या शक्ति स्वाति वर्मा और पार्षद चन्द्रकला वर्मा के साथ दर्जनों महिलाओं और युवतियों ने कहा कि पुलिस कर्मचारी अक्सर आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी खुशियों को दरकिनार कर देते हैं। जिसे देखते हुए हमनें ने कर्तव्य निष्ठा से ड्यूटी निभा रहे पुलिसवालों के साथ रक्षा बंधन त्योहार मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर दिव्या शर्मा, काजल वर्मा, सावित्री सोनवानी, स्मृति पांडे, रानी साहू, नेहा सोनवानी -सुमन वर्मा -दीप्ती वर्मा -कंचन वर्मा अनिल वर्मा -सतीश निषाद -मनीष शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आज निकाली जाएगी 31 फीट विशाल कांवड़ यात्रा साथ ही मनोरम झांकी

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार 8 अगस्त को 31 फीट की विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी । इस कांवड़ यात्रा के लिए सरसीवा रोड कांवरिया संघ के सदस्यों ने कांवड़ यात्रा बैंड बाजा एवं मनोरम झांकी के साथ कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। कावड़ यात्रा के पूर्व नगर को सैकड़ों झंडे लगाकर सजाया गया।



इस कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में सरसीवा रोड कांवरिया संघ के सदस्य नवल अग्रवाल, अमरनाथ झा, राजेश अग्रवाल, यशपाल शर्मा, विक्की अग्रवाल, महेन्द्र डड़सेना, बुटु आदित्य, शत्रुघ्न साहू, मुन्ना यादव, दूजराम साहू, सुनील अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, शौकी साहू, महेश सोनी, सनातन प्रधान, प्रमोद, दामोदर जायसवाल, पारस,मुनेश यादव आदि।

# पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील बलौदा बाजार की कार्यकारिणी की मासिक बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील बलौदा बाजार की कार्यकारिणी की मासिक बैठक दोपहर 1.00बजे, होटल पार्क प्लाजा, गार्डन चौक बलौदा बाजार में संपन्न हुई ।बैठक में चर्चा की गई कि किस तरह महंगाई में एसोसिएशन के सदस्यों को बाजार में दैनिक उपयोग का किराना,कपड़ा , बर्तन व दवाइयाँ कम दाम में उपलब्ध कराया जाय। इस हेतु तय किया गया कि सदस्यों का परिचय पत्र बनवाया जाय। बड़े दुकानदारों से संपर्क किया जाय कि परिचय पत्र रखने वाले सदस्यों को कम मुनाफा लेकर सामान दे सकेंगे क्या ? इससे उन्हें नए ग्राहक मिलेंगे और उनके व्यापार में वृद्धि भी होगी। दुकानदारों से संपर्क करने हेतु प्रांतीय महामंत्री व तहसील इकाई के संरक्षक डी पी जैन अपनी टीम गठित कर दुकानों का चयन कर सूचित करेंगे। कार्यकारिणी की मासिक बैठक माह के प्रत्येक प्रथम शुक्रवार के स्थान पररविवार को रखने का निर्णय लिया गया।एसोसिएशन का अधिवेशन दिसम्बर 22के द्वितीय सप्ताह में रखने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय महामंत्री डी पी जैन, जिलाध्यक्ष एस एम पाध्ये , वरिष्ठ सलाहकार एन के शर्मा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती लता कश्यप , वरिष्ठ सदस्या सुश्री लक्ष्मी नामदेव , सम्माननीय सदस्य एस के सोनी , राजेश अग्रवाल , हेमन्त श्रीवास्तव सहित 32सदस्य उपस्थित रहे। एस डी पड़वार तहसील अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन बलौदा बाजार ने सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। आज की बैठक का शुभारंभ हनुमान चालीसा के सस्वर पाठ से हुआ और निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से की जाएगी।



## आज भगवान भोलेनाथ महादेव का प्राण प्रतिष्ठा

**तिल्दा नेवरा।** नगर के समीपस्त ग्राम पंचायत बिलाड़ी के गतवा तलाब मे विद्युत अग्रवाल पावर प्लांट द्वारा सीएसआर मद से बिलाड़ी के गतवा तलाब में महोदव मंदिर का सोमवार 8 अगस्त को भगवान भोले नाथ महादेव का जीणोद्धार एंव प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया है। जो की उसके उपरांत सरपंच सोना श्रवण यदु सचिव अशवनी यदु विधायक प्रतिनिधी पंकज यदु, उपसरपंच संतोष निषाद पंचगण और गांव के नागरिको ने विद्युत अग्रवाल पावर प्लांट का महादेव का जीणोद्धार करने पर अभार व्यक्त किया है।




# शासकीय कालेज में हिरोशिमा दिवस पर वैश्विक शांति एकता के लिए व्याख्यान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष विश्वास मेश्राम एवं राज्य सचिव यशवंत कुमार सोना के संयुक्त निर्देशन में विगत दिनों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा विकासखंड सरायपाली में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के संयुक्त तत्वावधान में 'हिरोशिमा दिवस' के रूप मनाया गया. ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संयोजक छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ईकाई सरायपाली के संयोजक यशवंत कुमार चौधरी एवं अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अनिता पटेल एवं विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में प्रोफेसर रमेश कुमार पटेल,प्रोफेसर गजानंद नायक, प्रोफेसर किरण कुमारी, प्रोफेसर कमला दीवान, प्रोफेसर अंजना लकड़ा उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम में एलुमनी एसोसिएशन के सचिव तुलसी प्रसाद यादव, पालक सदस्य उद्धव के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही. ।

मुख्य अतिथि यशवंत कुमार चौधरी संयोजक, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ईकाई सरायपाली ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी मानव निर्मित त्रासदी के रुप में हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम के प्रयोग को हम कभी भी भूल नहीं सकेंगे। इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों ने हमारे इतिहास पर एक बड़ा काला धब्बा लगा दिया है। भविष्य में मनुष्यों द्वारा मनुष्यों के विनाश का ऐसा प्रयोग न हो इसलिए विद्यार्थियों, नौजवानों, जनमानस के बीच हम हिरोशिमा दिवस आयोजित कर उन्हें मानव निर्मित त्रासदियों के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए सारी दुनियां में शांति और भाईचारे के लिए अपील कर रहे हैं। यह सुंदर दुनियां हम सबकी है। यहां युद्ध नहीं शांति की जरूरत है ताकि हम सब अमन चैन से रहते हुए, प्रकृति प्रदत्त नैसर्गिक संसाधनों का उपयोग मिल बांटकर अपने और दूसरों के जीवन को सुखी बनाने के लिए कर सकें 7. द्व ड्डद्व ड्ड द्दद्यश्ड्डड्डद्य ष्द्बह्लद्ब5द्गठ्ठ की भावना के साथ कार्य - व्यवहार से वैश्विक शांति की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया।



छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा - जो वैज्ञानिक सोच के प्रचार- प्रसार के लिए कार्यरत एक स्वंयसेवी संगठन है- छत्तीसगढ़ और अन्य प्रदेशों में भी पिछले चार दशकों से विज्ञान को लोकप्रिय बनाने का काम कर रही है। 'लोक विज्ञान,पर्यावरण सुधार, संतुलित विकास' की थीम के साथ हम निरंतर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच कर वैज्ञानिक मुद्दों - अंधविश्वास से मुक्ति, खगोल विज्ञान- स्काईवाचिंग, औषधीय पौधों की खोजयात्रा, नेचर केम्प, वन्य पशु - पक्षी, सरीसृप, लघुवनोपज प्रसंस्करण, वैज्ञानिकों से बातचीत, खगोलिय घटनाओं की समझ - सूर्य और चन्द्र ग्रहण की समझ,संतुलित खेती, जल प्रबंधन, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स,सामान्य रोग आदि के साथ समसामयिक विषयों पर कार्यक्रम आयोजन, गोष्ठी, व्याख्यान, प्रशिक्षण, कार्यशाला और लोगों से बातचीत करने की कोशिशें करते हैं।

## मुर्गी पालन के लिए इच्छुक महिला स्व सहायता समूह ने शेड की मांग, कलेक्टर ने दी तत्काल स्वीकृति

# गौ-मूत्र खरीदी का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे गौठान, अब तक 98 लीटर की हुई है खरीदी

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कलेक्टर रजत बंसल ने गौठानों में संचालित हो रहें गतिविधियों का जायजा लेने जिलें के विभिन्न गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वह बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम खम्हारडीह एवं विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम छेरकापुर के गौठान पहुँचकर व्यवस्थाओं सम्बंधित जानकारी हासिल की। उन्होंने मुख्य रूप से गौधन न्याय योजना विस्तार के तहत छेरकापुर के गौठान में संचालित गौ-मूत्र खरीदी के संबंध में विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने गौ-मूत्र खरीदी से लेकर कीटनाशक बनाने की पूरी गतिविधियों को देखा। उपस्थित गौठान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पशु पालन विभाग के अधिकारियों ने गौ-मूत्र खरीदी एवं उसमें उपयोग होने वाले उपकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बंसल ने उपस्थित महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे जानकारी हासिल किया। साथ ही उन्होंने शीघ्र ही समस्या के निराकरण करनें का आश्वासन सदस्यों को दिया।

इसके साथ ही खम्हारडीह के गौठान में गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट, टांका निर्माण,महिला स्व सहायता समूहों के कार्य एवं बाड़ी का जायजा लिया।

गौठान में वर्मी कंपोस्ट का कार्य करने वाली भारत माता वाहिनी महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रजनी वैष्णव एवं बाड़ी की कार्य करने वाली नारी शक्ति महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष उमेश्वरी चंदेल ने शेड की कमी होने के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी ने मुर्गी पालन की गतिविधियां प्रारंभ करनें इच्छा जतायी जिस पर कलेक्टर बंसल ने जनपद पंचायत सीईओ को एक नये वर्किंग शेड स्वीकृत के साथ ही एक अलग से बड़ा मुर्गी शेड स्वीकृत करनें के निर्देश दिए है। इस अवसर पर गौठान में वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर सरपंच श्रीमती परमेश्वरी पैकरा,जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा,जनपद पंचायत सीईओ रूही टेंभुलकर, सहित स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

**गौ-मूत्र की खरीदी पशुपालक ग्रामीणों ने अब तक कुल 98 लीटर गौ-मूत्र विक्रय कर हुए लाभांवित** – जिले में गौ-मूत्र की खरीदी विकासखंड पलारी के ग्राम छेरककापुर एवं सिमगा अंतर्गत ग्राम रोहरा के गौठान में की जा रही है। जिसके तहत पशुपालक ग्रामीणों ने ग्राम छेरककापुर में 4 किसानों से 50 लीटर और रोहरा में 8 किसानों से 48 लीटर गौ-मूत्र की खरीदी की गई है। इस तरह अब तक कुल 98 लीटर गौ-मूत्र विक्रय कर पशुपालक लाभांवित हुए हैं। इसमे रोहरा में 40 लीटर जीवामृत एवं 5 लीटर ब्रह्मास्त्र का निर्माण किया जा चूका है। उल्लेखनीय है की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत दिनों 28 जुलाई को हरेली तिहार के अवसर पर प्रदेश में गोमूत्र खरीदी योजना की शुरुआत की है। जिसके तहत पशुपालक ग्रामीणों से 4 रूपए लीटर में गौ-मूत्र की खरीदी की जा रही है। जैविक खेती की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ में बीते दो वर्षों में बड़ी संख्या में कृषक वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग खाद के रूप में कर रहे हैं। अब गौ-मूत्र से बायोपेस्टीसाइड का निर्माण करने की तैयारी है। गोमूत्र के साथ नीम व अन्य जैविक रासायनों का इस्तेमाल कर कीट नियंत्रक, जीवामृत और ग्रोथ प्रमोटर जैसे उत्पाद बनाए जाएंगे। यह उत्पाद फसलों को कीटों से बचाने के साथ रासायनिक पेस्टीसाइड से होने वाले नुकसान से भी बचाएंगे, जिससे मानव शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से भी बचा जा सकेगा।

## श्रावण मास में अखंड रामायण का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

सावन का माह धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। जिला मुख्यालय में भक्तिमय वातावरण निर्मित करने संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ कलश स्थापना कर रामायण पाठ प्रारंभ किया गया। इस अखंड रामायण में पाठ करने बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं।

गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों से प्रति माह बस स्टैंड स्थित संकट मोचन हुनमान मंदिर में समिति द्वारा अखंड रामायण का पाठ किया जाता है। शनिवार की सुबह से रविवार की सुबह तक ये पाठ किया जाता है। सावन मास के अंतिम शनिवार की सुबह करीब 9 बजे पाठ प्रारंभ किया, रविवार को इसका भव्य समापन किया जाएगा। समापन पर हवन पूजन तथा भक्तों के लिये भंडारे की व्यवस्था भी की जा रही है। मंदिर समिति ने अधिक से अधिक लोगों से अखंड रामायण पाठ में पहुंचने का आग्रह किया है, साथ ही भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने भी लोगों से अनुरोध किया है।

## हर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से निकाली रैली



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शास. उच्च माध्य. विद्यालय भंवरपुर में रा.से.यो जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी के निर्देशन एवं संस्था प्राचार्य टी. के. पटेल के आदेशानुसार रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा आजादी के 75 वें वर्षगांठ अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी शौकत अली के नेतृत्व में ग्रोद ग्राम इंदिरानगर में रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली में ग्रामीणों को देशभक्ति के एक सूत्र में पिरोने के महत्व को बताया गया और इसे सफल बनाने सहयोग की अपील की। स्वयं सेवकों द्वारा तिरंगा फहराने हर घर में पाम्पलेट भी वितरण किया गया। इस दौरान रासेयो के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एन. के दीवान, व्याख्याता एस. एस. साहू एम.डी. मानिकपुरी एवं संस्था के स्वयं सेवक, प्राथ. विद्यालय के शिक्षक नायक, नेमबाई चौहान शिक्षिका व अन्य मौजूद रहे।

## सोना चांदी व्यापारी ने की मारपीट, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

एक साल पूर्व बहुचर्चित कन्हैयालाल गावड़े हत्याकांड मामला में पुलिस की ओर से हत्या की गुत्थी सुलझ चुकी है, परन्तु अभी भी जिस जमीन को लेकर सारा विवाद था, उसका निराकरण नहीं हो पाया है। स्थानीय तहसील में अब भी यह मामला चल रहा है।

इसी मामले में गवाही देने आए मेघराज चांडक के साथ आरोपियों द्वारा मारपीट की गई है। उक्त घटना कोर्ट में गवाही देने के बाद घटित हुई। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित मेघराज ने शिकायत की है कि वह तहसील न्यायालय पेशी मे गया हुआ था। पेशी समाप्त होने के बाद निकला तो तहसील कार्यालय के सामने खेमराज जैन ने गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मेघराज चाण्डक पिता स्व. धनराज चाण्डक उम्र 63 वर्ष साकिन वार्ड नं. 10 सुभाषपारा भानुप्रतापपुर का निवासी है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है, कि वह शुक्रवार को कन्हैया गावडे के लम्बित प्रकरण में तहसील न्यायालय में पेशी में गया था और पेशी समाप्त होने के बाद शाम करीब 04.00 बजे तहसील कार्यालय भानुप्रतापपुर से बाहर निकला तो तहसील कार्यालय के सामने खेमराज जैन ने मेरे खिलाफ बयान क्यों दिये हो करके गंदी-गंदी गाली गलौज देते हुए कालर पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट किया , जिससे उन्हें चोटें आयी है।

थाना प्रभारी तेजप्रताप वर्मा ने बताया कि शिकायत पर उक्त मामले में धारा 294,323,506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। और जांच प्रारम्भ कर दी गई है।

## आकाशीय बिजली करंट से हुई किसान की मौत

पायनियर संवाददाता ➤ बाराद्वार
www.dailypioneer.com

बाराद्वार. से लगे ग्राम सरवानी की घटना है जहां ग्राम के ही निवासी किसान रामसिंह गोड उम्र 55 वर्ष शनिवार दोपहर 3:00 बजे घर से अपने खेत की ओर निकला था कुछ देर बाद खेत में काम करते मौसम खराब होने के कारण बारिश होने लगी वह आसमान में गर्जन के साथ बिजली चमकने लगी कभी लगभग 4:00 से 5:00 बजे के आसपास आकाशीय बिजली गिरने से किसान राम सिंह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई सूचना मिलने पर परिजनों द्वारा उसको हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी को होने पर मौके मे पहुंच मृत शरीर का पोस्टमार्टम कराया तत्पश्चात मृत शरीर को परिजनों को सौंप दिया गया।

# 295 परिवारों को मिला उनके आशियाना का अधिकार

- कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने अब तक 861 परिवारों को बांटे आवासीय पट्टा
- कलेक्टर, नगर पालिक अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से हितग्राहियों को वितरण किया पट्टा व आवास स्वीकृति पत्रक





पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय से वर्चुअल कार्यक्रम के तहत शहर के 295 परिवारों को आवासीय पट्टा एवं 20 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकाने बनाने की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। कैबिनेट मंत्री मो. अकबर वर्चुअल प्रोग्राम में जुडे रहते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री स्वीकृति पत्रक वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

### कैबिनेट मंत्री ने आवासीय पट्टा प्रदान कर बधाई व शुभकामनाएं दी

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय से वर्चुअल जुडकर कवर्धा शहर के 295 हितग्राहियों को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आवसीय पट्टा तथा 20 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक वितरण किये। आवासीय पट्टा व स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है हमारी सरकार जनता से वादा किया है उसको हमारी सरकार पूरा कर रहे है। उन्होनें रायपुर स्थित निवास कार्यालय से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से ही सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होनें सभी पात्र परिवारों को पट्टा व प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होनें निर्देशित करते हुए कहा कि मूलभूत समस्याओं को विशेष ध्यान रखे तथा शासन की सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने व सुविधा उपलब्ध कराये जाने को कहा।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा शासन की योजनाओं का लाभ-ऋषि कुमार शर्मा

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि आपके माध्यम से शहर के अब तक पात्र 861 परिवारों को उनके हक-अधिकार प्रदान करते हुए राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवसीय पट्टा प्रदान किये है उन्होनें संबोधित करते हुए कहा कि पट्टा सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है सभी पात्र परिवारों को पट्टा भी प्रदान किया जा रहा है उन्होनें बताया कि कुछ व्यक्तियों का पट्टा विरतण भूमि उपयोग(लैण्ड यूज) के कारण रूका हुआ है शासन से दिशा निर्देश प्राप्त होते ही उन परिवारों को आपके माध्यम से पट्टा वितरण किया जायेगा।

उन्होनें बताया कि जिन हितग्राहियों का पट्टा वितरण किया गया है सभी पात्रताधारियों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत भी इन परिवारों का आवास बनाने का काम भी जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। इसी तरह नगरीय क्षेत्र के शत-प्रतिशत प्रतिवारों का राशन कार्ड बनाया जा चुका है जिसे प्रतिमाह समय-सीमा पर राशन प्राप्त हो रहा है। कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भाई के निर्देशानुसार हमारा नगर पालिका परिवार मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास कर रहे है तथा आपके मार्गदर्शन पर नगर पालिका कवर्धा को नई उंचाई तक ले जाने जायेगें ऐसा विश्वास है।

वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री मो.अकबर ने आवासीय पट्टा के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास बनाने की स्वीकृति दी है पट्टा को हाथ में पाकर हितग्राहियों के चेहरे मुस्कान आई तथा सभी हितग्राहियों ने पट्टा प्रदान करने के लिए कैबिनेट मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जमील खान, नरेन्द्र देवांगन, चुनवा खान, सुशीला धुर्वे, मोहित माहेश्वरी, उत्तम गोप, संजय लांझी, संतोष यादव, सुनील साहू, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, हिरेश चतुर्वेदी, राजेश गुप्ता, बलदाउ चंद्रवंशी, देवा साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे सहित अधिकारी-कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## घर घर तिरंगा फहराने के आवाहन सैनी ने पैदल यात्रा का नगर में स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आजादी के 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा फहराने के आह्वान को साकार करने कृष्ण कुमार सैनी झंडा लेकर पदयात्रा करते हुए बेमेतरा पहुंचे जहां बेमेतरा सिग्नल चौक में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया जहां पदयात्री कृष्ण कुमार से मुलाकात कर प्रधानमंत्री के हर घर झंडा फहराने की मुहिम को साकार करने शुभकामनाएं दी बतादें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा जिसके अंतर्गत आजादी के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' फहराने के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए धावक कृष्ण कुमार सैनी रायपुर से दिल्ली की पदयात्रा पर निकले है।

हर घर तिरंगा अभियान के भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर के भारत माता मंदिर से हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया है जो पदयात्रा के दूसरे दिन बेमेतरा पहुंचे है वही सैनी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत उनकी यह पदयात्रा कुल 16 दिन की होगी जो 21 अगस्त को दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद जवानों को नमन कर उनकी पदयात्रा संपन्न होगी उन्होंने बताया कि वे छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान और हरियाणा होते हुए कुल 1150 किमी का सफर तय कर दिल्ली पहुंचेंगे उन्होंने प्रतिदिन 70 से 75 किमी पैदल चलने का लक्ष्य रखा है।

### मंत्री अकबर के नेतृत्व में 13 को निकलेगी तिरंगा यात्रा



**कवर्धा।** प्रदेश के वन, आवास एवं पर्यावरण, परिवहन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में 13 अगस्त को कवर्धा में तिरंगा पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। तिरंगा पदयात्रा कवर्धा नगर के सभी 27 वार्डों के क्षेत्रों से गुजरेगी। मंत्री मोहम्मद अकबर ने सभी नागरिकों से तिरंगा पदयात्रा में बढ़चढ़कर शामिल होने का अनुरोध किया है।

## लौह अयस्क परिवहन में लगे ट्रकों की आकस्मिक जांच

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





खनिज विभाग एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने लौह अयस्क परिवहन करती ट्रकों की आकस्मिक जांच की। इस संयुक्त दल ने दल्ली राजहरा मार्ग पर कांकेर जिले व बालोद जिले की सीमा के पास स्थित गांव मरकटोला में मुख्य सड़क पर अपना अड्डा जमाया और यहीं पर भानुप्रतापपुर की ओर से आने वाली ट्रकों को रोककर उनकी जांच की ।

अधिकारियों के द्वारा इस आकस्मिक जांच के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि 20 से 25 सदस्यीय इस टीम को जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक लीड कर रहे थे। इस दल में पुलिस विभाग के लोग शामिल थे। वहीं जांच दल के कुछ सदस्यों ने बताया कि ट्रकों में ओवरलोड व फिटनेस की जांच की जा रही है। अभी तक 13 ट्रकों को रोका गया है, और उनकी जांच जारी है। जिनमे से 11 कच्चे माइंस में परिवहन कार्य में लगी हुई व बाकी 2 मेटाबोदेली माइंस में लगी बताई जा रही है। वहीं परिवहन कर्ताओं ने इस जांच को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। ट्रक मालिकों का कहना है कि ट्रकों में क्षमता से कम माल ही भरा गया है, गाड़ी के पेपर पूरे और सही है और बिना माइनिंग रजिस्ट्रेशन के खदानों में ट्रकों पर लौह अयस्क लोड नहीं किया जाता है। गाड़ियों का फिटनेस हो चुका है और सारे नियमों का पालन किया गया है, फिर ट्रकों को क्यों रोका जा रहा है। ट्रक ड्रायवरों ने बताया कि इसके अलावा तीन और जगहों पर जांच की जा रही है। इसमें कई कई घंटे लग रहे हैं, जिससे परेशानी हो रही है।

## राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक को गजेंद्र रावटे ने स्कूल मे किया 45 पौधा का भेंट



पायनियर संवाददाता ➤ डौंडी
www.dailypioneer.com

पर्यावरण संरक्षण एवं स्कूल परिवेश की सौंदर्य करन को सहेजने के लिए मुख्य रूप से राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक डी आर सोनबोइर सर के सेवानिवृत्त को यादगार पल मानते हुए एवं इनके द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, स्वस्थ, खेल, आदि क्षेत्रों में सोनबोइर का उम्दा योगदान रहा जिनकी सेवानिवृत्त दिनांक 31जनवरी 2021 को हुआ इस अवसर पर गजेन्द्र कुमार रावटे एवं रेखा रिया रावटे ने कहा कि जिस तरीके से सर जी ने पर्यावरण संरक्षण व सौंदर्य को हमेशा ध्यान में रखा उसे हम आगे बढ़ाने में अवश्य सहयोग करेंगे। इसी उद्देश्य से शासकीय आदर्श बालक उच्चतर विद्यालय डौण्डी को 45 सजावटी पौधे प्रदान किया गया जिसमें क्रोटन, गुलाब, पाइनस, विद्या पत्र, कोलोरमा, बॉटल पम्म, सुपारी पम्प, रिका पौधे प्रदान किया गया इस अवसर संस्था के आर बी नेताम, मिर्जा बेग,के पाटिल, नीलम साहू स्कूली छात्रों की उपस्थिति रही।

## ग्रामों में चलित थाना के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर दी जा रही जानकारी



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

जिले में नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल(भापुसे) के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को सभी ग्रामों में चलित थाना के तहत कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम के महिला पुरुष को विभिन्न प्रकार की विधिक एवं अन्य जानकारी देने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सरायपाली विकास पाटले तथा थाना प्रभारी बसना निरीक्षक कुमारी चंद्राकर के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी भंवरपुर के द्वारा क्षेत्र के ग्राम बाघमाडा में हमर पुलिस हमर संग के तहत चलित थाना का कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों तथा गांव के महिला समूह को गांव में शराबबंदी हेतु प्रोत्साहित किया गया,शराब एवं अन्य नशे से होने वाली बीमारियों तथा हानि के बारे में बताया गया तथा साथ पॉक्सो एक्ट, सायबर क्राइम, बैंक फ़्रॉड,यातायात नियम, अभिव्यक्ति एप्प, की जानकारी दी गई। किसी ज्ञात या अज्ञात व्यक्ति द्वारा परेशान करने पर पुलिस को सूचना देने चौकी का मोबाइल नंबर दिया गया साथ ही डायल 112 का महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच उपसरपंच, पंच, महिला समूह तथा अन्य ग्रामीणों के साथ चौकी के पुलिस स्टाफ आरक्षक यूचन्द बंशे,जलेंद्र देवांगन उपस्थित रहे।

## विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव की तैयारी को लेकर सर्वआदिवासी समाज ने कार्यक्रम के अंतिम रूप रेखा देने कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी बागबाहरा में बैठक हुई। विगत 2011 से प्रति वर्ष हो रहे जिला स्तरीय सर्व आदिवासी समाज के द्वारा यह आयोजन चला आ रहा है। आयोजित होने वाली विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव को पिछले दो वर्षो से वैश्विक कोरोना महामारी के चलते नही मनाया गया था। इस वर्ष कार्यक्रम को भव्य व ऐतिहासिक करने में जुटे हुए है। सामाजिक प्रमुखों को जानकारी देते हुए सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव में अतिथि की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर नंद कुमार साय पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जनजाति आयोग नई दिल्ली के साथ साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुख के आतिथ्य में होगी।

आयोजित कार्यक्रम शहर में मोटरसाइकिल रैली भ्रमण पश्चात एक तीर एक कमान एकता एवं भाईचारे का प्रतीक लेकर नगर में पद यात्रा होगा। आदिवासी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम में विशेष पूजा कर आँगा देव ज्योत ज्वारा के साथ मादरी नृत्य, जय माँ विंध्यवासिनी झूमर कर्मा पार्टी रलिया कोरबा,जय गुड़िया बाबा आदिवासी नर्तक दल नगरी, प्रज्ञा धुमाल पार्टी राजिम, गुण्डाधुर लोककला मंच व ध्रुवा डांस पार्टी सुकमा के साथ साथ समाज के बच्चों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम, शिक्षा के क्षेत्र जो टॉपर बच्चों को सम्मान, कार्यक्रम होना तय हुआ। इस अवसर पर भीखम सिह ठाकुर जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, फुलसिग ध्रुव ब्लाक अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, धरम दिवान ब्लाक अध्यक्ष ऑल एस टी एस सी एसोसिएशन, श्रीराम दिवान जिलाध्यक्ष पटवारी संघ, पंकज हरपाल उपाध्यक्ष ऑल एस टी एस सी, डोमेन टंडन अजाक्स सचिव, तरुण व्योहार उपाध्यक्ष ऑल एस टी एस सी, कृष्णा ध्रुव जिला अध्यक्ष युवा विभाग, हेमसागर बिंझवार जिला उपाध्यक्ष युवा प्रभार , विनोद दिवान, जिला संचालक कवर समाज, नारायण ध्रुव, बलराम ध्रु व, डिम्पल ध्रूव जिला अध्यक्ष महिला प्रभार, राजकुमार धुव, तुलसीदास सोनवानी, देव कुमार ध्रुव, सोयम माझी, अजय ध्रुव, चंद्रशेखर पोरते, गौकरण मरावी, राम साय मरावी, तुला राम ध्रूव, ईश्वर दिवान, गंगाराम दिवान, जागेश्वर ध्रुव, पूरन ध्रुव, जोहत राम ध्रुव, गौतम नेताम, तुला राम ठाकुर,आदि उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट गौठान होंगे पुरस्कृत

**बेमेतरा।** सीएम भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा । इसके लिए कृषि विभाग द्वारा उकृष्ट गौठनों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है।

### कलेक्टर ने सभी अधिकारियां को झंडा कोड का कड़ाई से पालन करने के लिए आदेशित किया

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने स्वतंत्रता दिवस समरोह दिवस को समस्त विभाग, कार्यालय प्रमुखों को झण्डा कोड का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए आदेशित किया गया है। 12 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे पुरानी पुलिस लाईन कवर्धा में जिले के समस्त कार्यालय के जिम्मेदार कर्मचारी को झण्डा ध्वजारोहण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाएगा। जिसमें संबंधित विभाग प्रमुखों को अनुवार्यतः उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।




**पुरवा अग्रवाल कहती हैं कि पूर्व-किशोर उम्र में वित्तीय साक्षरता इस डिजिटल युग में वित्त प्रबंधन में जिम्मेदार आदतों को सीखने और अभ्यास करने में बच्चों के लिए एक मूल्य-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगी**

महामारी ने बच्चों के रहने और सीखने का तरीका बदल दिया है। रहने की जीवन शैली इनडोर गतिविधियों की ओर बढ़ी है और इसलिए शिक्षण भी इंनडोर हुआ है। पाठ्यक्रम हो या पाठ्येतर पाठ्यचर्या - इंटरनेट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बच्चे चीजों को जल्दी समझ लेते हैं, लेकिन जब वित्तीय साक्षरता की बात आती है, तो माता-पिता सोचते हैं कि यह बच्चों के लिए अभी उचित नहीं है। और ऐसा रवैया क्यों - क्योंकि इसका पालन करने का इतना कठिन पैटर्न है कि बच्चे को दिलचस्प नहीं लगता।

महामारी के बाद से शिक्षण पैटर्न काफी बदल गया है और वर्तमान परिदृश्य के अनुसार, ई-लर्निंग आपके बच्चे को शिक्षित रखने का एकमात्र तरीका है। हम सभी जानते हैं कि भविष्य है इंटरनेट लर्निंग - तो क्यों न वित्तीय साक्षरता सिखाई जाए। इंटरनेट बैंकिंग और पेमेंट गेटवे में तत्काल वृद्धि हुई है। बच्चे अक्सर अपने माता-पिता को ऑनलाइन लेनदेन करते हुए देखते हैं, लेकिन कई सुरक्षा, जोखिम वाले कारकों के कारण, जिनसे निपट पाना शायद एक बच्चा समझ नहीं सकता है, उन्हें स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग करने का मौका नहीं मिलता है। लेकिन क्या होगा अगर बच्चे को ये सब एक कार्टूनिस्ट, रचनात्मक, मजेदार ढंग से सिखाया जाए?

वर्तमान पीढ़ी में माता-पिता के लिए बच्चों की परवरिश करना कोई आसान काम नहीं है! हालांकि बच्चे तकनीक-प्रेमी होते हैं, वे अपने गैजेट्स पर अधिक आदी होते हैं, और कुछ ऐसे सिद्धांतों को नहीं सीखते हैं जो उनके बेहतर भविष्य की ओर ले जाते हैं। इसलिए वित्तीय जिम्मेदारी को जल्दी सिखाने से उनके समूचे जीवन में फर्क पड़ेगा और धीरे-धीरे उनमें आवश्यक मूल्य और परिश्रम आत्मसात हो जाएंगे।

इसी मसले को मूल रूप से समझते हुए, पूर्व-किशोरों के लिए यह वित्तीय साक्षरता ऐप इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बच्चों को यह सभी रचनात्मक पैटर्न और विषयों के साथ पसंद आएगा।

इस ऐप में मौजूद, पुरस्कार युक्त कार्य-संचालित सुविधा, इसे पूर्व-किशोरों व माता-पिता के लिए दिलचस्प बनाती है। तो यहां बच्चों को पैसे की अहमियत सिखाने के कुछ लाभ दिए गए हैं :

**बचत की बेहतर समझ**

डिजिटलबैंक एक बचत उपकरण है। लेकिन उस बचत का उपयोग कहां करना है यह एक बच्चा अपने माता-पिता से सीख सकता है। वयस्कों के लिए भी यह चुनना बहुत मुश्किल है कि पैसे को सही तरीके से कैसे खर्च किया जाए। बचपन से सीखना वित्त को समझने के कौशल में सुधार कर सकता है।


पूर्वा अग्रवाल
सीईओ, गुड गुड पिग्गी

**गणित में सुधार**

गणित एक ऐसा विषय है जो बहुत से बच्चों को पसंद नहीं आता है। डिजिटल मनी जैसे माध्यमों से बैंक बच्चों को गणित का आनंद लेने के साथ-साथ उनके माता-पिता द्वारा दिए गए कार्य को पूरा करके बचत भी कराते हैं। गणना से बच्चों में गणित में सुधार होगा और बदलाव को बनाए रखने की बेहतर समझ होगी।

**पैसों की अहमियत**

यह समझदारी का और सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय शिक्षाओं का कौशल है। बच्चे बस इतना समझते हैं कि पैसा कहीं से आता है - चाहे वह पॉकेट मनी के रूप में हो या पुरस्कृत मूल्य के रूप में। उन्हें इसे महत्व देना और इसे बुद्धिमानी से खर्च करना सिखाना उन्हें भविष्य में अच्छे वित्तीय निर्णयकर्ता बना सकता है।

**काम है फायदेमंद**

मनी मैनेजमेंट ऐप जैसे उपकरण बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा निर्धारित कार्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उन्हें इस बारे में शिक्षित करने में मदद करता है कि पैसा कैसे कमाया जाता है और निश्चित रूप से इसे महत्व देने की बेहतर समझ है।

**माता-पिता को लाभ**

यह माता-पिता को अपने बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने और उन्हें इस तरह से पालने में मदद करता है कि भविष्य की मांग है। हम जानते हैं कि भविष्य तकनीक से संबंधित है और यहां तक कि माता-पिता भी पीढ़ीगत अंतर की भावना के बगैर कुशल व अपडेट होकर साथ चलेंगे। अपने बच्चों में ऐसी आदतें डालने से माता-पिता कई तरह से सुरक्षित महसूस करते हैं। ऐप्स डिजिटल कल्याण भी सुनिश्चित करते हैं और माता-पिता स्क्रीन समय को नियंत्रित करने व अधिक पारिवारिक समय सुनिश्चित करने के लिए ऐप पर स्क्रीन टाइम सेट कर सकते हैं। ऐसे मंच न केवल पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास के बारे में बच्चे को शिक्षित करने में सही कदम उठाते हैं बल्कि माता-पिता के लिए आवश्यक उपकरण भी देते हैं।

किशोरावस्था से पहले की वित्तीय साक्षरता इस डिजिटल युग में पैसे का प्रबंधन करते समय जिम्मेदार आदतों को सीखने व अभ्यास करने में बच्चों के लिए एक मूल्य-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगी। यह माता-पिता को भविष्य के ऐसे वयस्कों को पालने में मदद करेगा जो स्वयं की देखभाल कर सकते हैं और स्वतंत्र रूप से विकसित हो सकते हैं क्योंकि स्वतंत्रता व जिम्मेदारी सफलता की उम्मीद में महत्वपूर्ण कारक हैं। इस तरह के मंच दुनिया को बच्चों के लिए अधिक इंटरैक्टिव, मजेदार और व्यापक बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से शिक्षित करते हैं। जैसा कि भारत में वित्तीय शिक्षा की कमी है, पैसे की अहमियत को सुदृढ़ करने के बहुत कम व्यावहारिक तरीके हैं ताकि वे जीवन भर बच्चों के साथ रहें।

डिजिटल बैंक एक पारंपरिक उपकरण है जिसे ज्यादातर हर भारतीय बच्चा अपनाता है। उसी पैटर्न को डिजिटलाइजेशन में बदलने से बच्चों को सीखने और साथ ही साथ वित्तीय साधनों का आनंद लेने में मदद मिलेगी।

बच्चों को वित्तीय नियोजन के बारे में शिक्षित करने में मदद करना उनके लिए बड़े होने पर एक आशीर्वाद हो सकता है।

# हर महिला का सहयोग मायने रखता है, चाहे वो बड़ा हो या छोटा

**विभा चुग का कहना है कि हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को एक बेहतर भविष्य दें, ऐसा करने के लिए प्रत्येक महिला, विशेष रूप से वंचितों को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है**

**वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आपको किस वजह से प्रेरित हुईं?**

महामारी के दौरान हर कोई अपने घरों में बंद था। मैं अक्सर रातों में गली के कुत्तों की भूखी चीत्कारों से जाग जाती था क्योंकि जो लोग उन्हें खिलाने वाले थे वे सड़कों से गायब हो गए थे। मैंने अपनी सोसाइटी के बाहर करीब 10 कुत्तों को खाना खिलाना शुरू किया और एक महीने के भीतर मैं करीब 200 कुत्तों को खाना खिला रही थी। उन बेजुबानों की देखभाल करने के लिए मुझे पैसे की जरूरत थी इसलिए मैंने कुछ ऐसा शुरू करने की सोच रखी, जहां मैं उनकी जरूरतों के लिए पैसे कमा सकूं। मैंने निठारी गांव में कुशल महिलाओं की तलाश शुरू कर दी, ताकि वे उस तरह के कौशलों को समझ सकें जो मौजूद थे। वे जानती थीं कि कैसे बुना जाता है। इस तरह यह सब शुरू हुआ और सखा एक पहल फाऊंडेशन का जन्म हुआ।


विभा चुग
निदेशक, साखा एक पहल फाउंडेशन

**महिलाओं को सशक्त बनाने के बाद आपने उनमें क्या बदलाव देखे हैं?**

बहुत। इनमें से कुछ महिलाओं ने कभी अपने घरों से बाहर कदम नहीं रखा था। जब मैं अपनी टीम को दोपहर के भोजन के लिए बाहर ले गयी, तो उन्होंने पहली बार ऐसा खाना खाया था जो घर पर नहीं बना था। लेकिन हमारे साथ जुड़े होने के कारण, हमें एक साथ आए डेढ़ साल से अधिक हो गए हैं, उनके पास बैंक खाते हैं। हो सकता है कि वे भरपूर पैसे न कमाएं, लेकिन यह उन्हें सशक्त बनाता है - कि उनका भी समाज में एक स्थान है और वे सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। हर महिला का योगदान मायने रखता है, चाहे वह बड़ा हो या छोटा।

**महिलाओं का आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना कितना महत्वपूर्ण है?**

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनमें से कुछ महिलाओं को कभी नहीं पता था कि उनके हाथों में पैसा होने का अर्थ क्या है। मैंने उनसे कहा कि उनके छोटे बच्चे हैं। जब उन्हें स्कूल भेजने का समय होगा तो उन्हें पैसे कहां से मिलेंगे? वित्तीय स्वतंत्रता उन्हें यह स्वतंत्रता देती है कि वे अपने हिसाब से खर्च करने में सक्षम हों। यळ कुछ ऐसा था जो पहले उनके लिए अजनबी था। बरसात के दिनों में सुरक्षित रहना या अपने बच्चे की शिक्षा का भुगतान करना मुक्ति है। यह उन्हें सशक्तिकरण की भावना देती है जिसे वे कभी नहीं जानती थीं कि उनके लिए यह पाना संभव था।

**फाऊंडेशन की स्थापना के बाद आपकी यात्रा में कौन सी चुनौतियां आईं?**

फाऊंडेशन स्थापित करना कठिन नहीं था। इन महिलाओं को बुनना और क्रोचेट करना सिखाना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। कुछ महिलाओं को कौशल पता था, उन्होंने दूसरों को सिखाया। मैंने वीडियो देखने में घंटों बिताए कि कैसे क्रोचेट करना है और फिर इन महिलाओं को सिखाना होगा। लेकिन यह सब इसके लायक रहा है। जब मैं इन महिलाओं को देखती हूं और उन्होंने जिस तरह की प्रगति की है, मुझे उन पर गर्व होता है।

**कितनी महिलाएं फाऊंडेशन से जुड़ी हैं? क्या और अधिक शामिल हो सकती हैं?**

हमने कुछ मुट्ठी भर महिलाओं से शुरुआत की थी। आज 75 ऐसी महिलाएं हैं जो हमारे फाऊंडेशन से जुड़ी हुई हैं। अधिक की गुंजाइश हमेशा रहती है। जैसे-जैसे हमारे उत्पादों की श्रृंखला (कुत्ते के स्वेटर, बीनियां, मफलर, लेग वार्मर, मिट्टेंस, क्रोकेट टेबल रनर, सोफा थ्रो) बढ़ती है, वैसे ही उन महिलाओं की मांग भी बढ़ जाती है जो उन्हें बना सकती हैं।

**ये महिलाएं कितना कमाती हैं?**

कुछ नए सदस्य महीने में केवल 500 कमाते हैं क्योंकि वे इतना समय नहीं दे पाते। अन्य 9,000-10,000 कमाते हैं (ये टीम लीडर हैं)। लेकिन औसतन हमारी महिलाएं 6,000-7,000 प्रति माह के बीच कमाती हैं।

**आप यहां से कहां पहुंचने वाली हैं?**

अब जब गर्मी आ गई है, तो हम अपने उत्पादों (क्रोकेट बिकनी, बंडाना) को व्यापक बनाने की योजना बना रहे हैं, जिन्हें गर्मियों में भी बेचा जा सकता है। मैं इन महिलाओं को पूरे साल काम देना चाहती हूं और सिर्फ सर्दियों के महीनों तक ही सीमित नहीं रहना चाहती। उम्मीद है, हम क्षमता दर क्षमता आगे बढ़ते जाएंगे।




डिजिटल प्रौद्योगिकी में तीव्र प्रगति ने डेटा गोपनीयता के संबंध में नई सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है। मजबूत व प्रमाणित क्रिप्टोग्राफिक कुंजी सुरक्षा तंत्र के कार्यान्वयन द्वारा डेटा सुरक्षा की जा सकती है। वर्तमान में, निगम और सरकारें उपरोक्त चिंताओं के लिए ब्लॉकचेन पर अधिक से अधिक भरोसा कर रही हैं।

क्रिप्टोलॉजी का उपयोग करते हुए ब्लॉकचेन ने कई ऐसी सुविधाओं को सक्षम बनाया है जिन्होंने डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में योगदान दिया है। इसके अलावा, डेटा को ब्लॉक में संग्रहीत करके व उन्हें चैनों से जोड़कर प्रबंधित करने में आसानी से, छेड़छाड़ पर रोक लगाने से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में इसके अनुकूलन में वृद्धि हुई है।

**डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन कैसे योगदान देता है**-हाल के दिनों में, डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन सबसे आगे रहा है। डेटा स्टोर करने के लिए ब्लॉक और चेन की प्रणाली हैकर के लिए छेड़छाड़ करना बेहद मुश्किल बना देती है। मुख्य रूप से सुरक्षा के कारण, दुनिया भर के निगमों द्वारा ब्लॉकचेन को तेजी से अपनाया गया है,- अवलंबी और आगामी दोनों स्तरों पर। दुनिया के शीर्ष 100 सार्वजनिक निगमों में से 81 ने कुशल कामकाज व सेवा तंत्र के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अनुमान है कि 2021-26 के बीच इसके बाजार का आकार 68.4 प्रतिशत की सीएजीआर से 67.4 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

**सत्यापन और एन्क्रिप्शन**-फेसबुक (मेटा) की सबसे प्रसिद्ध डेटा-लीक गाथा ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा चिंताएं पैदा की थी। हालांकि, ब्लॉकचेन ऐसी चिंताओं को कुशलता से संबोधित करता है। यह अंतर्निहित सुरक्षित गुणों वाली डेटा -संरचना के कारण एन्क्रिप्ट किया गया है। जो कुशल और उचित सत्यापन में योगदान देता है। जब भी कोई विशिष्ट मानदंड पूरा होता है तो किसी विशेष सत्यापन के होने का आश्वासन देने के लिए इस तकनीक के साथ स्मार्ट अनुबंधों का उपयोग किया जा सकता है।

**सुरक्षित व प्रतिरोधी**-महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित करने की क्षमता के साथ, ब्लॉकचेन धोखाधड़ी व अवैध धोखाधड़ी को रोकता है। यह एक एंड-टू-एंड सुरक्षित नेटवर्क सुनिश्चित करता है जिसे बदला नहीं जा सकता, जो हैक करना मुश्किल बना रहा है। यह डेटा को एन्कोड करता है और गोपनीयता के मुद्दों से निपटने के लिए पहुंच को सीमित करता है ताकि कोई भी संग्रहीत डेटा को पढ़ या बदल न सके। इसलिए, डेटा अपरिवर्तनीयता इस तकनीक की मूलभूत विशेषताओं में से एक है जो नए किस्म की सुरक्षा प्रदान करती है।


निशांत बहल,
फाउंडर, एक्स्पैंड माय बिजनेस

**पता लगाने की क्षमता**-एक परिसंपत्ति के भ्रमण के प्रत्येक चरण में ब्लॉकचेन द्वारा एक पेपर ट्रेल सत्यापन किया जाता है। यह धोखाधड़ी और जालसाजी से प्रभावित क्षेत्रों में उत्पादों के आसान सत्यापन को सक्षम बनाता है। यह ग्राहकों के साथ प्रामाणिक डेटा विनिमय की अनुमति देता है। डेटा का पता लगाने की क्षमता संगठन या प्रक्रियाओं के कामकाज में किसी भी प्रकार की खामियों का भी खुलासा कर सकती है।

ब्लॉकचैन 21वीं सदी की महत्वपूर्ण प्रगतियों में से एक है। अनुमान लगाया गया है कि दुनिया 2024 तक 20 बिलियन डालर तक पहुंचने के लिए ब्लॉकचेन समाधान व वैश्विक ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी बाजार की राजस्व क्षमता पर 11.7 बिलियन डालर खर्च करेगी। इसके अतिरिक्त, यह स्टार्टअप हैं जिन्हें प्रभावी ढंग से पेश किया गया है और जिन्होंने जनता के बीच तकनीक के अनुकूलन में नेतृत्व किया है।

**स्टार्टअप के लिए ब्लॉकचेन को व्यवस्थित करने की आवश्यकताएं**-तकनीक उन्नत दुनिया में ब्लॉकचेन की विशाल क्षमता है। उपभोक्ताओं को प्रभावी सेवाएं प्रदान करने में स्टार्टअप द्वारा इस क्षमता का लाभ उठाया जा रहा है। इसके अलावा, पिछले साल, ब्लॉकचैन-आधारित स्टार्टअप ने फंडिंग में 4.4 बिलियन डॉलर जुटाए, जो इन प्रमुख मापदंडों के कारण आने वाले समय में तेजी से बढ़ना लाजिमी है।

**सुरक्षा में सुधार** -ब्लॉकचेन तकनीक में उपयोग की जाने वाली विकेन्द्रीकृत संरचना बहुत मूल्यवान साबित हुई है। एक वितरित खाता प्रणाली के माध्यम से प्रदान की जाने वाली उच्च स्तर की सुरक्षा एक सुरक्षित व संरक्षित डेटा वेब स्थापित करने में सुविधाजनक है। यह संग्रहीत डेटा के साथ हस्तक्षेप करना और छेड़छाड़ करना असंभव बना देता है। वित्तीय स्टार्टअप जैसे वजीरक्स, कॉइनडीसीएक्स, बिटपे आदि सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन का उपयोग कर रहे हैं।

**गति और दक्षता बढ़ाता है**-व्यापार से संबंधित पारंपरिक व भारी कागज-आधारित कार्यों को ब्लॉकचेन की मदद से सुव्यवस्थित व स्वचालित किया जा सकता है, और लेनदेन तेजी से व अधिक कुशलता से किया जा सकता है। जो एकल डिजिटल लेजर रिकॉर्ड रखने तथा उन्हें अन्य पार्टियों के साथ साझा करने के लिए जिम्मेदार है। इस प्रकार, समाशोधन और निपटान एक ही बार में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, अमेजॅन वेब सेवाएं - एडब्ल्यूएस।

**पारदर्शिता बढ़ाता है**-ब्लॉकचेन तकनीक ने व्यवसायों में अधिक पारदर्शिता की पेशकश की है। प्रौद्योगिकी के विकेन्द्रीकृत ढांचे के कारण सभी नेटवर्क सहभागी समान दस्तावेज साझा करते हैं। सार्वजनिक सत्यापन की संपत्ति सभी हितधारकों के बीच वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता व सटीकता को बढ़ाती है। वॉलमार्ट की सप्लाई चैन तथा खुदरा संचालन में अमेजोन पारदर्शी सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन पर आधारित है।

# शैक्षणिक प्रतिमान को बदलने वाली है केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा

सभी विश्वविद्यालयों के लिए साझा प्रवेश परीक्षा एक स्वागत योग्य कदम प्रतीत होता है। एमके यादव कहते हैं कि यह पाठ्यक्रम को रटने के बजाय वैचारिक समझ, महत्वपूर्ण सोच, व्यापक कौशल व निर्णयकारी क्षमता पर अधिक ध्यान केंद्रित करके पारंपरिक शैक्षणिक प्रतिमान को बदलता है।

**सीयूईटी,** जिसे पहले सीयूसीईटी के रूप में जाना जाता है, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा है, जो शैक्षणिक सत्र 2022-23 से 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए अनिवार्य है। परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में होने की संभावना है और सीयूईटी के लिए आवेदन विंडो 2 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल 2022 तक खुली रहेगी। स्नातक स्तर पर सामान्य प्रवेश परीक्षा होने का विचार रटंत शिक्षण के बजाय छात्रों में महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गयी पैरोकारी के तहत, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) नई अवधारणा नहीं है। इसे पहली बार 2010 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एकीकृत पाठ्यक्रमों में 1,500 सीटों के लिए 7 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित किया गया था। शैक्षणिक वर्ष 2021-22 तक, 12 केंद्रीय विश्वविद्यालय, जैसे उदाहरण स्वरूप, असम विश्वविद्यालय, कर्नाटक विश्वविद्यालय, केरल विश्वविद्यालय, हरियाणा विश्वविद्यालय, पहले से ही सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश लेते थे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सीयूईटी के लिए परीक्षा आयोजित करने वाला प्राधिकरण है।


एमके यादव,
सीएमडी, एआई टेस्टीफाइड

सीयूईटी में, बोर्ड अंक बड़ी भूमिका नहीं निभाने वाला है और प्रवेश का कोई मानदंड नहीं है, हालांकि विश्वविद्यालय प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। उदाहरण के लिए- कोई विश्वविद्यालय अपने विश्वविद्यालय में प्रवेश मानदंड के रूप में 12वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक रख सकता है। परीक्षा को दो तीन खंडों में विभाजित किया गया है- पहला भाषा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और दूसरा उस विशिष्ट विषय क्षेत्र पर हो सकता है, जिसके लिए छात्र प्रवेश मांग रहे हैं और अंतिम खंड सामान्य क्षमता पर आधारित है। भाषा अनुभाग को फिर खंडों में विभाजित किया गया है- 1ए- जिसमें 13 भाषा का पेपर है और खंड 1बी- में 19 भाषा का पेपर है। यदि कोई छात्र विशिष्ट भाषा में स्नातक करने का लक्ष्य रखता है, तो उसे भाषा के पेपर फॉर्म 1बी का चयन करना होगा। छात्र सेक्शन 1ए और 1बी से एक साथ अधिकतम तीन भाषाओं का चयन कर सकता है। डोमेन विशिष्ट अनुभाग में 27 विषय हैं और छात्र अधिकतम 6 विषयों का चयन कर सकता है। यदि डोमेन विशिष्ट सूची में किसी विषय का उल्लेख नहीं है, तो छात्र उस विषय का चयन कर सकता है, जो डोमेन सूची से बहुत निकट से संबंधित है। उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र जैव प्रौद्योगिकी में प्रवेश चाहता है, तो वह जीव विज्ञान को एक विषय के रूप में चुन सकता है।

डोमेन विशिष्ट प्रश्न एनसीईआरटी से होंगे। सामान्य परीक्षा में सामान्य ज्ञान जैसे करंट अफेयर्स, सामान्य मानसिक क्षमता, मात्रात्मक रीजनिंग व तार्किक और विश्लेषणात्मक रीजनिंग जैसे क्षेत्रों से प्रश्न होंगे। इसके अलावा, प्रत्येक अनुभाग से विकल्प चुनना अनिवार्य नहीं है और विकल्प वांछित विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। छात्रों को उन्हीं भाषा व विषयों का चयन करने की सलाह दी जाती है, जो उन्होंने कक्षा 12वीं बोर्ड में पढ़े हैं, हालांकि यदि कोई विश्वविद्यालय इस संबंध में किसी भी छूट की अनुमति देता है, तो सीयूईटी के तहत इसका प्रयोग किया जाएगा। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट को अक्सर देखते रहें, जिसमें वे प्रवेश के लिए आवेदन करेंगे। समस्त विश्वविद्यालयों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा लगातार बढ़ती कट-ऑफ(जैसे डीयू) पर रोक लगाएगी और रटंत शिक्षण के बजाय छात्रों की महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। यह विभिन्न बोर्डों के छात्रों पर समान पायदान पर भी विचार करेगी, चूंकि 12वीं के अंक देने में विभिन्न बोर्डों में एकरूपता का पालन नहीं किया जाता है, इसलिए हमेशा 12वीं के अंकों के आधार पर एक तरह का भेदभाव होता है और यह प्रवेश पाने वाले छात्रों को समान अवसर प्रदान नहीं करता है। सभी प्रतिष्ठित कॉलेजों में। सीयूसीईटी विभिन्न कठिनाई स्तरों वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षाओं को समाप्त करके प्रवेश को अधिक सुव्यवस्थित व छात्र-अनुकूल बनाने हेतु एकल-खिड़की मंच भी प्रदान करेगा।

# मेरा आंगनबाड़ी मानकर और अपना स्वामित्व लेकर काम करें : कलेक्टर महोबे

## कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक लेकर काम-काज और योजनाओं के क्रियान्वन की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने यहां जिला कार्यालय के सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित साझा योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने राज्य शासन महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के क्रियान्वयन और उनके प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर महोबे ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग सबसे महत्वपूर्ण विभागों में एक है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से देश के भावी पीढ़ियों को तैयार किया जाता है। आंगनबाड़ी के माध्यम से शिशुवती माताओ, गर्भवती माताओं के साथ-साथ तीन वर्ष के बच्चो से लेकर बुजुर्ग एनिमिक माताओं के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं भी संचालित होती है। कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, मैदानी अमले, से लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका में यह मेरा आंगनबाड़ी है यह भावना उनके अंदर होनी चाहिए। सभी को ये मेरा आंगनबाड़ी है और उस सभी आंगनबाड़ी का स्वामित्व होकर काम कराना होगा, तभी शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों का सफ्लतापूर्णक कियान्वयन किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि देखिए,जब ऐसी भावना लेकर काम करेंगे और फिल्ड का विजिट करेंगे तो सभी आंगनबाड़ी में वहां के बच्चों के प्रति अलग-ही लगाव होगा। बच्चों, शिशुवती माताओं और गर्भवती माताओं के लिए सकारात्मक वातावरण अपने-आप ही तैयार होते जाएगा। अब तक आप आंगनबाड़ी में जब तक वहां के बच्चों को अपना बच्चा समझकर उनके साथ अच्छा व्यवहार बनाए। आंगनबाड़ी के बच्चे बहुत अबोध होते है, उसे आंगनबाड़ी में बैठने, खेलने और खाना खिलाने ऐसे काम भी करने होते है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सूदूर व दूर्गम बनाचंल क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र,स्वास्थ्य केन्द्र जिला प्रशासन के प्रथम कड़ी में होगी। इसलिए वनांचल क्षेत्रों में संचालित आंगबनाड़ी केन्द्रों को बेहतर ढंग से संचालित करे। केन्द्रों के माध्यम से चिन्हांकित सभी योजनाओं और कार्यक्रमों के हितग्राहियों का लाभ शतप्रतिशत मिलनी चाहिए। आंगनबाड़ी परिसर, रसोई घर, स्व्च्छ एवं साफ होने चाहिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए उपलब्ध खेल समाग्री को बच्चों का खेलने के लिए जरूर दे। आलमारी में नहीं रखे। बच्चों को खेल-खेल में बच्चों के साथ बातचित भी करें। कलेक्टर ने जिलें में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र, मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्र तथा मरम्मत कार्य के लिए स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों की पूरी जानकारी लेते हुए रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को जनपद सीईओ से लेकर ग्राम स्तर के अमले और क्षेत्र के ग्राम सचिव व स्थानीय अमलो से समन्वय बना कर रखने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर ने विभागीय कामकाज की समीक्षा में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राष्ट्रीय पोषण अभियान, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, किशोरी बालिका योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी जतना योजना, पोषण पुर्नवास केन्द्र योजनाओं की गहनता से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## बच्चों में मोबाइल की लत छुड़ाने होगा विशेष अभियान

दुर्ग। ऑनलाइन क्लासेज की वजह से अधिकांश बच्चों में मोबाइल की लत लग गई है। इससे उनकी फिजिकल एक्टिविटी कम हो रही है और मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभाव का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। ऐसे में बाल संरक्षण आयोग की पहल है कि मोबाइल की लत से बच्चों को बचाने एक विशेष कार्यक्रम स्कूलों में चलाया जाए। इसे मनोवैज्ञानिकों की मदद से तैयार किया गया है। इसमें फिजिकल एक्टिविटी पर ज्यादा जोर होगा। यह बात बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम ने कही। उन्होंने कहा कि आजकल तो बच्चे क्राउलिंग करते हैं उसी समय से धीरे-धीरे मोबाइल के अभ्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में हमने मनोवैज्ञानिकों की राय लेकर ब्रोशर तैयार किया है और कार्यक्रम बनाया है। क्लस्टर लेवल पर मास्टर ट्रेनर इस संबंध में शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे और स्कूलों में बच्चों को एक्टिविटी कराई जाएगी। इस दौरान कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में हर संभव कार्य जिले में किया जाएगा। अभी निर्देशित किया गया है कि दस दिनों के भीतर सभी आंगनबाड़ियों और स्कूलों की मरम्मत कर दी जाए। जिन आंगनबाड़ियों में पेरेंट्स बच्चों को अंडा खिलाने के इच्छुक हैं।

## पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंह ने घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के कक्षा छठवीं में दाखिला करावाएं बच्चों को स्कूल बैग, किताब, कॉपी, पेन, पेंसिल, जूता, मोजा वितरण किया

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस विभाग के विशेष पहल से जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा एवं अन्य समाज के लगभग 250 बच्चों का भविष्य अब रोशन हो रहा है। पहाड़ों और जंगलों के बीच से निकलकर ये बच्चे शिक्षा के मुख्यधारा से जुड़कर देश का भविष्य बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नक्सल क्षेत्र के बीच से आए बच्चों का जज्बा अब पुलिस, सेना में शामिल होकर देश की सुरक्षा का जुनून झलकता हुए दिखाई पड़ता है। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षक बनकर अपने देश और समाज के लिए समर्पित होना चाहते है। इन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने घोर नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्र संचालित अस्थाई स्कूल के पांचवी उत्तीर्ण बच्चों को शहर के विभिन्न स्कूलों, आश्रमों, छात्रावास में दाखिला कराया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बच्चों की पढ़ाई की सुविधा के लिए स्कूल बैग, किताब, कॉपी, पेन, पेंसिल, जूता, मोजा बच्चों को प्रदान किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, निरीक्षक (एम) वीरेन्द्र सिंह तारम, स्टोनो युवराज आसटकर एसपी रीडर बेनीराम, प्रधान आरक्षक महेन्द्र चंद्रवंशी, घनाराम सिन्हा उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने द्वारा घोर नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्राम में निवासरत परिवारों के छोटे बालक बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में विभिन्न स्कूल एवं कोचिंग संस्थानों का संचालन कराया जा रहा है। ऐसे बच्चे जो पढ़ाई से वंचित थे उन्हे पुलिस विभाग द्वारा संचालित स्कूल में दाखिला कराया गया है। यह स्कूल घोर नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्रों में संचालित की जा रही है जहां पहली से पांचवी तक के लगभग 250 बच्चे शिक्षा से जुड़े हुए है। पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंह ने पांचवी उत्तीर्ण लगभग 50 बच्चों के आगे शिक्षा की पढ़ाई के लिए शहर के विभिन्न स्कूलों, आश्रमों, छात्रावास में दाखिला कराया है। उन्होंने इन बच्चों की पढ़ाई की सुविधा के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्कूल बैग, किताब, कॉपी, पेन, पेंसिल, जूता, मोजा बच्चों को प्रदान किया।

### पुलिस विभाग द्वारा 8 अस्थाई स्कूल और 3 कोंचिग सेंटर है संचालित

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस विभाग द्वारा अस्थाई स्कूल ग्राम शौरू, बन्दुकंदा, बगईदाह, तेन्दूपडाव, पंडरीपथरा, मांदीभाठ, झुरगीदादर एवं ओपन कोचिंग सेंटर ग्राम बोदा-3, बोक्करखार और कुण्डपानी मे संचालित है। वर्तमान में अस्थाई स्कूल में 250 और ओपन स्कूल कोचिंग सेंटर में 74 विद्यार्थी अध्यनरत है। कबीरधाम पुलिस द्वारा वर्ष 2018 से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अतिनक्सल प्रभावित, वनांचल के गांवों में शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ा जा रहा है।

# परपोड़ा सरपंच व उपसरपंच को अवैध वृक्ष कटाई पर जारी हुआ न्यायालय तहसीलदार बेरला से नोटिस

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत परपोड़ा सरपंच एवं उपसरपंच को अवैध रूप से वृक्ष कटाई के मामले पर बेरला तहसीलदार के द्वारा नोटिस जारी किया गया है, ज्ञात है कि बेरला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत परपोड़ा में सरपंच एवं उपसरपंच के द्वारा अवैध वृक्ष कटाई के संबंध में गंभीर मामला फरवरी 2022 में मामला सामने आया था।जिस पर ग्राम परपोड़ा पटवारी रवि चंद्रवंशी के द्वारा ग्राम पंचायत परपोड़ा पटवारी हल्का नंबर 5 लटटी बाबा रोड में शासकीय नर्सरी जिसको महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत खसरा नंबर 1385 रकबा लगभग 31.52 हेक्टेयर भूमि पर जिसमे नीलगिरी बांस आंवला करौंदा व अन्य वृक्ष लगा हुआ है जिसमे पटवारी ने जांच के दौरान 27 नीलगिरी,बांस के 16 गौठान के पास 7 से 8 नीलगिरी वृक्ष नर्सरी से काटा गया है इसकी पुष्टि करते हुए तुरंत जगह में रहकर उनके द्वारा पंचनामा तैयार किया गया था व नायाब तहसीलदार को सारा रिपोर्ट सौंप दिया था। इस मामले में 5 माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुआ जिससे अधिकारी द्वारा सरपंच व उपसरपंच को संरक्षण की बात सामने आने लगी जिसमे 3 अगस्त 2022 को मीडिया द्वारा मामले को अध्ययन करते हुए जगह में रहकर सारा चीज विस्तार से मामला का उजागर किया इस खबर के बाद नायाब तहसीलदार द्वारा 5 अगस्त को मामले को संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत परपोड़ा के सरपंच संतोषी साहू व उपसरपंच डोमन साहू को अवैध वृक्ष कटाई के संबंध में नोटिस जारी किया गया व 8 अगस्त सोमवार को मामले की सुनवाई के लिए पेश होने को कहा।

### मुख्यमंत्री के बेरला नगर आगमन पर ग्रामीणों द्वारा सीधी शिकायत की बात कही

सूत्रों से जानकारी मिली है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 12 अगस्त को बेरला नगर आगमन होने वाला है ।शंकर साहू,तेजराम साहू,पंचु निषाद सुनील राजपूत,बीरेंद्र वर्मा,नीरज राजपूत व अन्य ग्रामीणों ने कहा कि नगर आगमन के दिन मुख्यमंत्री से मिलकर अवैध वृक्ष कटाई मामले में सीधी शिकायत की जाएगी।

# घर घर तिरंगा फहराने के आवाहन सैनी ने पैदल यात्रा का नगर में स्वागत किया



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आजादी के 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा फहराने के आह्वान को साकार करने कृष्ण कुमार सैनी झंडा लेकर पदयात्रा करते हुए बेमेतरा पहुंचे जहां बेमेतरा सिग्नल चौक में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया जहां पदयात्री कृष्ण कुमार से मुलाकात कर प्रधानमंत्री के हर घर झंडा फहराने की मुहिम को साकार करने शुभकामनाएं दी बतादें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा जिसके अंतर्गत आजादी के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' फहराने के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए धावक कृष्ण कुमार सैनी रायपुर से दिल्ली की पदयात्रा पर निकले है हर घर तिरंगा अभियान के भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर के भारत माता मंदिर से हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया है जो पदयात्रा के दूसरे दिन बेमेतरा पहुंचे है वही सैनी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत उनकी यह पदयात्रा कुल 16 दिन की होगी जो 21 अगस्त को दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद जवानों को नमन कर उनकी पदयात्रा संपन्न होगी उन्होंने बताया कि वे छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान और हरियाणा होते हुए कुल 1150 किमी का सफर तय कर दिल्ली पहुंचेंगे उन्होंने प्रतिदिन 70 से 75 किमी पैदल चलने का लक्ष्य रखा है। स्वागत सांसद प्रतिनिधि अनिल महेश्वरी हर्ष तिवारी राकेश मोहन शर्मा राजेश शर्मा जी साहित बड़ी संख्या में नगर वासी शामिल हुवे।

# ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसी नेता, शहीद महेंद्र कर्मा जी की जयंती मनाई गई



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

इस दौरान शहीद महेंद्र कर्मा के तैलचित्र में माल्यार्पण व तिलक वंदन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उनके द्वारा प्रदेश हित में व कांग्रेस पार्टी के लिए किये गए उल्लेखनीय कार्यो को स्मरण किया गया दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर , नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ,उत्तर मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मसीह ,नगर अध्यक्ष मजदूर कांग्रेस रामू शर्मा ,ब्लॉक सचिव डोमेन्द्र सावलकर ,नगर अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जावेद खान ,अनिल कोम्बे ,पूर्व पार्षद रमेश भगत ,जिला अध्यक्ष कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ विलियम भौरा उपस्थित रहे।

# पुस्तकीय ज्ञान के अलावा व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी है बच्चों के लिए कुछ हटकर होता है शनिवार को

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासन के आदेशानुसार शनिवार को बस्ता विहीन कार्य करना है शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में पदस्थ शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा का कहना हैं की बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के अलावा व्यवहारिक ज्ञान भी देना आवश्यक है, छोटे उम्र से ही बच्चों में यह भावना जागृत करना कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद, व्यायाम, योगाभ्यास, साफसफाई आवश्यक है साथ ही अपने परिवेश को समझना हम शनिवार के दिन बच्चों को बिना बस्ता के बुलाते हैं इस दिन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह रहता हैं की उन्हें आज कुछ नया करना है, क्लास की बंधन नही हैं, पौधों की देखभाल करना, नए पौधा रोपित करना आदि में बच्चों का कार्य सराहनीय रहता है इसी कड़ी में शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा द्वारा विषय वस्तु से सम्बंधित पाठ जैसे गुड़िया रानी की शादी, सावन आगे आदि पाठ को शनिवार के दिन आवश्यक सामग्री का संकलन करते हुए बच्चों को गतिविधिपूर्ण तरीके से समझाती हैं जिससे बच्चें गतिविधि के माध्यम से भली भांति समझ पाते हैं, शिक्षिका शनिवार नो बैग डे के दिन हमारी संस्कृति हमारी पहचान छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संजोने की प्रयास की बांस से बनी हुई वस्तुओं का संग्रहण की, यह सामग्री बहुत यह सामग्री बहुत छोटे रूप में हैं, जैसे सुपा का छोटा रूप सुपली, टुकनी, पर्री, पंखा, फूलदान, गुलदस्ता, बाँसुरी आदि इसे बच्चें शाला में खिलौनों के जैसे खेल सकते हैं।

# विधानसभा स्तरीय 75 किमी पद यात्रा 9 अगस्त से बेरलाकला से होगा प्रारंभ: विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक कार्यालय बेमेतरा में आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा की उपस्थिति में बेमेतरा विधानसभा स्तरीय पद यात्रा की तैयारियो को लेकर बैठक आयोजित किया गया, बैठक में बताया गया की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार,छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक महोत्सव पर विधानसभा स्तरीय पद यात्रा 09 अगस्त से 14 अगस्त तक पदयात्रा प्रस्तावित है जिसमें बेमेतरा विधानसभा स्तरीय पदयात्रा होगी पद यात्रा, दिनाक 9 अगस्त दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे ग्राम बेरलाकला से कण्डरंका भालेसर चौक हरदी पिरदा होते हुए भिभौरी में विश्राम दिनाक 10 अगस्त दिन बुधवार को ग्राम भिभौरी से पिरदा नेवनारा हसदा हुए ग्राम सांकरा में विश्राम दिनाक़ 12 अगस्त दिन शुक्रवार को सांकरा से बांसा बहेरा नगर बेरला में दोपहर 03 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के कार्यक्रम में शामिल होंगे, दिनाक 13 अगस्त दिन शनिवार को नगर बेरला से रामपुर(भांड) कुसमी खर्रा देवरी होते हुए सरदा में विश्राम रहेगा, दिनाक 14 अगस्त दिन रविवार को ग्राम सरदा से अमोरा जेवरी बीजाभाठ कोबिया गांधी मैदान बेमेतरा में विशाल आमसभा इस अवसर पर अवनीश राघव, टी आर जनार्दन, टी आर साहू, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, विजय पारख, मौजीराम साहू,मंगत साहू, रासबिहारी कुर्रे,मनोज शर्मा, प्रवीण शर्मा,रवि परगनीया, तखत राम साहू,इंद्रचंद जैन, अजय ठाकुर,सिददीक खान,संदीप राजपूत,राजा साहू, यशवंत साहू,राजू साहू, बहल वर्मा, रावेंद्र देवांगन, ध्रुव रजक,रानी सेन, शिल्पी मिश्रा, संतोष महराज,बलवंत साहू, जितेंद्र ढीमर,योगेश मिश्रा, लोकसिंग वर्मा सहित कांग्रेसगण उपस्थित रहे।

# कबीरधाम के बोड़ला ब्लाक में श्रमजीवी पत्रकार संघ पदाधिकारियों का चुनाव 9 अगस्त को होगा

पायनियर संवाददाता ∢ कबीरधाम
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई कबीरधाम जिले के ब्लॉक बोड़ला में श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों के मांग पर बोड़ला ब्लॉक में पदाधिकारियों का चुनाव दिनांक 9 अगस्त 2022 को बोड़ला के रेस्ट हाउस में दोपहर 12:00 बजे मीटिंग रखी गई है। जिसमें प्रदेश सचिव आदरणीय सलूजा जी एवं कबीरधाम जिले के जिलाध्यक्ष आदरणीय अभिताब नामदेव की गरिमामय उपस्थिति में चुनाव कार्य संपन्न की जायेगी ,कार्यक्रम में बोडला क्षेत्र के ही सदस्यो के अनुसार उनके ही बीच के सदस्यो के द्वारा ही सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने जायेगे चूंकि प्रदेश का सबसे बड़ा और विश्वसनीय पुराना संगठन होने के कारण पत्रकारों में काफी खुशी बनी हुई है बता दे कि हमारे संघ का पूरे जिले के सदस्यो के नाम एवं नंबर सहित पूरे प्रदेश में हमारा डायरेक्टरी का भी प्रतिवर्ष प्रकाशन होता है,जिस कारण पूरे प्रदेश में कही भी कोई भी हमारे साथियों पर कोई संकट आ जाए तो प्रदेश के साथी एक स्वर में खड़े रहते है ।चूंकि कबीरधाम जिले में हमारे जिलाध्यक्ष भाई अभिताब नामदेव अपने एक एक साथियों का सम्मान करते हुए उनके सुख दुख में हमेशा ही साथ खड़े रहते है तो जिले में हमारा संघ काफी मजबूती के साथ सबसे बड़ा संघ के रूप में खड़ा है।उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी मुहम्मद रियाज ने दी।

## अंर्तराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मिली मदद

# वर्चुअल कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने बेसबॉल के 19 खिलाड़ियों को बांटे 5000-5000 की सहायता राशि

### कैबिनेट मंत्री ने कवर्धा व छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने के लिए बधाई दी

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय से वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कवर्धा शहर के 19 प्रतिभावान बेसबॉल खिलाड़ियों को 5000-5000 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किये। कैबिनेट मंत्री मो.अकबर वर्चुअल प्रोग्राम में जुडे रहते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से खिलाड़ियों को सहायता राशि प्रदान की। उन्होनें खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी हमारे कवर्धा शहर के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन हमेशा करते रहते है और आगे भी आप सभी होनहार खिलाड़ी हमारे कवर्धा शहर सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम हमेशा रौशन करते रहेगें। सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। सभी बेसबॉल के खिलाड़ियों ने प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान करने के लिए कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर व नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### खेल प्रतिभा का धनी है हमारा कवर्धा-ऋषि कुमार शर्मा

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि हमारे कवर्धा शहर खेल प्रतिभा का धनी है सभी खेलों के खिलाड़ी इस शहर में निवास करते है कवर्धा के खिलाड़ी जिले सहित पूरे प्रदेश का नाम हमेशा रौशन करते रहे है उन्होनें बताया कि हम सभी हमेशा अखबार, न्यूज चैनलों, सोशल मिडिया के माध्यम से देखते, पढ़ते रहते है कि कवर्धा के प्रतिभावन खिलाड़ी देश ही नही अपितु पूरे भारत देश में कवर्धा शहर के नाम का परचम लहराते रहते है उन्होनें बताया कि इन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भाई द्वारा अपने स्वेच्छानुदन मद से राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्तर के बेसबॉल खिलाड़ियों को 5000-5000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान प्रदान कर मदद किये है। उन्होनें बताया कि निश्चित ही इन प्रतिभावन खिलाड़ियों द्वारा आगे भी कवर्धा सहित पूरे प्रदेश के नाम रौशन करते रहेगें। उन्होनें सभी खिलाड़ियों को कहा कि खेल के दौरान कोई भी समस्या या परेशानी आती है तो सीधे मुलाकात कर अपनी समस्याओं को अवगत करा सकते है।

इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जमील खान, नरेन्द्र देवांगन, चुनवा खान, सुशीला धुर्वे, मोहित माहेश्वरी, सुनील साहू, उत्तम गोप, संजय लांझी, संतोष यादव, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, हिरेश चतुवेदी, राजेश गुप्ता, बलदाउ चंद्रवंशी, देवा साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे सहित अधिकारी-कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# छात्रों व अभिभावकों ने स्कूल में जडा ताला

- एकमात्र शिक्षक के भरोसे चल रहा लाखा मिडिल स्कूल
- दो शिक्षक की मांग करते थक चुके हैं ग्रामवासी

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




माध्यमिक शाला लाखा में अभिभावक व बच्चों द्वारा स्कूल में नारे लगाते हुए ताला जड़ दिया। इस दौरान बच्चों ने गेट बंद करने के बाद काफी देर तक अधिकारियों की लापरवाही पर नारे लगाते हुए विरोध जताया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस स्कूल में 2 शिक्षिका हैं शिक्षिका श्वेता सिंह नवा जतन द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में उपस्थित होने गई थी जबकि एक शिक्षिका सरस्वती चौहान को स्कूल खोल कर बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी थी पूर्व में भी शिक्षिका सरस्वती चौहान के खिलाफ में स्कूल के अभिभावक सरपंच व बच्चों ने विधायक चक्रधर सिदार के पास शिकायत भी की थी कि शिक्षिका समय पर नहीं आती स्कूल में एक और शिक्षक देने की कृपा करें। विधायक चक्रधर सिदार ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस संदर्भ में चर्चा कर शिक्षक की व्यवस्था करने के लिए कराने के लिए कहा था पर अभी तक 2 शिक्षक ही इस स्कूल में पदस्थ है जिसमें ट्रेनिंग में जाने के कारण स्कूल नहीं आई थी क्यों कि प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित थी शिक्षिका सरस्वती चौहान समय पर स्कूल नहीं आती है जिसके कारण बच्चे और अभिभावक स्कूल में तालाबंदी कर बाहर बैठकर नारा लगाना शुरू कर दिया।

उनका कहना था कि शिक्षिका समय पर स्कूल नहीं आती है क्योंकि 2 शिक्षक होने के कारण स्कूल की हेड संकुल बैठक व प्रशिक्षण का दायित्व निभाती है और एक शिक्षक के भरोसे स्कूल को छोड़कर जाती है जो कि समय पर भी उपस्थित नहीं होती है जिसके कारण लाखा ग्राम के बच्चों का भविष्य सुरक्षित प्रतीत नहीं होता है जिससे चलते स्कूल में ताला बंदी कर विरोध जताया गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में फिर हुआ हादसा ट्रेलर की ठोकर से 3 युवकों की मौत

- मृतकों में दो नाबालिग

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय राजमार्ग 49 में सड़क दुर्घटनाओं का क्रम जारी है। इस मार्ग में 24 घंटे मौत का वारंट लेकर दौड़ती भारी वाहनों की ठोकर से लगातार बेगुनाहों के खून से सड़कें लाल हो रही है। इसी क्रम में शुक्रवार की दोपहर बरगढ़ के पास एक बार फिर से एक तेज रफ्तार टेऊलर की चपेट में आकर तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से चालक वाहन समेत फरार हो गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 49 में खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरगस्ढ़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हृदयविदारक घटना में कोरबा जिले के बांधापाली गांव निवासी रूपसिंह 18 साल, रूपनारायण 15 साल एवं भुवनेश्वर राठिया 16 साल की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी ट्रेलर चालक वाहन सहित फरार हो गया है। घटना के बाद खरसिया पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भिजवाते हुए आरोपी वाहन चालक की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# वर्दी ने फिर दिखाई मानवता

## महिला को मिला नया जीवन, सालो से बिछड़े भाई को भी मिलाया

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



यूं तो आम जनता के बीच पुलिस के कई चेहरे सामने आते हैं जहां कहीं पुलिस के द्वारा एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप हो या फिर अपराधियों को संरक्षण देने तक की शिकायत आम बात होती है। लेकिन कुछ पुलिस अधिकारी ऐसे भी होते हैं जिनके सराहनीय कार्य से आम जन में पुलिस विभाग की छवि काफी अच्छी बन जाती है।

रायगढ़ शहर के सिटी कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर के सराहनीय कार्यो से जनता ही नही अपितु पूरा पुलिस विभाग आज की स्थिति में उन पर गर्व करने लगा है। एक बीमार महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर कोतवाल मनीष नागर एक बार फिर से रायगढ़ की जनता का दिल गए।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगों की लगातार मदद करते हुए कई बार मानवता का परिचय देते आए हैं। जिससे शहर की जनता उन्हें अब गरीबों का मसीहा भी कहने लगी है। आज एक बार फिर से मनीष नागर कुछ ऐसा कर गए जिसकी चर्चा आज सुबह से होनें लगी है। दरअसल मामला कुछ ऐसा है कि एक वृद्ध महिला कुछ समय से बीमार चल रही थी। आज उसकी तबियत अधिक बिगड़ने की जानकारी जैसे ही नगर कोतवाल मनीष नागर को हुई वे बिना समय गंवाये मौके पर पहुंचे और उस वृद्ध महिला को मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर उपचार हेतु भर्ती कराया।

वृद्धा के तबियत में सुधार होनें के बाद उसने रोते हुए मनीष नागर से कहा कि उनकी एक आखरी इच्छा है कि वह अपने बिछड़े हुए भाई से एक बार मिलना चाहती है। जिसके बाद श्री नागर पूरी ताकत झोंकते हुए वृद्धा के बिछड़े हुए भाई को महज चार घंटों में ही ढूंढ निकालते हुए वृद्धा महिला तक अस्पताल पहुंचाया। वृद्धा महिला कई साल बाद अपने भाई को देख भावुक तो जरूर हुई मगर मनीष के इस सराहनीय पहल से वृद्धा के चेहरे पर काफी अर्से बाद मुस्कान लौट आई।

# मीना बाजार लगते ही असमाजिक तत्वों का बढ़ा आतंक

- रात भर शराबियो का रहता है जमवाड़ा, असुरक्षित महसूस कर रहे लोग, पुलिस गस्त पर भी उठ रहे सवाल

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना और स्वाइन फ्लू संक्रमण के इस दौर में शहर के बीच संचालित हो रहे हैं दो मीना बाजार। इस बार पुलिस और प्रशासन को परेशान करने वाला है। मीना बाजार का संचालन शुरू होते ही सावित्री नगर और मोहदापारा एरिया में शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का आतंक भी शुरू हो गया है, पास में ही शराब भट्टी होने के कारण असामाजिक लोगों की गतिविधियां बढ़ गई है। जिससे इस क्षेत्र में निवासरत लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र में पुलिस गश्त ना होना भी असामाजिक तत्वों को बढ़ावा दे रहा है।

नगर निगम प्रशासन रायगढ़ में एक अलग ही कायदा चला रही है जहां कोरोना और स्वाइन फ्लू संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है जिसमें सबसे अहम चक्रधर समारोह का आयोजन भी नहीं करने का निर्णय लिया गया है ताकि भीड़ भाड़ ना हो और संक्रमण ना फैले। वहीं दूसरी ओर निगम प्रशासन ने शहर के बीच सावित्री नगर एरिया में एक नहीं दो दो मीना बाजार के संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। बड़े पैमाने पर लगे इन दोनों मीना बाजार में हजारों लोगों की भीड़ एक साथ इकट्ठे होगी, ऐसे में यदि संक्रमण फै ला तो प्रशासन को इसे काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। लेकिन प्रशासन की एडवाइजरी को दरकिनार करते हुए नगर निगम के अधिकारी और नेता मीना बाजार संचालकों को संचालन की अनुमति दे चुके हैं। इससे शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का आतंक साफ दिखाई दे रहा है। सावित्री नगर में शराब दुकान भी है जो मीना बाजार से कुछ कदम की दूरी पर है। ऐसे में असामाजिक तत्व शराब का सेवन कर मीना बाजार के आसपास आतंक फैला रहे हैं। असामाजिक तत्वों की हरकतों के कारण क्षेत्र में रहने वाले लोग परेशान नजर आ रहे हैं। लोगों को कहना है पुलिस की गश्ती भी नहीं हो रही है शाम ढलने के बाद शराब पीकर असामाजिक तत्व गाली गलौज, मारपीट कर माहौल खराब कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो दोनों मीना बाजार संचालको को अनुमति देने मोटी रकम की उगाही की गई है। यही कारण है कि अनुमति देने वालों ने कोरोना संक्रमण की भी परवाह नहीं की।

### नही बढ़ी पुलिस गस्त

मौदहापारा, सावित्री नगर क्षेत्र में शराब की दुकान भी है। ऐसे में शाम ढलते ही शराबी यहां पहुंचते हैं और शराब सेवन कर घूमते फिरते नजर आते है। कभी कभी तो कई घटनाओं को भी अंजाम दे जाते हैं। इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। चूंकि अब उस क्षेत्र में मीना बाजार लग गया तो इनका उत्पात और भी बढ़ रहा है। देर रात तक शराबी क्षेत्र में हो हल्ला कर रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस गस्त क्षेत्र में नही बढ़ सकी है और पुलिस का डर भी आसामजिक तत्वों को नही सता रहा।

# बैकलेस डे पर प्राथमिक शाला सकरेली बा में बच्चों ने सिपाहियो के लिए बनाई रक्षासूत्र



पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

बैकलेस डे के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला सकरेली बा में बच्चों द्वारा शनिवार को व्यवसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राखी बनाना सिखाया गया, जिसमें बच्चों द्वारा उन रेशम धागा मोती से सुंदर व आकर्षक राखी बनाया गया,स्कूली बच्चों द्वारा बनाया गया,राखी को माना कैंप रायपुर व पुलिस रक्षित केंद्र जांजगीर में पदस्थ पुलिस वाहिनी को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में लिफ़ाफ़ा बंद करके स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा गया ताकि सिपाही ड्यूटी में ही रक्षाबंधन की राखियां पहन सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नंदकिशोर नौरंगे अभिषेक सोनी हीरालाल कंवर पुष्पेंद्र कुमार कश्यप सुनीता राठौर लता राठौर शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# दुकान में बालक को बैठा देख गल्ले से ढाई हजार रुपए निकाल कर भागा युवक

- पुसौर पुलिस आरोपी को लूट के अपराध में गिरफ्तार कर भेजी रिमांड पर

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना पुसौर अंतर्गत ग्राम पड़िगांव में रहने वाले राजेश पटेल पिता रामलाल पटेल (30 साल) थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दोपहर करीब 1:30 बजे अपने दुकान में बेटा कृष्णा पटेल उम्र करीब 10 वर्ष को बैठाकर खाना खाने चला गया। उसी समय गांव का सुनील चौहान दुकान आकर गल्ले में रखे करीब 2500 रुपए निकाल कर भागने लगा कृष्णा सुनील को मना किया तो सुनील उसे धक्का देकर भागा जिसे गांव का प्रकाश श्रीवास भी रोकने का प्रयास किया तो सुनील चौहान प्रकाश श्रीवास को मारने की धमकी देकर रुपए लेकर भाग गया। लूट का अपराध पंजीबद्ध कर पुसौर पुलिस आरोपी सुनील चैहान की पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिससे लूटपाट के संबंध में पूछताछ करने पर लूट किए गए 2,100 रुपए पेश किया जिसे विधिवत जब्ती कर आरोपी सुनील चौहान पिता महात्तम चौहान उम्र 22 वर्ष निवासी पड़िगांव थाना पुसौर को लूटपाट के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# जांजगीर चांपा की जिस भूमि को आरआई जांच कर बता चुके हैं निजी, उसे बेजाकब्जा समझकर चलवा दिया जेसीबी

- वार्ड नंबर एक में बेजाकब्जा की भरमार, फिर भी जिम्मेदारों ने मूंदी अपनी आंखे

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com



शहर के वार्ड नंबर एक में भी बेजाकब्जा की भरमार है। खबरों के मुताबिक, यहां तो सरकारी भूमि को ही स्टाम्प पेपर में लिखा-पढ़ी कर बेच दी गई है, फिर भी जिम्मेदारों को सांप सूंघ गया है। खास बात यह है कि एक नंबर वार्ड में ही खसरा नंबर 388 के हिस्से की भूमि को आंगनबाड़ी निर्माण के समय खुद आरआई ने जांच कर फत्तेचंद देवांगन का बताया था। यहां तक आरआई ने इसकी रिपोर्ट भी एसडीएम को प्रस्तुत की थी। अब उस भूमि में अहाता व मकान निर्माण किया जा रहा था, जिसे बगैर कोई सूचना या नोटिस के बुलडोजर चलवा दिया गया। इस कार्रवाई से प्रशासन कटघरे में है।

आपको बता दें कि चांपा के वार्ड नंबर में सरकारी भूमि का जिस तरह बंदरबाट हो रहा है, उससे स्थानीय प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में है। हाल ही में हमनें फिल्टर प्लांट रोड के किनारे सरकारी भूमि पर बेजाकब्जा कर बनाए जा रहे तीन दुकानों की खबरें प्रसारित की थी। लेकिन इस मामले में स्थानीय प्रशासन ने कोई रुचि ही नहीं लिया, इससे प्रशासन पर बेजाकब्जा करने वालों से सांठगांठ करने का आरोप भी लगा था। दूसरी, नगरपालिका प्रशासन उस भूमि पर कार्रवाई कर रहा है, जिसे राजस्व प्रशासन ने पहले ही क्लीनचीट दे दिया है। पूरा मामला नयापारा वार्ड नंबर एक का है। यहां संचालित आंगनबाड़ी से लगी खसरा नंबर 388 के हिस्से की भूमि फत्तेचंद देवांगन की है, जिसे फत्तेचंद ने पूर्व में खरीदी थी। इसका दस्तावेज भी फत्तेचंद देवांगन के पास मौजूद है। इस भूमि को उसने किसी गरीब व्यक्ति को जीवकोपार्जन के लिए दे दिया है। खास बात यह है कि आंगनबाड़ी से लगी खसरा नंबर 388 के हिस्से की भूमि को लेकर पहले भी विवाद हुआ था। ऐसी स्थिति में मामला एसडीएम तक पहुंचने के बाद उन्होंने आरआई और पटवारी से यथास्थिति की जांच कराई। आरआई ने जब इस पूरे मामले में जांच की तो पता चला कि खसरा नंबर 388 के हिस्से की भूमि पर फत्तेचंद देवांगन का ही कब्जा है और इस भूमि पर फत्तेचंद ने बेजाकब्जा करने के बजाय बकायदा खरीदी है। बीते गुरूवार को फत्तेचंद की इस भूमि पर अहाता व मकान निर्माण के लिए कार्य हो रहा था, जिसे नगरपालिका सीएमओ के आदेश पर बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस भूमि को आरआई पहले ही जांच करके फत्तेचंद देवांगन के होने की पुष्टि करते हुए एसडीएम को रिपोर्ट सौंप चुके हैं, फिर वह भूमि किस आधार पर सरकारी हो गई यह समझ से परे है।

### आंगनबाड़ी निर्माण के समय हुआ था विवाद

नयापारा वार्ड नंबर में संचालित आंगनबाड़ी का जिस समय निर्माण हो रहा था, उस समय भी नगरपालिका ने आपत्ति जताई थी। तब तहसीलदार ने आरआई और पटवारी से पूरे मामले की जांच कराई। आरआई ने जांच प्रतिवेदन में उक्त भूमि को निजी अंकित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत किया था। इसके बाद नगर पालिका को स्थगन जारी किया गया था। बाद में समझौता स्वरूप आंगनबाड़ी को चिन्हांकित कर बाकी हिस्सा फत्तेचंद देवांगन के कब्जे में रहा। उसी कब्जे के हिस्से की भूमि को गरीब व्यक्ति के नाम पर फत्तेचंद देवांगन ने रहन-बसन के लिए एक इकरारनामा निष्पादित कर दिया है।

### नपा की भूमि पर हो रहा था निर्माण

इस पूरे मामले में नगरपालिका सीएमओ प्रहलाद पाण्डेय का कहना है कि उक्त भूमि सरकारी और नगरपालिका के अधिपत्य है, जिसमें निर्माण कराए जाने की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। यदि उक्त भूमि निजी है तो उसका विधिवत सीमांकन कराया जाए। साथ ही उस भूमि से संबंधित कोई दस्तावेज है तो उसे प्रस्तुत किया जाना चाहिए था।

### सरकारी भूमि पर अवैध प्लाटिंग

गौरतलब है कि नयापारा वार्ड नंबर एक में संचालित शासकीय प्राइमरी स्कूल के पास बड़े पैमाने पर सरकारी भूमि है, जिसे एक व्यक्ति ने अवैध प्लाटिंग कर लाखों रुपए कमाया है। इस मामले की शिकायत भी स्थानीय प्रशासन तक बार-बार पहुंची है। इसके बावजूद सरकारी भूमि पर अवैध प्लांटिंग करने वाले पर प्रशासन मेहरबान है। वहीं दूसरी ओर, जिस भूमि को खुद आरआई निजी बताकर एसडीएम को रिपोर्ट सौंप चुके हैं, उस पर कार्रवाई करना प्रशासन के समक्ष यक्ष प्रश्न है।

# खरसिया के तेलीकोट में मोबाइल दुकान में चोरी

रायगढ़.। पुलिस चौकी खरसिया में ग्राम तेलीकोट में रहने वाली सोनी झा बंजारे ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि तेलीकोट में इनके मकान के सामने वाले कमरे को किराना दुकान बनाये है, उसी दुकान में मोबाइल रिपेयरिंग का काम भी करते हैं। करीब 15 दिन पूर्व 07 नग मोबाईल रिपेयरिंग के लिये दुकान में आया था। 02 मार्च की रात दुकान के दरवाजा कून्दा तोडकर किसी अज्ञात चोर दुकान में प्रवेश कर दुकान में रखे सामान मोबाईल चार्जर, मोबाईल हेड फोन , ब्लुट्थ , ओटीजी केबल, चाकलेट 05 डिब्बा, आइसक्रीम, नगदी रकम 4900 रूपये और पुराना रिपेयर में आया मोबाईल 07 नग मोबाइल को चोरी कर ले गया था। चोरी के रिपोर्ट पर चैकी खरसिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा अपने स्टाफ को मुखबिर लगाकर ग्राम तेलीकोट के संदिग्ध प्रवृत्ति के लड़को से पूछताछ कर माल मुल्जित की पतासाजी का निर्देश दिया गया। शीघ्र ही मुखबिर से सूचना पर चौकी खरसिया पुलिस द्वारा चोरी के संदेह में तेलीकोट के तीन युवक राकेश सिदार उर्फ छोटू, दीपक उर्फ पुष्पेंद्र यादव और शुभम यादव को हिरासत में लिया गया। जिनसे चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर तीनों मिलकर 02-03 अगस्त की रात्रि चोरी करना स्वीकार किए और आपस में नकदी रूपये नये सामान मोबाइल चार्जर, हेडफोन, डाटा केबल, ओटीजी केबल आदि को बांट लिये तथा दुकान से चोरी पुराने 07 मोबाइल को पकड़े जाने के डर से मनसागर तालाब में फे ंकना बताएं।

# मशरुम उत्पादन ने बदली समूह की महिलाओं की जिंदगी

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए शासन की बनाई गई योजना किस प्रकार से फलीभूत हो रही है। इसकी एक बानगी विकासखंड रायगढ़ के ग्राम पंचायत सरवानी में देखने को मिली। जहां सखी ग्राम संगठन, मां आदिशक्ति महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य बिजेश्वरी पटेल 2018 ने बिहान समूह से जुड़ी। जहां शासन द्वारा संचालित नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना अंतर्गत ग्राम में गोठान संचालित है, जहां वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, सब्जी बाड़ी एवं वृक्षारोपण किया गया।

यहां महिलाओं को आजीविका से जोडने के लिए समूह गठन से पहले बैठक आयोजित कर आजीविका पर चर्चा कर मशरूम उत्पादन के लिए बैंक से लिंकेज किया गया। बैंक से 50 हजार रुपए प्राप्त कर 20 हजार रूपए की लागत से मशरूम उत्पादन किया गया। समूह के सदस्यों की मेहनत रंग लाई और पहले प्रयास में सफलता अर्जित की। इस दौरान समूह को लगभग 80 हजार रुपए शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। वर्तमान में समूह के सदस्यों द्वारा 2 लाख 50 हजार रुपए बैंक से ऋण लेकर सभी सदस्य मशरुम उत्पादन व्यक्तिगत रूप से कर रहे हैं।

समूह की सदस्य बिजेश्वरी पटेल स्वयं मशरूम उत्पादन करने के साथ अन्य महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलंबनी बना रही है। बिजेश्वरी के परिवार में कुल 6 सदस्य हैं, परिवार की आय का मुख्य स्रोत पारंपरिक कृषि पर ही निर्भर रहता है। लेकिन आज बिजेश्वरी बिहान समूह से जुड़कर मशरूम उत्पादन की जानकारी एवं प्रशिक्षण से लगभग 2 लाख 50 हजार से अधिक का लाभ अर्जित कर चुकी है। आय के स्रोत बनने से परिवार के स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा के साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

# चिटफंड कम्पनी साई प्रकाश एंड प्रोपर्टीज डेव्लपमेंट लिमिटेड' का मुख्य डायरेक्टर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

चक्रधरनगर पुलिस चिटफंड कंपनी साई प्रकाश प्रॉपर्टीज डेवलपमेंट लिमिटेड कंपनी के मुख्य डायरेक्टर और चिटफंड मामले के आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह बघेल पिता कृष्ण प्रताप बघेल उम्र 60 वर्ष निवासी सेमरपाखा थाना व्यौहारी जिला शहडोल की जिला जेल कटनी म.प्र. में औपचारिक गिरफ्तारी कर विशेष न्यायाधीश रायगढ़ के न्यायालय में आरोपी का 18 अगस्त तक ज्यूडिशियल रिमांड लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारीगण लंबित चिटफंड मामलों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये निरंतर प्रयासरत है। थाना चक्रधरनगर में लंबित चिटफंड कंपनी साई प्रकाश प्रॉपर्टीज डेवलपमेंट लिमिटेड कंपनी के संबंध में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा कंपनी के डायरेक्टर्स की जानकारी लेने पर कम्पनी में बतौर डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह, पुष्पांजलि, संदीप सिंह, सहेंद्र सिंह, मृगेंद्र सिंह, धीरेंद्र कृष्ण प्रताप सिंह, रणविजय प्रताप सिंह का पता चला और यह भी जानकारी मिली की इन लोगों ने साई प्रकाश प्रॉपर्टीज लिमिटेड के नाम से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ एवं अन्य जगह कंपनी खोलकर ग्राहकों को कम समय में जमा रकम दुगना करने का प्रलोभन देकर पैसा एजेंटों के माध्यम से रूपये जमा करवाये गये और उसके बाद कंपनी कार्यालय बंद कर भाग गए थे।

## सैमसंग नए फोल्डेबल फोन लॉन्च कर रहा है 10 अगस्त को

**रायपुर।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 10 अगस्त को बैंगलुरू में सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित हो रही गैलेक्सी अनपैक्ड ईवेंट में अपने फोल्डेबल स्मार्टफोंस की अगली जनरेशन का अनावरण कर रहा है। ग्राहक अरली एक्सेस पाने के लिए अगले गैलेक्सी स्मार्टफोन इस ईवेंट से पहले ही प्रि-रिज़र्व करा सकते हैं। अगला गैलेक्सी स्मार्टफोन प्रि-रिज़र्व कराने के लिए ग्राहकों को सैमसंग.कॉम पर या सैमसंग एक्सक्लुसिव स्टोर पर 1,999 रु. की टोकन राशि जमा करनी होगी। अगले गैलेक्सी स्मार्टफोन प्रि-रिज़र्व करने वाले ग्राहकों को डिवाईस की डिलीवरी के बाद 5,000 रु. मूल्य के अतिरिक्त बेनेफिट्स मिलेंगे। सैमसंग स्मार्टफोन की क्षमता के मामले में परंपराओं को बदलकर दायरों का विस्तार कर रहा है। सैमसंग का मानना है कि उपयोगी इनोवेशन तकनीक के दायरे से बढ़कर होते हैं, और एक ऐसा मंच प्रदान करते हैं, जो दैनिक जीवन को ज्यादा समृद्ध एवं बहुआयामी बनाता है। गैलेक्सी अनपैक्ड 10 अगस्त, 2022 को भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे सैमसंग न्यूज़रूम इंडिया पर लाईव स्ट्रीम होगा।

## रीना ताम्रकार को भूगोल में मिली पी.एच.डी. की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी.रमन विश्वविद्यालय, कोटा,बिलासपुर द्वारा शोध छात्रा रीना ताम्रकार को उनका शोध कार्य पूर्ण होने पर पी.एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई है। इनका यह शोध कार्य 'जांजगीर-चाम्पा जिले में औद्योगीकरण का कृषि पर प्रभाव' विषय पर शोध निर्देशिका डॉ. काजल मोइत्रा,एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

## आत्मानंद विद्यालय में राखी बनाओ एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अँग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में कौशल विकास के मद्देनजर विद्यार्थियों को प्रेरित कर दक्ष बनाने प्राचार्य पी.के. ग्वाल के निर्देशन एवं वरिष्ठ व्याख्याता के.आर. मुकर्जी, व्याख्याता महेश नायक के संयुक्त कुशल मार्गदर्शन एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में बैगलैस डे के अवसर पर रक्षाबंधन के सन्दर्भ में 'राखी बनाओ प्रतियोगिता' एवं रक्षाबंधन पर त्रिभाषा फार्मूला में 'निबंध लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। शिक्षक विनोद कुमार चौधरी, श्याम सुन्दर दास, रूपसिंह यादव, गजानन प्रधान,विशिकेशन नैरोजी,रश्मि राजा की सक्रियता एवं पालकों के सहयोग से विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कला/हुनर का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान यह देखने को मिला कि प्रतिभागी काफी मेहनत - अभ्यास करके शामिल हुए जिससे प्रतियोगिता काफी दिलचस्प हुआ और एक से अधिक प्रतिभागियों ने समान अंक अर्जित करने में सक्षम हुए जिससे एक से अधिक प्रतिभागियों को हौसला आफ्जाई हेतु स्थान दिया गया. निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न मानकों के तहत निष्पक्ष निर्णय दिया गया है जो सर्वमान्य है. पालकों से अपील की गई कि अपने पाल्य को और अधिक सहयोग,मार्गदर्शन प्रदान कर उनके आत्मविश्वास बढ़ाने में अपना योगदान देंगे और बच्चों के रैंकिंग में सुधार,प्रदर्शन में निखार लाने प्रयास करेंगे।

## मित्रता दिवस पर विशेष, स्वयं सेविकाओं का आग्रह-प्रकृति से करें मित्रता



**बिलासपुर।** प्रत्येक वर्ष अगस्त माह में पड़ने वाले प्रथम रविवार को मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को विशेष रूप से अपने मित्रता के स्वर्णिम दिनों को स्मरण कर उनके साथ समय बिताकर मनाया जाता है तथा आजीवन मित्रता निभाने की शपथ ली जाती है। इस श्रृंखला में राष्ट्रीय सेवा योजना,डी. पी.विप्र महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं द्वारा पौधरोपण कर प्रकृति के साथ मित्रता की शपथ लेते हुए अपने आसपास के लोगों से भी प्रकृति संरक्षण हेतु आग्रह करते हुए सर्वाधिक ऑक्सीजन प्रदान करने बरगद,पीपल,नीम तथा पौराणिक महत्व से भरपूर पवित्र आम,जामुन,नींबू आदि के 20 पौधे बंधवा तालाब के किनारे,ग्राम मोपका में रोपित किये गए। ज्ञात हो कि विगत वर्ष भी इनके द्वारा प्रकृति का संरक्षण करते हुए पौधरोपण कर मित्रता दिवस मनाया गया था। इस कार्यक्रम के द्वारा स्वयमसेविकाएँ समाज में पर्यावरण संरक्षण करते हुए पौधारोपण करने हेतु जन जागरूकता का प्रचार प्रसार कर रही हैं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला,डॉ. एम. एस. तम्बोली, युपेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना ताम्रकार, स्वयंसेविका रीना यादव, बनिता प्रधान, संध्या साहू, तंज़ीम बेगम,सिमरन साहू आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

## निधन

### प्रभाकर सिंह सोरी



**डौंडी।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि पूज्यनीय प्रभाकर सिंह सोरी (सेवा निवृत्त BSP अधिकारी) का स्वर्गवास 07/08/2022, रविवार को दोपहर को हो गया है। उनका जन्म 1950 में हुआ था। स्वर्गीय सोरी जी डौन्डी नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी के पिता जी थे। अंतिम संस्कार डौन्डी नगर मुक्तिधाम में दोपहर 2:00 की जाएगी।

# मोहर्रम और विश्व आदिवासी दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित, शांति बनाए रखने की अपील

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सिटी कोतवाली में शनिवार की शाम शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीओपी राजेंद्र सिंह परिहार और एसडीएम बालेश्वर भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। साथ ही मुस्लिम समुदाय के सदस्य और आदिवासी समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। सभी के साथ त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए जाने की अपील की गई और एक दूसरे का सम्मान करने की बात कही गई।

सर्वप्रथम मुस्लिम समुदाय से चर्चा करते हुए मोहर्रम त्यौहार के बारे में चर्चा की गई जिसमें त्यौहार के दिन 9 अगस्त को निकलने वाला जुलूस और अखाड़ा के संबंध में उसके रूट और व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

### सदर ने परंपरा से कराया अवगत

इस दरमियान मुस्लिम समुदाय के सदर महबूब अंसारी ने एसडीएम और एसडीओपी को त्यौहार के मनाए जाने की परंपरा से अवगत कराया और सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की मांग रखी।

एसडीओपी और एसडीएम ने मोहर्रम की तैयारी को लेकर पूरी व्यवस्था देने की बात कहते हुए कहा कि आप सौहार्दपूर्ण शांति के साथ त्यौहार मनाएं और सभी का सम्मान करें।

### झंडा को लेकर खास निर्देश

एसडीएम बालेश्वर भगत ने सर्व आदिवासी समुदाय से आए लोगों को शांति समिति की बैठक में कहां कि विश्व आदिवासी दिवस और मोहर्रम का त्यौहार एक साथ 9 अगस्त को है इसलिए दोनों धर्म के लोग एक दूसरे को सहयोग करते हुए सौहार्दपूर्ण शांति के साथ त्यौहार मनाए। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी आदिवासी वर्ग के लोग एक झंडा तीर कमान का ही उपयोग करें अलग अलग झंडा ना लगाएं क्योंकि विभिन्न प्रकार के झंडों का उपयोग किए जाने से विभिनता पैदा होती है और विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है इसलिए सर्व आदिवासी की समानता का परिचय देते हुए एकरूपता बनाए रखने के लिए एक ही झंडे का उपयोग करें सभी से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा की गई है।

## नगर विधायक शैलेष पांडेय ने वार्ड क्रमांक 19 कस्तूरबा नगर पहुंचकर लोगों की सुनी समस्या

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम वार्ड क्रमांक 19 कस्तूरबा नगर के वसुंधरा नगर में लोगों के बीच पहुंचकर नगर विधायक शैलेष पांडेय ने समस्याओं को सुना। यहां लोगों ने बताया कि जलभराव, स्ट्रीट लाइट, विद्युतीकरण, सीसी सड़कों एवं नाली की समस्या से अवगत कराया है। जिस पर नगर विधायक शैलेष पांडेय ने लोगों की बातों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए एवं क्षेत्र में जलभराव की समस्या के निदान के लिए 70 लाख की राशि से स्वीकृत नाला निर्माण के कार्यो को जल्द से जल्द शुरू करने कहां है। नगर विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि बिलासपुर के विकास के लिए राशि की कमी नहीं होने देंगे आवश्यकता पड़ने पर निधि से राशि स्वीकृत किए जाएंगे। इसके अलावा रविवार को नगर विधायक शैलेष पांडेय ने विधायक निधि से स्वीकृत 5 लाख रुपये की राशि से तालापारा स्थित अहिरवार समाज समुदायिक भवन के प्रथम तल निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में नगर विधायक शैलेष पांडेय ने समुदायिक भवन उन्नयन के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में जोन कमिश्नर आर एस चौहान, पार्षद शहजादी कुरैशी, भरत कश्यप, रामा बघेल, सीताराम जायसवाल, एल्डरमैन अजरा खान, रिंकू छाबड़ा, कप्तान खान, आदर्श पवार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मेलोरा के साथ रक्षा बंधन उपहार देना आसान; 17000 से अधिक हल्के, हॉलमार्क और किफायती सोने के आभूषण विकल्पों में से चुनें

**रायपुर।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती डी2सी कंपनियों में से एक है, जो हर रोज पहनने के लिए हॉलमार्क, किफायती और फैशनेबल सोने के आभूषण डिजाइन करती है।मेलोराने अपने रक्षा बंधन अभियान सक्लोजरविथमेलोर्रा का अनावरण किया है। अभियान एक भाई और बहन द्वारा साझा किए गए कालातीत और निरंतर बंधन पर प्रकाश डालता है। इस दिन मेलोरा यह सुनिश्चित कर रही है कि दूरी रक्षा बंधन पर उत्सव और उपहार देने की खुशी को कम न करे। स्कूल के दिनों से लेकर वयस्कता तक और अलग-अलग रास्ते जाने के बाद भी भाई-बहनों के बीच प्यार बरकरार रहता है। इस बंधन का जश्न मनाते हुए, मेलोरा करोड़ो भारतीयों को उत्सव को और भी खास बनाने के लिए आमंत्रित कर रहा है, जिसमें 17,000 से अधिक हल्के और फैशनेबल सोने के आभूषण विकल्प हैं, जिन्हें भारत या विदेश में कहीं भी भेजा जा सकता है। इस बारे में बात करते हुए, मेलोरा की संस्थापक और सीईओ, सरोजा येरामिली ने कहा, आज के समय में भाई-बहनों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक शारीरिक रूप से एक-दूसरे के साथ उपस्थित होना है। असीम प्यार और समर्थन के बावजूद, जीवन की प्रतिबद्धताएं मिलने और उपहार देने को एक चुनौती बना सकती हैं। यही अंतर है जिसे हम मेलोरा में प्लग करने का लक्ष्य बना रहे हैं। हमारे ग्राहक एक बटन के क्लिक पर भारत या विदेश में कहीं भी वैश्विक फैशन रुझानों से प्रेरित हल्के और हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण खरीद और वितरित कर सकते हैं।

इस अभियान के माध्यम से, हम हर भाई को बताना चाहते हैं कि मेलोरा जब भी और कहीं भी आप शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं। मेलोरा की वर्तमान में बैंगलोर, पुणे, भुवनेश्वर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई, भोपाल और नोएडा में उपस्थिति है, जिसमें स्टोर की कुल संख्या 15 है। ब्रांड अगले कुछ वर्षों में पूरे भारत में अपने खुदरा पदचिह्नों का विस्तार करेगा। उपभोक्ता का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए, मेलोरा के प्रत्येक उत्पाद को बाहर भेजने से पहले 25 गुणवत्ता जांच से गुजरना पड़ता है। मेलोरा 30दिन की मनी रिटर्न पॉलिसी और लाइफ्टाइम एक्सचेंज पॉलिसी प्रदान करता है। अब तक, मेलोराने देश के 3000 से अधिक शहरों/कस्बों/गाँवों में डिलीवरी की है और 10,000 से कम आबादी वाले गांवों से लेकर 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों तक हर जगह अपनी पहचान बनाई है। इसने हाल ही में यूएस, यूके, सिंगापुर और यूएई में डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया है। मेलोरा ने वित्त वर्ष 2026 तक .1 बिलियन के राजस्व का लक्ष्य रखा है।

## विधायक विनय भगत वीडियो जारी कर लोगों से की हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील

## कहा स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर तिरंगा झंडा फहराकर ऐतिहासिक बनाएंगे

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आजादी के 75 साल हुए पूरे इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत ने वीडियो जारी कर प्रदेशवासियों को 11 से 17 अगस्त स्वतंत्रता सप्ताह मनाने की अपील की। बात दें इस समय पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है वहीं छत्तीसगढ़ सरकार आजादी के 75 वें वर्ष पूरे होने पर स्वतंत्रता सप्ताह बनाने जा रही है जिसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमर तिरंगा अभियान का शुभारंभ कर चुके हैं जो एक सप्ताह तक हर घर मे तिरंगा फहराया जाएगा जो स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में भव्य रूप से मनाने जा रही है।

इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत ने वीडियो जारी कर कहा-



जय-जोहार...मैं विनय भगत विधायक जशपुर. 15 अगस्त 2022 को देश की आजादी के 75 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस गौरवमय समय को यादगार बनाने के लिए और जन मानस में बसी देशभक्ति की भावना को और मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 'हमर तिरंगा' अभियान का आगाज़ हो चुका है। आइए हम सब अपने घरों में, अपने संस्थानों में, अपने कार्यालयों में, अपनी पंचायतों में, अपने गौठानों में भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएं। तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है।

इसकी आन-बान-शान के लिए लाखों लोगों ने कुर्बानियां दी हैं, इसलिए तिरंगा शान से फहराएं, पूरे सम्मान के साथ फहराएं। 'हमर तिरंगा' अभियान को सफल बनाएं। आगे विधायक विनय भगत ने कहा लहर-लहर लहराए तिरंगा.हमर तिरंगा हमर तिरंगा। जय हिंद, जय छत्तीसगढ़, जय जशपुर निश्चित ही जशपुर विधायक विनय भगत भी भव्य रूप से हमर तिरंगा अभियान को ऐतिहासिक बनाने में लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं जिसका असर 11 अगस्त से जशपुर में दिखाई देगा।

## कुदमुरा में दो बच्चों की असामयिक मौत पर जशपुर विधायक विनय भगत ने प्रकट की शोक संवेदना

**जशपुर।** विधायक विनय भगत ने कुदमुरा में 2 बच्चों की असामयिक मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने ईश्वर से पीड़ित परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि स्वीकृत की है।उन्होंने जल्द ही पीड़ित परिवार से मिलने की बात कही है और परिवार के सदस्यों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को कुदमुरा में एक ही परिवार के दो सगे भाई बहनों की उल्टी दस्त से मौत हो गई थी। वहीं परिवार के अन्य पाँच सदस्य भी अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसी परिस्थिति में अब तक शासन की ओर से पीड़ित परिवार को कोई सहायता नहीं मिली है।

## एकलव्य घोलेंग में हुआ वन महोत्सव का आयोजन



**जशपुरनगर।** जिले की हरीतिमा को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब यहां की शस्य श्यामला धरती पर दिखने लगा है।उक्त विचार विधायक विनय भगत ने एकलव्य विद्यालय घोलेंग में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।आज के कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जशपुर रितेश अग्रवाल ने छात्रों से सीधा संवाद करते पर्यावरण संरक्षण के साथ मानव जीवन की अन्तरसम्बद्धता को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को केवल वृक्षारोपण ही नहीं अपितु उनके रखरखाव के लिए भी प्रतिबद्धता को अत्यावश्यक बताया।इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय एवम सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बी के राजपूत ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए प्रकृति के साथ मानव जीवन के अन्योन्य आश्रित संबंधों पर प्रकाश डालते हुए पौधों के ओषधि गुणों और उपयोगिता को रेखांकित किया। वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वन विभाग द्वारा प्रदाय सीता अशोक ,आम, जामुन, कटहल, नीम एवम अन्य फलदार पौधे भी विद्यार्थियों एवं विद्यालयीन स्टाफ द्वारा परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षकगण दिव्या रानी तिर्की,आशा लकड़ा,मो वसीम ,काजल गुप्ता,रितिका रात्रे सहित अन्य शैक्षणिक एवम कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दुर्गेश कुमार पाठक ने किया।

## मंडल कमीशन लागू करने 27 विधानसभाओं में साईकिल रैली निकाली जाएगी

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ एकता मंच एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, छत्तीसगढ़ कलार महासभा, छ.ग. प्रदेश महिला स्वसहायता संघ, संयुक्त मोर्चा, युवा यादव महासभा छत्तीसगढ़, नागरिक सुरक्षा सेवा संघठन के सयुंक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ में मंडल कमिशन लागू करने के लिए प्रदेश के 27 विधानसभाओ से होते हुए साईकिल रैली का आयोजन किया जाना है। इस रैली की शुरुआत 17 अगस्त को पाली तानाखार विधानसभा से की जाएगी जिसका समापन 25 दिसंबर विनधेश्वरी प्रसाद मंडल जी जो की मंडल कमिशन के अध्यक्ष भी थे उनकी 104 वीं जयंती को मनाते हुए किया जायगा। छत्तीसगढ़ में आम छत्तीसगढ़िया युवाओं को रैली के माध्यम से मंडल कमिशन की उपयोगिता को बताना है मंडल कमिशन के लागू होने से ओबीसी, एस. टी. एस सी के युवाओं को क्या लाभ मिलेगा इसकी जानकारी दी जायगी। जबकी कांग्रेस पार्टी ने वादा किया था की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के आते ही obc को 27% का आरक्षण दे दिया जायगा जो की अब तक नहीं दिया गया है। जबकी मंडल कमिशन 7 अगस्त 1990 को वी पी सिंग जी की सरकार द्वारा लागू किया गया था। छत्तीसगढ़ बनने के आज 22 वर्ष होने वाले है लेकिन आज तक भी यह मंडल कमिशन लागू नहीं किया गया जिसमें 50 सिफारिशे थीं जिसमें सबसे मुख्य बिंदु पिछड़ा वर्ग के लिए 27त्न आरक्षण था। आज भी छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्ग को 14त्न का ही आरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस सरकार से इस रैली के माध्यम से आरक्षण लागू करने के लिए अनुग्रह है हमारी मांग जल्द से जल्द पुरी की जाए। पत्रकारों से चर्चा के दौरान विजय जायसवाल क्लार समाज के प्रदेश अध्यक्ष, प्रभु सिंह जगत प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी,कुलदीप सिंह मरकाम प्रदेश संगठन मंत्री गोंडवाना गणतंत्र पार्टी,मौजूद रहे। मंडल कमीशन का गठन 20 अगस्त 19 78 मैं भारत के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के कार्यकाल में हुआ था। जो कि गैर कांग्रेसी सरकार थी।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने रेल मंत्री का पुतला दहन किया,रेल प्रशासन के निर्णयों का विरोध



पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन की मनमानी के चलते अचानक रद्द हो रही ट्रेनों का परिणाम लाखों यात्रियों को भोगना पड़ रहा है पहले यात्रा के लिए परेशान होकर टिकट बुक कराइए फिर रद्द ट्रेनों की टिकट के रिफंड हेतु यात्री हो रहे परेशान रेलवे प्रशासन की मनमर्जी के खिलाफब्लॉक कांग्रेस कमेटी एक द्वारा सिम्स चौक पर रेल मंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया!

देशभर में रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है. हर साल राखी के समय ट्रेन में सफर करने वालों की भीड़ बढ़ जाती है. लेकिन इस बार ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को निराशा का सामना करना पड़ेगा. दरअसल, छत्तीसगढ़ में चलने वाली 68 ट्रेन एक साथ कैंसिल कर दी गई हैं. पहली बार रेलवे ने छत्तीसगढ़ में एक साथ 68 ट्रेन रद्द किया है. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की तरफसे एक आदेश जारी किया है. कि 6 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक के लिए 68 ट्रेन कैंसिल कर दी गई है. किसका परिणाम भाई बहनों के साथ साथ उन यात्रियों को भी भोगना पड़ रहा है जो जरूरी कामकाज से कहीं बाहर आना-जाना करते हैं आए दिन रेल प्रशासन द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर या लाइन के निर्माण के कार्य का बहाना बनाकर छतरी गाड़ियां रद्द कर दी जाती है वही मालगाड़ी बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होती है जिससे रेल प्रशासन की मंशा स्पष्ट समझ में आती है कि उसे यात्री गाड़ियों से नहीं माल ढुलाई से मतलब है!

muthoot HOUSING FINANCE

**मुथूट हाउसिंग फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय :– टीसी नंबर 14/2074–7, मुथूट सेंटर, पुनेन रोड, तिरूवनंतपुरम– 69 5034, कार्पोरेट कार्यालय : 12/ए 01, 13वां तल, परिनी क्रीसेन्जो, प्लॉट नंबर सी 38 एवं सी 39, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स–जी ब्लॉक (ईस्ट), मुंबई–400051, ई–मेल आईडी : authorised.officer@muthoot.com

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मुथूट हाउसिंग फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("एमएचएफसीएल") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों), गारंटर(रों) से सम्पूर्ण बकाया राशि, अद्यतन ब्याज, लागत और प्रभारों के साथ, उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) और वैकल्पिक तामील के लिए नीचे दिए अनुसार सूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने द्वारा, कम्पनी के प्रति उनकी पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन की मांग की गई थी। उक्त कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों), गारंटर(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में क्रमशः निम्नलिखित आस्तियां एमएचएफसीएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम | एनपीए की तिथि | मांग सूचना तिथि | कुल बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता संख्या 18600073674, 1. संदीप हीरालाल बंजारी, 2. नीलम हीरालाल बंजारी, 3. सतीश कुमार हीरालाल बंजारी | 30–11–2018 | 22–07–2022 | 22–07–2022 तक रू. 24,42,081.00 (रूपए चौबीस लाख बयालीस हजार इक्यासी मात्र) |
| | प्रतिभूत आस्ति(यों)/अचल सम्पत्ति(यों) का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति भूमि स्वामी हक की वाके मौजा ग्राम कुशलपुर (रायपुर खास) वामन राव लाखे वार्ड नंबर 64, रायपुर, पी.एच. नंबर 106–ए/46, आर.एन.एम.–रायपुर–1, तहसील और जिला परिवर्तित भूमि अवस्थित रायपुर छत्तीसगढ में नगर निगम सीमाओं के अंतर्गत, जिसका खाता नंबर 2477, परिवर्तित केएच. नंबर 1320/1 डी/26 का भाग, क्षेत्रफल परिमाप 685 वर्ग फीट है, जिस पर मकान निर्मित है। चौहद्दी : पूरब : सार्वजनिक यादव भवनल, पश्चिम : रोड, उत्तर : नंदेश्वर का मकान, दक्षिण : शरद पटेल का मकान। | | | |

यदि उक्त कर्जदार, सह–कर्जदार, गारंटर एमएचएफसीएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, एमएचएफसीएल उपरिवर्णित प्रतिभूत आस्ति का कब्जा लेने और कानून के अधीन कम्पनी को उपलब्ध अन्य कार्यवाही करने का हकदार होगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।
उक्त कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों), गारंटर(रों) पर सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप–धारा (13) के प्रावधान के तहत, एमएचएफसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त प्रतिभूत आस्ति(यों) का बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से हस्तांतरण करने के संबंध में रोक लगी है।

स्थान : छत्तीसगढ़, तिथि : 08–08–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी वास्ते मुथूट हाउसिंग फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

**NAGAR PANCHAYAT, FINGESHWAR**
**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER**

**// E-Procurement Tender Notice //**
Portal: http:/eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/1088 / लो.नि.शा./न.पं./2022-23 फिंगेश्वर, दिनांक 04.08.2022

**SYSTEM TENDER NO/106169 /NIT NO: NIT/ FINGESHWAR/ Dated 04.08.2022 (1st Call)**

Online bids are invited for the following works (last date & time of bid preparation) Date 24.08.2022 17-30-hours.

**Name of Work/Description of Item:**

CONSRTUCTION OF C.C. ROAD FROM SLRM CENTER TO GAUTHAN AND DHARAMKANTA TO CHANDANI GHAT AND IN KAJU GARDEN AND PRIMARY SCHOOL DEVARPARA TO HUSAIN RAM RESI. AT SHIVAJI WARD NO. 06 FINGESHWAR

**Total Probable Amount of Contract:Rs 31.98 Lacs**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal ***http:/eproc.cgstate.gov.in*** on Sub Portal of Nagar Panchayat **FINGESHWAR** through Urban Administration and development Department. ***http:/eproc.cgstate.gov.in*** from *(start date & time of bid preparation)* Date 04.08.2022 at 17:30 hours. (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

**NOTE: -**

2. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (http:/eproc.cgstate.gov.in) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. e-Procurement system Help Desk.I. The Service Integrator of e-Procurement system, M's. Mjunction Service Ltd. on Help Desk Toll free No. 1800-4199140 or email helpdesk.eproc degswan.gov.in.

2. Mr. Shailesh Kumar Soni, Sr. Manager, Chhattisgarh Infotech & Biotech Promotion Society (CHIPS) on Tel. No. 0771-4014158 or email: pro-chips/@nic.in.123

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**NAGAR PANCHAYAT, FINGESHWAR**

# पर्व के दौरान शहर में यातायात और पुलिसिया बंदोबस्त चरमराया

## रोजाना निकल रहे जुलूस से आवाजाही में दिक्कतें बढ़ी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पर्व के अवसर पर शहर में यातायात और पुलिसिया बंदोबस्त चरमराया हुआ है। युवाओं के जमघट के बीच हादसों की भी आशंका बनी हुई है। हालही में दिग्विजय कॉलेज के पास एक नाबालिग से पुलिस ने चाकू बरामद किया है।

मोहर्रम को लेकर युवाओं में उत्साह दिख रहा है। मन्नती शेरों का जुलूस रोजाना निकाला जा रहा है। शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जुलूस दिग्विजय महाविद्यालय के करीब तक पहुंचता है। यहां काफी देर मन्नती शेरों का जमघट होता है और इन्हें देखने सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद होते हैं।

इस पूरे आयोजन को लेकर किसी तरह की व्यवस्था नहीं बनाई गई है। शहर के भीतर जुलूस के दरम्यान जाम की स्थिति बन रही है। दिग्विजय कॉलेज चौक से होकर गौरव पथ और सर्किट हाऊस रोड जाने वाले रास्ते पर लोगों के जमघट और अव्यवस्था से आवाजाही में खासी समस्याएं आ रही है। रोजाना यहां आवाजाही को लेकर राहगीर और जुलूस में शामिल लोगों के बीच झड़प और वाद-विवाद की स्थिति बन रही है। इसके चलते किसी भी दिन यहां बड़ा हादसा हो सकता है जिसे लेकर गंभीरता नहीं दिख रही है।

### न रुट तय, न वक्त

मोहर्रम के मौके पर निकाले जाने वाले जुलूसों के लिए न ही रुट तय किए गए हैं और न ही इसके लिए कोई वक्त तय है। यहां जुटने वाली भीड़ को व्यवस्थित भी नहीं किया जा रहा है। यहां जुटने वाली भीड़ से आवाजाही तो प्रभावित हो ही रही है इसके चलते बड़े हादसे ही भी आशंका बनी हुई है।

# 75 स्थानों पर अमृत महोत्सव मनाएगी भाजपा

## 13 को विधायक कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता होगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आजादी के 75 वी वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के तहत केंद्र सरकार एवम प्रदेश भाजपा के आह्वान पर दक्षिण, उत्तर एवं ग्रामीण भाजपा की बैठक विधायक कार्यालय में संपन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप मे वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाराम भोजवानी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर झंडा लगाने की मुहिम से प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता जुड़ेगा और अपने आसपास के सभी घरों में तिरंगा झंडा लगे इसकी प्रत्येक कार्यकर्ता चिंता करेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के 51 वार्डों में 51 जगहों पर व ग्रामीण में 24 स्थानों पर कुल 75 विशेष जगहों पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आजादी के अमृत महोत्सव को गर्व के साथ मनाया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि शहर की जितने भी जगहों पर क्रांतिकारी शहीदों एवम महापुरुषों की प्रतिमाएं हैं, उनकी सफाई भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की जाएगी और उन्हें संरक्षित रखने हेतु आवश्यक व्यवस्था भी की जाएगी । बैठक में दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी एवं उत्तर मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर ने बताया कि अनुपम नगर रोड स्थित डॉ रमन सिंह के विधायक कार्यालय में 13 अगस्त को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत भी किया जाएगा। सभी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आजादी के अमृत महोत्सव को गौरव एवं शान के साथ मनाने का निर्णय लिया एवं हर घर झंडा लगाने का संकल्प भी लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, राजेन्द्र गोलछा, संजीव शाह, रघुवीर वाधवा, किसुन यदु, देवशरण सेन, शिव वर्मा, दक्षिण-उत्तर मंडल के समस्त पदाधिकारी, पार्षद, बूथ अध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आईटीबीपी की 38वीं वाहिनी ने लगाया हेल्थ कैंप



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 38 वीं वाहिनी ने पाटनखास कैंप क्षेत्र के ग्राम खुनेरी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा। शिविर में 78 ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क दवाईयां और मच्छरदानी का वितरण किया गया। इसके अलावा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत ग्राम पंचायत पाटरवाड़वीके आश्रित ग्राम इहोरा, बोगाटोला, वारवीटोलाव खुनेरा में सेनानी श्रीपाल की उपस्थिति में 5 सौ परिवारों को तिरंग झंडा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच व स्थानीय ग्रामीणों चर्चा भी की गई। शिविर में सभी के लिए स्वलपाहार की व्यवस्था की गई थी। बच्चों को चॉकलेट भी बांटी गई। सेनानी श्रीपाल ने कहा कि, ऐसे आयोजनों और मुलाकातों से ग्रामीणों के साथ तालमेल बेहतर होता है।

## सरकारी नौकरियों का दावा फेल : गीता साहू

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने बयान जारी कर कहा कि, बेरोजगारी के सवालों को छत्तीसगढ़ सरकार आंकड़ों की बहस पर उलझा कर कमजोर करना चाह रही है। मौजूदा छत्तीसगढ़ सरकार से सवाल करते हुए उन्होंने कहा है कि सेंटर फार मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी(सीएमआइई) को अपना हथियार बना रखा है। जबकि ,अर्थशास्त्री व रविशंकर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफे सर जेएल भारद्वाज के अनुसार बेरोजगारी की रिपोर्ट सैंपल सर्वे के आधार पर तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि संस्थान हर महीने अलग-अलग सेक्टर के 15 से 20 फ़ीसदी लोगों के बीच सर्वे कर अपनी रिपोर्ट जारी कर देती है। इन आंकड़ों को मौजूदा छत्तीसगढ़ सरकार अपने हिसाब से व्याख्या कर प्रदेश की बेरोजगारी दर देश में सबसे कम 0.8 प्रतिशत थी।भूपेश सरकार पिछले साढ़े तीन साल में सरकारी और निजी क्षेत्र में करीब पांच लाख लोगों को रोजगार देने का दावा कर रही है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 18 लाख है। उन्होंने कहा कि आज लाखों लोग नियमितीकरण को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। रोजगार सहायकों ने नियमितीकरण को लेकर 400 किलोमीटर लंबी एक दांडी यात्रा जिसे तिरंगा यात्रा का नाम दिया गया था। बावजूद इस ढीठ सरकार ने उनके नियमितीकरण का अपने घोषणापत्र का वादा पूरा नहीं किया। बेरोजगारी के यह आंकड़ा पूरी तरह से युवाओं को मुंह चिढ़ाने वाला है। गीता साहू ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उनके दावों को फर्जी बताते हुए कहा कि जैसा सर्वे कहता है प्रदेश में बेरोजगारी दर बहुत अधिक है हर पांच में एक व्यक्ति के पास नौकरी नहीं है।

# पथर्री जंगल में जुए पर रेड, 5 जुआरी पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




पुलिस ने पथर्री जंगल में जुआ फड़ में रेड कार्रवाई की है। इस दरम्यान 5 जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। डोंगरगांव थाना प्रभारी भरत बरेठ के नेतृत्व में जुआ सटटा वाले के विरूद्ध अभियान के तहत मुखबिर मामूर किया था। पुलिस ने मोबाईल फोन से मुखबीर सुचना के आधार पर सूचना तस्दीक पर पथर्री के जंगल में रेड कार्रवाई की। रेड कार्रवाई में कुछ जुआरी भाग खड़े हुए। वहीं 5 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की।

पुलिस की आधिकारिक जानकारी में प्रवीण यादव पिता कृष्णा यादव, 22 साल, निवासी सेवतापारा डोंगरगांव, पारख दास पिता हरिनाथ साहू, 36 साल निवासी पथर्री, शैलेन्द्र महोबिया पिता शेख लाल 38 साल निवासी शनिमंदिर के पास डोंगरगांव, मनिष कुमार साहू पिता लोचन लाल 25 साल निवासी भटगूना थाना डोंगरगांव, मनीष महोबिया पिता खुरमन लाल, 38 साल सेवताटोला डोंगरगांव, पकड़े गए हैं। पुलिस ने 52 पत्ती ताश कुल जुमला रकम नगदी 21,300 हजार रूपये एवं 3 नग मोबाईल तथा 3 नग मोटर सायकल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। स्वतंत्रता दिवस के मुख्यसमारोह का आयोजन आचार्य पंथ गृंथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर कालेज मैदान में होगा। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पर्व के आयोजन की तैयारियों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए अलग-अलग दायित्व सौपा है। बैठक में बताया गया कि आयोजन की अंतिम रिर्हसल 13 अगस्त को प्रात 8:30 बजे पीजी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह, अपर कलेक्टर बीएस उइके, वनमंडलाअधिकारी चुड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सर्व एसडीएम व समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्यसमारोह के आयोजन के लिए संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी जिला पंचायत सीईओ के दिया है। इसके अलावा ध्वजारोहण,सलामी गार्ड आफऑनर, मुख्य अतिथि द्वारा पेरड निरीक्षण के लिए वाहन एवं अन्य आवश्यक संपूर्ण व्यवस्था व ध्वरारोहण के लिए सभी आवश्यक तैयारी,झंडा कोड का पालन सुनिश्चित करने, पार्किग व्यवस्था, एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मदेरी पुलिस अधीक्षक को दी गई है। समारोह स्थल में मंच व ध्वरोहरण स्थल निर्माण, मैदान की साफ-सफाई, समतलीकरण आदि के लिए लोक निर्माण विभाग व कवर्धा नगर पालिका को निर्देशित किया गया है। समारोह स्थल पर मंच एवं बैरिकेट्स निर्माण,गणमान्य नागरिकों के बैठने के लिए अलग अलग मंच बैरिकेट्स के लिए वन विभाग,पीडब्लूडी, सीएमओ कवर्धा को निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार समरोह स्थल के साज-सज्जा, साउण्ड,सिस्टम पेयजल, पुष्प, मालाएं, बुके,समारोह स्थल हेतु गुब्बारे, देश भक्ति एवं आजादी का आकर्षक स्लोगन, शांति के प्रतीक के रूप में सफेद कबूतर की व्यवस्था, कोविड-19 के प्रोटोकॉल अनुसार कार्यक्रम स्थल को सेनेटाईज, करने , कोविड प्रोटोकॉल अनुसार कार्यक्रम स्थल पर जागरूकता, मास्क, चिकित्सा अधिकारी एवं एम्बुलेंस व्यवस्था, उद्घोषणा कार्य, एवं समपूर्ण समारोह की विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने इस संबध मे संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए आयोजन के रिहर्सल तिथि 13 अगस्त तक सौपे गए सभी दायित्वों को पूर करने को कहा है।

### कलेक्टर ने सभी अधिकारियां को झंडा कोड का कड़ाई से पालन करने के लिए आदेशित किया

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने स्वतंत्रता दिवस समरोह दिवस को समस्त विभाग, कार्यालय प्रमुखों को झण्डा कोड का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए आदेशित किया गया है। 12 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे पुरानी पुलिस लाईन कवर्धा में जिले के समस्त कार्यालय के जिम्मेदार कर्मचारी को झण्डा ध्वजारोहण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाएगा। जिसमें संबंधित विभाग प्रमुखों को अनुवार्यतः उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

### कोविड प्रोटोकॉल पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर महोबे ने सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम व नियंत्रण के लिए समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क, सेनेटाईजेशन आदि का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# हर घर फहराएं तिरंगा : सांसद संतोष पांडेय



पायनियर संवाददाता ◄ छुईखदान
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पांडेय ने हर घर में शान से तिरंगा लहराने की अपील की। शहीद नगरी छुईखदान पहुँचे सांसद ने कहा कि हम सबका तिरंगा फहराना उन अमर शहीदों का सम्मान है।भारतवासियों की अपेक्षाओं का सम्मान है,संविधान का सम्मान है। तिरंगा सम्पूर्ण राष्ट्र का गौरव है इसलिए हर नागरिक को अपने घरों में शान से तिरंगा लगाते हुए आज़ादी का अमृतमहोत्सव मनाना चाहिए।इस कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर व पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नवनीत सतीष जैन, महामंत्री किशन सिलोटिया व अन्य नागरिकजनों मौजूद थे। यहां हथकरघा निर्मित तिरंगे झंडे को प्रतीकात्मक रूप में रख भारत माता और तिरंगे का जयघोष किया गया।

## भाजपा ने किया 11 से 17 तक हर घर तिरंगा की अपील

# हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा के लिए जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान् पर भाजपा के सभी विंगों ने हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान का संकल्प लिया है। इसी तारतम्य में मंडल भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण साहू तथा मंडल अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर में जन जागरूकता रैली निकाली गई।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों पूरा देश आजादी का 75 वां वर्षगांठ मना रहा है। इसके अंतगत साल भर से शासकीय अर्धशासकीय विभागों में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में देश के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और बढ़ाने के लिए हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत् आगामी 11 अगस्त से अपने अपने घरों में राष्ट्रीय तिरंगा लगाने की अपील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। इसी अभियान को लेकर भाजपा ने पूरे देश में तैयारी की है और अपने कार्यकर्ताओं को गांव से लेकर शहर, जिला, प्रदेश स्तर पर अपने अपने घरों सहित आमजनों के घरों में तिरंगा ध्वज लहराने का आव्हान् किया है। इसको लेकर आज मंडल महिला मोर्चा ने नगर में रैली का आयोजन किया और आमजनों से 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अपने - अपने घरों, दुकानों व अन्य स्थानों पर तिरंगा झण्डा लगाने की अपील की। स्थानीय यादव भवन से निकाली गई रैली पुराना बस स्टैण्ड, सदर लाईन, श्रीराम द्वार चौक से होते हुए रेस्ट हाऊस पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान दिनेश गांधी, जिलाध्यक्ष किरण साहू, देवकुमारी साहू, सरिता ढीमर, अपर्णा तिवारी, रामकुमार गुप्ता, अंजू त्रिपाठी, इन्दूमती साहू, जागृति यदु, माया गुप्ता, निशा पंजवानी, नेहा जैन, साधना माहेश्वरी, कुंती चौधरी, अनिता वाल्दे, पूनम साहू, विभा हिरवानी, निर्मला सिन्हा, मुन्नीबाई मंडलोई, मोमिनबाई पटेल, ममता उयके, प्रतिभा पटेल, प्रिया सिन्हा, नंदनी साहू, निर्मला साहू, लता देवांगन, गीतेश्वरी साहू, उत्तरा ठाकुर, चंद्रकांति साहू, दामिनी साहू, उषा देवांगन, नीलू वैष्णव, सीता वर्मा, कविता कसेर, लता यादव, नीलम मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुए।

## इस्कॉन ग्रुप द्वारा तिरंगा झंडे का वितरण

**राजनांदगांव।** आवासीय कॉलोनी इस्कॉन वाटिका के भागचंद गिडिया ने केंद्र एवं राज्य सरकार के हर घर झंडा के निर्णय का स्वागत करते हुए घोषणा की कि वह इस्कान ग्रुप के सभी मकान व फ्लैट मालिको कों अपनी ओर से तिरंगा झंडे का वितरण करेंगे। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मकान मालिको से निवेदन किया कि तिरंगे झंडे को 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अमृत महोत्सव के तहत अपने घरों पर लगाएं एवं सम्मानजनक ढंग से उसे 17 अगस्त को उतारकर सहेज कर रखें, ध्वज का अपमान न करें एवं अपने घरों में ध्वज लगाकर आजादी के अमृत महोत्सव के गौरव में अपनी सहभागिता अवश्य दें।

# बीएसएफ के 132वीं बटालियन ने किया पुरोहित कैंप में 1 से 7 अगस्त तक वृक्षारोपण आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com




गणेश सरकार प्रभावित क्षेत्र बांदे BSF के 132 वी बटालियन के द्वारा पुरोहित कैंप में 1 अगस्त से 7,08 22 तक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान 132 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के अधीन सभी सी ओ बी जैसे पुरोहित कैंप बांदे, नागलदंड, कुरेनार, पानावर, कन्हारगांव, छोटे बेटिया, मरबेड़ा में एक सप्ताह से चले आ रहे इस दौरान लगभग 16500 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण समापन अभियान कार्यक्रम के 32 वी BSF के समादेष्टा धनंजय मिश्रा ने कहा कि दूषित वातावरण से मुक्ति पाने के लिए पौधारोपण ही एक मात्र उपाय है हर क्षेत्र में मानव द्वारा की जा रही पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई ने मानव जीवन को खतरे में डाल दिया है और तरह-तरह की बीमारियों को जन्म दे दिया है, वृक्षारोपण के पीछे का कारण ज्यादातर वनों को बढ़ावा देना, भूनिर्माण और भूमि सुधार है। वृक्षारोपण के इन उद्देश्यों में से प्रत्येक अपने स्वयं के अनूठे कारण के लिए महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए वन हमारे (मनुष्यों)जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान 132वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, डॉक्टर रोहित कुमार, सी एम ओ, गुरदीप लाल, दुतीय कमान अधिकारी,ब्रिज मोहन जोशी, उप समादेस्ता नीरज कुमार, डंडपाल, एस एम अनुज कुमार,निरीक्षक मुकेश कुमार मीणा, सभी सी ओ बी के गुलमपति और जवानों ने मिलकर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को पुरा किया। प्रभावित क्षेत्र बांदे BSF के 132 वी बटालियन के द्वारा पुरोहित कैंप में 1अगस्त से 7,08 22 तक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान 1312वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के अधीन सभी सी ओ बी जैसे पुरोहित कैंप बांदे, नागलदंड, कुरेनार, पानावर, कन्हारगांव, छोटे बेटिया,मरबेड़ा में एक सप्ताह से चले आ रहे इस दौरान लगभग 16500 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।

वृक्षारोपण समापन अभियान कार्यक्रम के 132वीं BSF के समादेष्टा धनंजय मिश्रा ने कहा कि दूषित वातावरण से मुक्ति पाने के लिए पौधारोपण ही एक मात्र उपाय है हर क्षेत्र में मानव द्वारा की जा रही पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई ने मानव जीवन को खतरे में डाल दिया है और तरह-तरह की बीमारियों को जन्म दे दिया है,वृक्षारोपण के पीछे का कारण ज्यादातर वनों को बढ़ावा देना, भूनिर्माण और भूमि सुधार है। वृक्षारोपण के इन उद्देश्यों में से प्रत्येक अपने स्वयं के अनूठे कारण के लिए महत्वपूर्ण है।पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए वन हमारे (मनुष्यों)जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम के दौरान 132वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल,डॉक्टर रोहित कुमार, सी एम ओ, गुरदीप लाल, दुतीय कमान अधिकारी,ब्रिज मोहन जोशी, उप समादेस्ता नीरज कुमार, डंडपाल, एस एम अनुज कुमार, निरीक्षक मुकेश कुमार मीणा, सभी सीओबी के गुलमपति और जवानों ने मिलकर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को पुरा किया।

## नीरज चोपड़ा के सम्मान में राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ डौंडी
www.dailypioneer.com

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा टोक्यो ओलंपिक में भाला फेक (जैवलिन थ्रो) प्रतियोगिता में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के सम्मान में संपूर्ण भारत वर्ष में 7 अगस्त को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाया जा रहा है। बालोद जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सुरेश वर्मा एवं सह सचिव संजय रावत ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य एथलेटिक्स एसोसिएशन के निर्देशानुसार बालोद जिला एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा भाला फेंक दिवस बालोद जिला खेल अधिकारी नरेंद्र ठाकुर, बालोद जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष अनिल खोबरागडे, सांसद प्रतिनिधि रामनारायण धनकर एवं गोरेलाल सोनी की गरिमामय उपस्थिति में हाईस्कूल मैदान डौंडी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न वर्ग समूह के युवा खिलाड़ियों जयप्रकाश चुरेंद, मनोज कोमरे ,संजू नेताम, दिनेश भंडारी, नितेश तारम, चंद्रशेखर कुमेटी, हितेंद्र , ओमेंद्र दनात, लीमन पिस्दा, लेखा , तामेश्वर खरांशु, राहुल नेताम, भुनेश्वर प्रजापति, नितेश कुरेटी, चोमेश रावटे, कुंदन मंडावी, विष्णु राम बघेल, कोमल सिंह, टोपेश्वर कुमार, विजय कुमार, टिकेश्वर रावटे, उमेश सिहारे, दीपक सिवाना, सूर्यकांत मंडावी, मिथिलेश उइके आदि ने भाला फेंक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति अभियान के माध्यम से किया जागरूक और दिया संदेश



पायनियर संवाददाता ◄ देवकर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में प्रति दिन पुरे जिले में बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति अभियान एवं चेतना अभियान के माध्यम से महिला शसक्ति करण, महिला सुरक्षा, सायबर ईम एवं यातायात संबंधी जानकारी अभियान चलाया जा रहा हैं जिसके तहत दिनांक 05.08.2022 को चौकी देवकर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परपोडा मिडिल स्कुल में चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक टी. आर. कोसिमा एवं अन्य स्टाफ के द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओ की उपस्थिति में छात्र एवं छात्राओं को चेतना अभियान के माध्यम से महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सेल्फडिफेंस, महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी, एटीएम ठगी, ऑनलाईन ठगी, फेसबुक से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई।

## पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से वार्ड 11 के कुछ मुहल्ले में हो रहा है

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत शिवरीनारायण के वार्ड क्रमाक 11 के कुछ मुहल्लों में निस्तारी एवं बारिश के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नही है जिसके कारण इस मुहल्ले के लोगों को बरसात के मौसम में सड़कों पर जलभराव की समस्या से जुझना पड़ रहा है इस वार्ड की एक महिला सविता ने बतायी की इस मुहल्ले में पानी निकासी हेतु नाली बनवाने काफी लम्बे समय से नगर पंचायत शिवरीनारायण से निवेदन कर रहे हैं लेकिन नगर पंचायत हमारी मांग को अनसुना कर रही हैं इस बार हमारे वार्ड पार्षद अंजनी तिवारी नगर पंचायत अध्यक्ष है हमें उनसे काफी उम्मीद थी की इस बार हमारे वार्ड पार्षद अध्यक्ष है तो हमारी गली की पानी निकासी की समस्या हल हो जायेगी । लेकिन अभी तक हमारे मुहल्ले में नाली निर्माण नही कराया गया है जिसके कारण हम मुहल्ले वासी जलभराव और मच्छर की समस्या से जुझ रहे हैं । बारिश होते ही गली के सड़क में पानी का जमाव हो जाता है जिसको सुखने में कई दिन लग जाता है । सड़क में गंदा पानी जमाव होने से सांप एवं अन्य जहरिले जीव जन्तु का खतरा बना रहता है हम मुहल्लेवासी बहुत परेशानी में हैं फिर भी नगर पंचायत वाले हमारे मुहल्ले में पानी निकासी की व्यवस्था नही कर रहे हैं ।

## उद्योग जगत के पुरोधा ओपी जिन्दल की जयंती धूमधाम से मनाई गई



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओपी जिन्दल ग्रुप के संस्थापक व उद्योग जगत के पुरोधा बाऊजी ओपी जिन्दल जी की 92वीं जयंती जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के रायपुर स्थित मशीनरी डिवीजन समेत देशभर में मनाई गई। प्रख्यात सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनाइक ने भी रेत कला के माध्यम से बाऊजी को नमन किया है और श्री ओपी जिन्दल को 'मैन ऑफस्टील विद अ हार्ट ऑफगोल्ड' लिखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। यहां मशीनरी डिवीजन स्थित हेरीटेज पार्क में प्रातः 9 बजे से ही कर्मचारियों का आना शुरू हो गया। वहां स्थित ओपी जिन्दल की प्रतिमा के आगे पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बिजनेस यूनिट हेड नीलेश टी. शाह ने कहा कि मशीनरी डिवीजन ने देश को आत्मनिर्भर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यहां वे मशीनें भी सफलतापूर्वक बनाई गईं, जो विदेशों से आयात की जाती थीं। आज देश की आधारभूत अर्थव्यवस्था के विकास में जुटी तमाम कंपनियों को मशीनरी डिवीजन से अत्याधुनिक उपकरणों की आपूर्ति की जा रही है तो इसके पीछे बाऊजी श्री ओपी जिन्दल जी की प्रेरणा है। जिन्होंने इस संस्थान की स्थापना की थी। इस अवसर पर कार्मिक प्रमुख सूर्योदय दुबे, सुनील गुप्ता समेत अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पण्डरिया पुलिस ने नाबालिग मोटर सायकल चालकों को दी समझाइश



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

थाना पंडरिया पुलिस को थाना क्षेत्राअन्तर्गत होने वाली तेज रफ्तार वाहन चालाने से एक्सीडेंट फिर मृत्यु जो थमने का नाम ही नहीं ले रहा है कि श्रीमान पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. लाल उमेंद निर्देश दिये गये थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था कि आज दिनांक 06.08.2022 के शाम को यातायात संबंधित अभियान चलाया गया जिसमें 12 नाबालिग मोटर सायकल के चालक व उनके साथ वालो को पकडा गया उन नाबालिगो को यातायात नियमो का पालन करने व हेल्मेट न पहनने से होने वाली मृत्यु जैसे बडी दुर्घटना के संबंध में समझाईशे दिया।

जाकर नाबालिग मोटर सायकल के चालको को उसके परिजनो को बुलाकर मोटर सायकल व नाबालिगो को परिजनो के सुपुर्द में दिया गया। व भविष्य में इस प्रकार की गलती न करने की हिदायते दी गई। पंडरिया पुलिस की यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।

## स्टेट बैंक प्रमुख डीजीएम राकेश यादव का अभिनंदन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अतिथि देवो भवः की परंपरा का अनुपालन करते हुए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ की सक्रिय महिला सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने आज, रविवार 07 अगस्त 2022 को स्टेट बैंक रायपुर अंचल प्रमुख राकेश यादव उप महाप्रबंधक महोदय से, पदभारग्रहण पश्चात सौजन्य भेंट के दौरान पटका पहना, चंदन रोली लगा पुष्पगुच्छ दे उनका अभिनंदन किया गया। तदउपरान्त आशीर्वाद स्वरुप उन्हें यादवों के इष्टदेव कृष्णजी के छायाचित्र रूपी स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि हमारे नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ मूल रूप से राजस्थान के हैं एवं संयोगवश राकेश यादव की जन्मस्थली भी झुंझुनू ही है। ज्ञात हो कि राकेश यादव, एलएचओ भोपाल से स्थानांतरित होकर रायपुर आए हैं। अपने उदबोधन में उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से अपील की कि वे स्टेट बैंक की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले कर जरूरतमंदों तक सकारात्मक सूचनाएं पहुंचाएं। विशेषकर शिक्षा ऋण के माध्यम से यादव समाज के अशिक्षित तबके एवं अंतिम व्यक्ति तक का उन्नयन करें । ह्य




## सुकमा के रेगड़गट्टा में अज्ञात बीमारी से दम तोड़ते ग्रामीणों के लिए शासन की असंवेदनशीलता कांग्रेस की कार्यप्रणाली को दशाती है : नंद कुमार साय

### हर घर तिरंगा और घर घर तरंग कैसे पहुंचाया जाए, भाजपा कार्यकर्ताओं से बैठक कर दी समझाईस

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भाजपा के वरिष्ट नेता अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद नंद कुमार साय ने कोण्डागांव दौरे के दौरान पत्रकार वार्ता में आजादी के 75वीं वर्षगाँठ पर अमृत महोत्सव मनाते हुए, हर घर तिरंगा और घर घर तिरंगा कैसे पहुंचाया जाए। साथ ही भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से हर क्षेत्र में विफल रही है। बेरोजगारी भत्ता, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया जो अब तक पूरा नहीं हुआ है, शराब बंदी के लिए हांथ में गंगा जल लेकर कसम खाया की सरकार बनते ही पूर्णरुप से शराब बंदी होगी जबकि सरकार खुद ऑनलाइन डिलिवरी के माध्यम से शराब बिक्री कर रही है। किसानों का धान पूर्णरूप से खरीदा नही जा रहा है। सरकार बारदाना उपलब्ध नहीं करा पा रही है, किसानों को हर तरह से छला जा रहा है, मक्का प्रोसेसिंग प्लांट कोण्डागांव के किसानों को मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगवाने के नाम पर सहभागिता के रूप में राशि ली गई थी जो लगभग 4 साल हो गए है। अभी तक सरकार ने प्लांट लगाने की शुरुआत भी नही की है जिससे जिले के समस्त किसान हताश है।

आदिवासियों पर अत्याचार केशकाल के ओडारगांव में प्रेम प्रसंग रहे आदिवासी लड़के लड़की को निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाया गया यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। इस घटना में सरकार ने किसी भी प्रकार की पीड़ति महिला पुरुष को ना मिलने की कोशिश की गई ना उनको किसी भी प्रकार का अनुदान दिया गया। इस तरह कई प्रकार से सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है इस विफल सरकार को घेरने के लिए भाजपा के वरिष्ट नेतृत्व के द्वारा कमेटी गठन कर सरकार की विफलताओं को उजागर करेंगे।

इस प्रेसवार्ता के दौरान मुख्यरूप से भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य लता उसेंडी, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन, जसकेतु उसेंडी, दयाराम पटेल, जैनेंद्र ठाकुर, दिलावर कपाड़िया, संतोष पात्र, बंटी नाग, महेंद्र पारख, पप्पू जैन, सनिल भंसाली, यतिंद्र सलाम, धनसूदास, अविनाश सोरी, देवेंद्र मौर्य एवं अन्यकार्यकर्तागण उपस्थित रहे।


# न्याय का नया अध्याय

## सार्वभौम पीडीएस



## अतिरिक्त खाद्यान्न चावल का निःशुल्क वितरण

## सितंबर 2022 तक



संवाद-33382/1

**श्री भूपेश बघेल**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403